रजिस्ट्री सं. डी. एल.—33001/97

REGISTERED NO. D. L.—33001/97

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 34] नई दिल्ली, शनिवार, अगस्त 23, 1997/ भाद्र 1, 1919

No. 34] NEW DELHI, SATURDAY, AUGUST 23, 1997/BHADRA 1, 1919

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a Separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-Section (ii)

भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं

Statutory Orders and Notifications Issued by the Ministries of the Government of India (Other than the Ministry of Defence)

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, 30 जुलाई, 1997

का.आ. 2062.—सरकारी भवन (अनाधिकृत कब्जे की बेदखली) अधिनियम, 1971 (1971 का 40) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा नीचे सारणी के कालम (1) में उल्लिखित अधिकारी को, भारत सरकार का राजपत्रित अधिकारी होने के कारण, उक्त अधिनियम के प्रयोजनार्थ सम्पदा अधिकारी के पद पर नियुक्त करती है और एतद्द्वारा यह निदेश देती है कि उपर्युक्त अधिकारी उक्त सारणी के कालम (2) में विनिर्दिष्ट सरकारी भवनों की श्रेणियों के संबंध में उपर्युक्त अधिनियम के अन्तर्गत सम्पदा अधिकारियों को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिए गए कार्यों का निर्वहन करेगा—

सारणी

नाम तथा रैंक	सरकारी भवनों की श्रेणियां
श्री बेल प्रसाद गुरुंग, उप समादेष्टा, महानिदेशालय, असम राइफल्स, शिलांग-793 011	भारत के राजपत्र, भाग-II, खण्ड-3, उप-खण्ड (ii) में का.आ. 2507 दिनांक 20 अगस्त, 1996 द्वारा अधिसूचित किए जा चुके भवनों के अतिरिक्त त्रिपुरा राज्य में असम राइफल्स के नियंत्रणाधीन सभी सरकारी भवन।

[फा. सं. II/27013/32/96-पी.एफ-V]

निर्मला देव, डैस्क अधिकारी (पी. एफ.-V)

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

New Delhi, the 30th July, 1997

S.O. 2062.—In exercise of powers conferred by Section 3 of the Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupation) Act-1971 (40 of 1971) the Central Government hereby appoints the officer mentioned in the Column (1) of the table below, being a gazetted Officer of the Government of India, to be Estate Officer for the purpose of the said Act and hereby directs that the said officer shall exercise the powers conferred, and perform the duties imposed, on Estate Officers under the said Act in respect of the Categories of Public Premises specified in column (2) of the said table:—

TABLE

Name and rank	Categories of public premises
Shri Bel Prasad Gurung Deputy Commandant Directorate General Assam Rifles Shillong-793011	All public premises held on charge of Assam Rifles in the State of Tripura in addition to premises already notified in Gazette of India Part-II Section 3 Sub Section (ii) S.O. 2507 dated 20 August, 1996.

[F. No. II/27013/32/96 PF-V]

NIRMALA DEV, Desk Officer (PF-V)

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 29 जुलाई, 1997

स्टाम्प

का०आ० 2063.—भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) की धारा 9 की उपधारा (1) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उस शुल्क को माफ करती है जो पंजाब नैशनल बैंक, नई दिल्ली द्वारा 15 जनवरी, 1997 को आबंटित किए गए मात्र एक सौ नवासी करोड़, अट्ठानवे लाख और बीस हजार रुपए के कुल मूल्य के दस-दस हजार रुपए मूल्य के 199927 से 389908 तक की विशिष्ट संख्या वाले अप्रतिभूत गौण विमोच्य बंध-पत्रों (निश्चित दर वाले) के रूप में वर्णित प्रोमिसरी नोटों के स्वरूप वाले बंधपत्रों पर उक्त अधिनियम के तहत प्रभार्य है।

[सं०-21/97-स्टाम्प/फा०सं०-14/2/97-वि क]

एस० कुमार, अवर सचिव

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Revenue)

ORDER

New Delhi, the 29th July, 1997

STAMPS

S.O. 2063.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of Section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899), the Central Government hereby remits the duty with which the bonds in the nature of promissory notes described as Unsecured Subordinated Redeemable Bonds (Fixed Rate) of the value of Rupees ten thousand each bearing distinctive numbers 199927 to 389908 aggregating to Rupees One hundred eighty nine crores, ninety eight lakhs and twenty thousand only allotted on 15th January, 1997 by the Punjab National Bank, New Delhi are chargeable under the said Act.

[No. 21/97-Stamps/F. No. 14/2/97-ST]

S. KUMAR, Under Secy.

कार्यालय आयुक्त, केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क,

इन्दौर, 31 जुलाई, 1997

का०आ० 2064.—श्री वी०के० वेखन्डे, अधीक्षक, समूह "ख", केन्द्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय, इन्दौर स्वेच्छा से सेवा निवृत्ति पर दिनांक 01-06-97 को पूर्वान्ह में शासकीय सेवा से निवृत्त हुए।

[का०सं० II (3) 9-गोप/93/3466]

अशोक कुमार गुप्ता, उप आयुक्त (कार्मिक एवं सतर्कता

OFFICE OF THE COMMISSIONER, CUSTOMS AND CENTRAL EXCISE

Indore, the 31st July, 1997

S.O. 2064.—Shri V. K. Wekhande, Supdt. Central Excise Group 'B' of Indore Commissionerate, on voluntary retirement, retired from Government Service on 01-06-97 in the forenoon.

[F. No. II(3)9-Con/93/3466]

ASHOK KUMAR GUPTA, Dy. Commissioner (P&V)

इन्दौर, 31 जुलाई, 1997

का०आ० 2065—श्री आर०बी० गुप्ता, अधीक्षक, समूह "ख" केन्द्रीय उत्पाद शुल्क आयुक्तालय, इन्दौर निर्वतन आयु प्राप्त करने पर दिनांक 30-06-97 को अपरान्ह में शासकीय सेवा से निवृत्त हुए।

[फा० सं० II (3) 9-गोप/93/3465]

अशोक कुमार गुप्ता, उप आयुक्त (कार्मिक एवं सतर्कता)

Indore, the 31st July, 1997

S.O. 2065.—Shri R. B. Gupta, Supdt. Central Excise Group 'B' of Indore Commissionerate, having attained the age of Superannuation retired from Government Service on 30-06-97 in the afternoon.

[F. No. II(3)9-Con/93/3465]

ASHOK KUMAR GUPTA, Dy. Commissioner (P&V)

अधिसूचना संख्या 01/1997

नागपुर, 4 अगस्त, 1997

का०आ० 2066.—श्री जे०डी० अपराजित अधीक्षक, (निवारक), केन्द्रीय उत्पाद शुल्क समूह "ख" आयुक्तालय नागपुर का दिनांक 25 जून, 1997 को देहान्त हो गया है।

[फा० सं० II (3) 3/95/स्था०-I]

आर०जे० बेले, अपर आयुक्त (कार्मिक एवं सतर्कता)

NOTIFICATION NO. 01/1997

Nagpur, the 4th August, 1997

S.O. 2066.—Shri J. D Aparajit, Superintendent (Preven-Group 'B' Central Excise Commissionerate, Nagpur expired on 25-6-1997.

[C. No. II(3)3/95/Estt.I]

R. J. BELEY, Addl. Commissioner (P&V)

आदेश

नई दिल्ली, 31 जुलाई, 1997

स्टाम्प

का०आ० 1067.—भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) की धारा 9 की उप-धारा (1) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उस शुल्क को माफ करती है जो ग्रामीण विद्युतीकरण निगम, नई दिल्ली द्वारा प्रोमिसरी नोटों के रूप में निम्नोक्त प्रकार के वर्णित बांडों पर उक्त अधिनियम के तहत प्रभार्य है,—

(क) 29-3-96 को आबंटित किए गए मात्र तीस हजार रुपये के समग्र मूल्य के प्रत्येक दस-दस हजार रु० के 400001 से 400003 तक की विशिष्ट संख्या वाले 10.50% कर-मुक्त आर. ई. सी. बांड-2004;

(ख) 29-3-96 को आबंटित किए गए मात्र इक्यावन लाख रुपये के समग्र मूल्य के प्रत्येक एक-एक लाख रु० के 500001 से 500051 तक की विशिष्ट संख्या वाले 10.50% कर मुक्त आर०ई०सी० बांड-2004;

(ग) 29-6-96 को आबंटित किए गए मात्र अड़सठ करोड़ पचास लाख रुपए के समग्र मूल्य के प्रत्येक पचास-पचास लाख रु० के 600001 से 600137 तक की विशिष्ट संख्या वाले 10.50% कर-मुक्त आर०ई०सी० बांड-2004;

(घ) 13-9-96 को आबंटित किए गए मात्र पैंतीस करोड़ रुपए के समग्र मूल्य के प्रत्येक एक-एक हजार रुपए के 1001 से 1300 तक, प्रत्येक एक-एक लाख रुपए के 2001 से 2197 तक, प्रत्येक पचास-पचास लाख रुपए के 5001 से 5066 तक की विशिष्ट संख्या वाले 13.85% आर०ई०सी० बांड-2006 (***[-श्रृंखला)

(ङ) मार्च, 1996 को आबंटित किए गए मात्र छह लाख बानवे हजार रुपए के समग्र मूल्य के प्रत्येक एक-एक हजार रु० के 1001 से 1692 तक की विशिष्ट संख्या वाले 14% आर०ई०सी० बांड-2006,

(च) मार्च, 1996 को आबंटित किए गए मात्र छह करोड़ इक्यासी लाख रुपए के समग्र मूल्य के प्रत्येक एक-एक लाख रुपए के 2001 से 2681 तक की विशिष्ट संख्या वाले 14% आर०ई०सी० बांड-2006;

(छ) मार्च, 1996 को आवंटित किए गए मात्र सैंतीस करोड़ रुपए के समग्र मूल्य के प्रत्येक पचास-पचास लाख रु. के 5001 से 5074 तक की विशिष्ट संख्या वाले 14% आर.ई.सी. बांड-2006,

(ज) 27-3-97 को आवंटित किए गए मात्र एक सौ पचास करोड़ रुपए के समग्र मूल्य के प्रत्येक एक-एक लाख रुपये के 400001 से 400150 तक तथा प्रत्येक पचास-पचास लाख रुपए के 500001 से 500297 तक विशिष्ट संख्या वाले 9.15% कर मुक्त आर.ई.सी. बांड-2004 (XXXII-श्रृंखला)।

[सं. 32/97 स्टा. फा. सं. 14/22, 29, 40/96-वि. क./फा. सं. 14/10/97-वि.क.]

एस. कुमार, अवर सचिव

ORDER

New Delhi, the 31st July, 1997

STAMPS

S.O. 2067.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of Section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899), the Central Government hereby remits the duty with which the bonds in the nature of promissory notes described as :—

(a) 10.50 per cent Tax-free REC Bonds-2004 bearing distinctive numbers 400001 to 400003 of Rupees ten thousand each aggregating to Rupees thirty thousand only allotted on 29-3-96 ;

(b) 10.50 per cent Tax-free REC Bonds-2004 bearing distinctive numbers 500001 to 500051 of Rupees one lakh each aggregating to Rupees fifty one lakhs only allotted on 29-3-96 ;

(c) 10.50 per cent Tax-free REC Bonds-2004 bearing distinctive numbers 600001 to 600137 of Rupees fifty lakhs each aggregating to Rupees sixty eight crores fifty lakhs only allotted on 29-6-96 ;

(d) 13.85 per cent REC Bonds-2006 (XXXI Series) bearing distinctive numbers from 1001 to 1300 of rupees one thousand each from 2001 to 1297 of rupees one lakh each, from 5001 to 5066 of Rupees fifty lakh each aggregating to Rupees thirty five crores only allotted on 13-9-96 ;

(e) 14 per cent REC Bonds-2006 bearing distinctive numbers 1001 to 1692 of Rupees one thousand each aggregating to Rupees six lakhs ninety two thousands only allotted in March, 1996 ;

(f) 14 per cent REC Bonds-2006 bearing distinctive numbers 2001 to 2681 of Rupees one lakh each aggregating to Rupees six crore eighty one lakhs only allotted in March 1996 ;

(g) 14 per cent REC Bonds-2006 bearing distinctive numbers 5001 to 5074 of Rupees fifty lakh each aggregating of Rupees thirty seven crores only allotted in March, 1996 ; and

(h) 9.25 per cent Tax-free REC Bonds-2004 (XXXII-Series) bearing distinctive numbers from 400001 to 400150 of Rupees one lakh each and from 500001 to 500297 of Rupees fifty lakh each aggregating to Rupees one hundred fifty crores only allotted on 27-3-97.

by the Rural Electrification Corporation Limited, New Delhi, are chargeable under the said Act.

[No. 32/97-Stamps-F. No. 14/22, 29, 40/96-ST &
F. No. 14/10/97-ST]
S. KUMAR, Under Secy.

आदेश

नई दिल्ली, 31 जुलाई, 1997

स्टाम्प

का.आ. 2068.—भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) की धारा 9 की उपधारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उस शुल्क को माफ करती है जो कि एच एम टी लिमिटेड, बंगलौर द्वारा जारी मात्र तीन करोड़ चौसठ लाख रु० के कुल मूल्य के निम्नांकित प्रकार से वर्णित प्रत्येक एक-एक लाख रु० के प्रोमिसरी नोटों के स्वरूप वाले बांडों पर उक्त अधिनियम के तहत प्रभार्य है

(1) 5 फरवरी, 1996 को आवंटित 56058 से 56072 तक की विशिष्ट संख्या वाले एच एम टी (कर-योग्य) बांड-श्रृंखला बी 1(एफ) ; और

(2) 5 फरवरी, 1996 को आवंटित 56371 से 56620 तक की विशिष्ट संख्या वाले एच एम टी (कर-योग्य) बांड-श्रृंखला बी 1(जी) ; और

(3) 5 फरवरी, 1996 को आवंटित 54005 से 54103 तक की विशिष्ट संख्या वाले एच एम टी (कर-योग्य) बांड-श्रृंखला बी 1(बी)।

[सं. 22/97-स्टाम्प/फा. सं. 11/18/96-वि.क.प्र.]

एस. कुमार, अवर सचिव

ORDER

New Delhi, the 31st July, 1997

STAMPS

S.O. 2068.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899), the Central Government hereby remits the duty with which the bonds in the nature of Promissory Notes of rupees one lakh each, described as.—

(a) HMT (Taxable) Bonds—Series B1(F) bearing distinctive numbers 56058 to 56072 allotted on 5th February, 1996 ; and

(b) HMT (Taxable) Bonds—Series B1(G) bearing distinctive numbers 56371 to 56620 allotted on 5th February, 1996 ; and

(c) HMT (Taxable) Bonds—Series B1(B) bearing distinctive numbers 54005 to 54103 allotted on 5th February, 1996.

Aggregating to rupees three crores sixty four lakhs only issued by HMT Limited, Bangalore are chargeable under the said Act.

[No. 22/97-Stamps/F. No. 14/18/96-ST]
S. KUMAR, Under Secy.

आदेश

नई दिल्ली, 31 जुलाई, 1997

स्टाम्प

का.आ. 2069.—भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) की धारा 9 की उप धारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उस शुल्क को माफ करती है जो पंजाब राज्य औद्योगिक विकास निगम, चण्डीगढ़ द्वारा जारी किए गए निम्न प्रकार वर्णित प्रोमिजरी स्वरूप वाले बांडों पर उक्त अधिनियम के तहत प्रभार्य है :—

(क) 1 से 2540 तक की विशिष्ट संख्या वाले 1-1 लाख रु. मूल्य के मात्र पच्चीस करोड़ चालीस लाख रु. के समग्र मूल्य के 16 प्रतिशत करार्धेय पं.रा.औ.वि.नि.—बांड-2001 (1996—पहली श्रृंखला) ;

(ख) 2541 से 5000 तक की विशिष्ट संख्या वाले 1–1 लाख रु. मूल्य के मात्र चौबीस करोड़ साठ लाख रु. के समग्र मूल्य के 16 प्रतिशत कराधेय पं.रा.औ. वि.नि. बांड-2001 (1996—दूसरी श्रृंखला) ;

(ग) 5001 से 10000 तक की विशिष्ट संख्या वाले 1–1 लाख रु. मूल्य के मात्र पचास करोड़ रु. के समग्र मूल्य वाले 16 प्रतिशत कराधेय पं.रा.औ.वि.नि. बांड-2001 (1996—तीसरी श्रृंखला);

(घ) 0001 से 4390 तक की विशिष्ट संख्या वाले 1–1 लाख रु. मूल्य के मात्र तितालीस करोड़ नब्बे लाख रु. के समग्र मूल्य के 13.5 प्रतिशत कराधेय प.रा.औ. वि.नि. बांड - 2001 (7 वर्षीय) (1994—पहली तथा तीसरी श्रृंखला); और

(ङ) 4391 से 6890 तक की विशिष्ट संख्या वाले 1–1 लाख रु. मूल्य के मात्र पच्चीस करोड़ रु. मूल्य के समग्र मूल्य वाले 13 प्रतिशत कराधेय पं. रा. औ. वि. नि. बांड 2001 (7 वर्षीय) (1994–तीसरी श्रृंखला)।

[सं० 23/97–स्टाम्प/फा.सं. 14/26/96–वि.क.]
एस. कुमार, अवर सचिव

ORDER

New Delhi, the 31st July, 1997

STAMPS

S.O. 2069.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 9 of the Indian Stamp Act, 1999), the (2 of 1899), Central Government hereby remits the duty with which the bonds in the nature of promissory note described as :—

(a) 16% Taxable PSIDC Bonds-2001 (1996-1st Series bearing distinctive numbers from 1 to 2540 of rupees one lakh each aggregating to rupees twenty five crore forty lakhs only;

(b) 16% Taxable PSIDC Bonds—2001 (1996-IInd Series) bearing distinctive numbers from 2541 to 5000 of rupees one lakh each aggregating to rupees twenty four crore sixty lakhs only;

(c) 16% Taxable PSIDC Bonds-2001 (1996-IIIrd Series) bearing distinctive numbers from 5001 to 10000 of rupees one lakh each aggregating to rupees fifty crores only;

(d) 13.5% Taxable PSIDC Bonds-2001 (7 years) (1994-Ist & IInd Series) bearing distinctive numbers from 0001 to 4390 of rupees one lakh each aggregating to rupees forty three crore ninety lakhs only; and

(e) 13% Taxable PSIDC Bonds-2001 (7 years) (1994-IIIrd Series) bearing distinctive numbers from 4391 to 6890 of rupees one lakh each aggregating to rupees twenty five crore only.

issued by the Punjab State Industrial Development Corporation Limited, Chandigarh are chargeable under the said Act.

[No. 23/97-Stamps/F. No. 14/26/96-ST]
S. KUMAR, Under Secy.

आदेश

नई दिल्ली, 31 जुलाई, 1997

स्टाम्प

का.आ. 2070.—भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) की धारा 9 की उपधारा (1) के खण्ड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उस शुल्क को माफ करती है जो प्रोमिसरी नोटों के स्वरूप के निम्नानुसार वर्णित :—

(i) 00001 से 25000 तक की विशिष्ट संख्या वाले एक-एक लाख रु. मूल्य के केवल दो सौ पचास करोड़ रु. के समग्र मूल्य के 10.5 प्रतिशत कर-मुक्त सुरक्षित विमोच्य पीएफसी बांड; और

(ii) 1000001 से 152500 तक की विशिष्ट संख्या वाले मात्र तीन सौ पांच करोड़ रु. मूल्य के 10.5 प्रतिशत कर-मुक्त विमोच्य बांड—2004-श्रृंखला VII विद्युत वित्त निगम लि., नई दिल्ली द्वारा आवंटित किए गए बांडों पर उक्त अधिनियम के तहत प्रभार्य है।

[सं. 30/97–स्टाम्प/फा.स. 14/31/96–वि.क./14/16/97–वि.क.]
एस. कुमार, अवर सचिव

ORDER

New Delhi, the 31st July, 1997

STAMPS

S.O. 2070.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899), the Central Government hereby remits the duty with which the bonds in the nature of promissory notes described as,—

(a) 10.5% Tax-free Secured Redeemable PFC Bonds bearing distinctive numbers from 00001 to 25000 of rupees one lakh each of the aggregate value of rupees two hundred fifty crores only; and

(b) 10.5% Tax-free Secured Redeemable Bonds-2004-(Series-VII) bearing distinctive numbers from 1000001 to 152500 aggregating to rupees three hundred five crores only.

allotted by the Power Finance Corporation Limited, New Delhi are chargeable under the said Act.

[No. 30/97-Stamps/F. No. 14/31/96-ST & 14/16/97-ST]
S. KUMAR, Under Secy.

आदेश

नई दिल्ली, 31 जुलाई, 1997

स्टाम्प

का.आ. 2071.—भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (1899 का 2) की धारा 9 की उपधारा (1) के खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा उस शुल्क को माफ करती है जो भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि., नई दिल्ली द्वारा निम्नलिखित के रूप में वर्णित प्रोमिसरी नोटों के रूप में बंधपत्रों पर उक्त अधिनियम के अन्तर्गत प्रभार्य है :—

(क) दिनांक 1-6-1995 को आवंटित किए गए 21 करोड़ 28 लाख रुपए के कुल मूल्य के 01 से 212800 तक की विशिष्ट संख्या वाले 14.5/15 प्रतिशत असुरक्षित कर-योग्य बंधपत्र (एमवी श्रृंखला-VI);

(ख) दिनांक 7-8-1995 को आवंटित किए गए 23 करोड़ 39 लाख रु. के कुल मूल्य के 01 से 233900 तक की विशिष्ट संख्या वाले 15.5 प्रतिशत असुरक्षित कर-योग्य बंधपत्र (एमवी श्रृंखला-VII);

(ग) दिनांक 5-9-95 को आवंटित किए गए 38 करोड़ 39 लाख रु. के कुल मूल्य के 000001 से 383900 तक की विशिष्ट संख्या वाले 15.75 प्रतिशत असुरक्षित कर-योग्य बंधपत्र (एमवी श्रृंखला-VIII);

(घ) दिनांक 16-11-95 को आवंटित किए गए 17 करोड़ 52 लाख रु. के कुल मूल्य के 0000 से 175200 तक की विशिष्ट संख्या वाले 16 प्रतिशत असुरक्षित कर-योग्य बंधपत्र (एमबी श्रृंखला-IV);

(ङ) दिनांक 25-3-96 को आवंटित किए गए 21 करोड़ 65 लाख 62 हजार रु. के कुल मूल्य के 0 से 216562 तक की विशिष्ट संख्या वाले 16.5 प्रतिशत असुरक्षित कर-योग्य बंधपत्र (एमबी श्रृंखला-X);

(च) दिनांक 4-6-96 को आवंटित किए गए 82 करोड़ 84 लाख 50 हजार रु. के कुल मूल्य के 1 से 828450 तक की विशिष्ट संख्या वाले 18 प्रतिशत असुरक्षित कर-योग्य बंधपत्र (एमबी श्रृंखला-XI); और

(छ) दिनांक 18-2-97 को आवंटित किए गए 78 करोड़ 59 लाख रु. के कुल मूल्य के 1 से 7859 तक की विशिष्ट संख्या वाले 16 प्रतिशत असुरक्षित कर योग्य बंधपत्र (एमबी श्रृंखला-XIII)

[सं. 31/97-स्टा./फा.सं. 33/47/95-वि.क.]

एस कुमार, अवर सचिव

ORDER

New Delhi, the 31st July, 1997

STAMPS

S.O. 2071.—In exercise of the powers conferred by clause (a) of sub-section (1) of section 9 of the Indian Stamp Act, 1899 (2 of 1899), the Central Government hereby remits the duty with which the bonds in the nature of promissory notes described as,—

(a) 14.5%/15% Unsecured Taxable Bonds (MB Series-VI) bearing distinctive numbers from 01 to 212800 aggregating to rupees twenty one crore twenty eight lakhs only allotted on 1-6-1995;

(b) 15.5% Unsecured Taxable Bonds (MB Series-VII) bearing distinctive numbers from 01 to 233900 aggregating to rupees twenty three crore thirty nine lakhs only allotted on 7-8-1995;

(i) 15.75% Unsecured Taxable Bonds (MB Series-VIII) bearing distinctive numbers from 000001 to 383900 aggregating to rupees thirty eight crore thirty nine lakhs only allotted on 5-9-1995;

(d) 16% Unsecured Taxable Bonds (MB Series-IX) bearing distinctive numbers from 00000 to 175200 aggregating to rupees seventeen crore fifty two lakhs only allotted on 16-11-1995;

(e) 16.5% Unsecured Taxable Bonds (MB Series-X) bearing distinctive numbers from 0 to 216562 aggregating to rupees twenty one crore sixty five lakh sixty two thousand only allotted on 25-3-1996;

(f) 18% Unsecured Taxable Bonds (MB Series-XI) bearing distinctive numbers from 1 to 828450 aggregatting to rupees eighty two crore eighty four lakh fifty thousand only allotted on 4-6-1996; and

(g) 16% Unsecured Taxable Bonds (MB Series-XIII) bearing distinctive numbers from 1 to 7859 aggregating to rupees seventy eight crore fifty nine lakhs allotted on 18-2-1997.

by Tourism Finance Corporation of India Limited, New Delhi are chargeable under the said Act.

[No 31/97-Stamps/F No. 33/47/95-ST]

S. KUMAR, Under Secy.

अधिसूचना संख्या: 02/1997

नागपुर, 4 अगस्त, 1997

का० आ० 2072.—श्री बी० के० घाडखन्दे, अधीक्षक, एवं श्री एम० जे० चंदने, अधीक्षक, केन्द्रीय उत्पाद, शुल्क आयुक्तालय, नागपुर निदर्तन की आयु प्राप्त करने दिनांक 31-07-97 को अपराह्न में शासकीय सेवा से निवृत्त हुए हैं।

[फा.सं० 11(3)3/95/स्था०]

आर०जे० बेले, अवर आयुक्त (कार्मिक एवं सतर्कता)

NOTIFICATION NO. 02/1997

Nagpur, the 4th August, 1997

S.O. 2072.—Shri B. K. Ghodkhande, Superintendent and Shri M. J. Chandane, Superintendent, Central Excise, Nagpur Commissionerate having attained the age of superannuation retired from Government service on 31-07-1997 in the afternoon.

[C. No. II(3)3/95/Estt.I]

R. J. BELEY, Addl. Commissioner (P&V)

आदेश

नई दिल्ली, 7 अगस्त, 1997

का.आ. 2073.—अतः संयुक्त सचिव, भारत सरकार जिन्हें विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी निवारण अधिनियम, 1974 (1974 का 52) की धारा 3 की उप-धारा (1) के अन्तर्गत विशेष रूप से शक्ति प्रदान की गई है, ने उक्त उप-धारा के अधीन आदेश फाइल सं. 673/50/96-सी-यू-एस-VIII दिनांक 23/8/96 को जारी किया और यह निर्देश दिया कि श्री रविन्द्र रस्तोगी पता 59-उदय पार्क, न्यू देहली को निरुद्ध कर लिया जाए और केन्द्रीय कारागार, तिहाड़, नई दिल्ली, में अभिरक्षा में रखा जाए जिससे कि उन्हें भविष्य में माल की तस्करी करने से रोका जा सके।

2. अतः केन्द्रीय सरकार के पास यह विश्वास करने का कारण है कि पूर्वोक्त व्यक्ति फरार हो गया है या स्वयं को छिपा रखा है जिससे कि यह आदेश निष्पादित नहीं किया जा सकता।

3. अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा पूर्वोक्त व्यक्ति को यह निर्देश देती है कि वह शासकीय राजपत्र में इस आदेश के प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर पुलिस आयुक्त नई दिल्ली के सम्मुख उपस्थित हो।

[फा. सं. 673/50/96/सी.यू.एस.VIII]

जमना दास, अवर सचिव

ORDER

New Delhi, the 7th August, 1997

S.O. 2073.—Whereas the Joint Secretary to the Government of India, specially empowered under sub-section (1) of section 3 of the Conservation of Foreign Exchange & Prevention of Smuggling Activities Act, 1974 (52 of 1974), issued Order F. No. 673/50/96-Cus. VIII dated 23-8-96 under the said sub-section directing that Shri Ravindra Rastogi, 59, Pday Park, New Delhi be detained and kept in custody in the Central Prison, Tihar, New Delhi with a view to preventing him from Smuggling goods in future.

2. Whereas the Central Government has reasons to believe that the aforesaid person has absconded or has been concealing himself so that the order cannot be executed.

3. Now, therefore, in exercise of the power conferred by clause (b) of sub-section (1) of Section 7 of the said Act, the Central Government hereby directs the aforesaid person to appear before the Commissioner of Police, New Delhi within 7 days of the publication of this order in the official Gazette.

[F. No. 673/50/96 Cus. VIII]
JAMNA DASS, Under Secy.

सेन्ट्रल इकॉनॉमिक इन्टेलीजेंस ब्यूरो

आदेश

नई दिल्ली, 11 अगस्त, 1997

का.आ. 2074—अतः संयुक्त सचिव, भारत सरकार जिन्हें विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी निवारण अधिनियम, 1974 (1974 का 52) की धारा 3 की उपधारा (1) के अन्तर्गत विशेष रूप से शक्ति प्रदान की गई है, ने उक्त उप-धारा के अधीन आदेश फाइल सं. 673/96-सीयूएस-VIII दिनांक 12-2-96 को जारी किया और यह निर्देश दिया कि श्री विनोद कुमार चावला सुपुत्र मनोहर लाल चावला, पता: ई-526, ग्रेटर कैलाश-II, नई दिल्ली को निरुद्ध कर लिया जाए और केन्द्रीय कारागार, तिहाड़, नई दिल्ली में अभिरक्षा में रखा जाए जिससे कि उन्हें भविष्य में माल की तस्करी करने से रोका जा सके।

2. अतः केन्द्रीय सरकार के पास यह विश्वास करने का कारण है कि पूर्वोक्त व्यक्ति फरार हो गया है या स्वयं को छिपा रखा है जिससे कि यह आदेश निष्पादित नहीं किया जा सकता।

3. अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा पूर्वोक्त व्यक्ति को यह निदेश देती है कि वह शासकीय राजपत्र में इस आदेश के प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर पुलिस आयुक्त, नई दिल्ली के सम्मुख उपस्थित हो।

[फा. सं. 673/19/96/सी.यू एस.-VIII]
जमना दास, अवर सचिव

CENTRAL ECONOMIC INTELLIGENCE BUREAU

ORDER

New Delhi, the 11th August 1997

S.O. 2074.—Whereas the Joint Secretary to the Government of India, specially empowered under sub-section (1) of Section 3 of the Conservation of Foreign Exchange and Prevention of Smuggling Activities Act, 1974 (52 of 1974) issued order F. No. 673/19/96-Cus. VIII dated 12-2-96 under the said sub-section directing that Shri Vinod Kumar Chawla S/o Late Shri Moolchand Chawla R/o E-526, Greater Kailash-II, New Delhi be detained and kept in custody in the Central Prison, Tihar, New Delhi with a view to preventing him from Smuggling of goods in future.

2. Whereas the Central Government has reasons to believe that the aforesaid person has absconded or has been concealing himself so that the order cannot be executed.

3. Now, therefore, in exercise of the power conferred by clause (b) of sub-section (1) of Section 7 of the said Act, the Central Government hereby directs the aforesaid person to appear before the Commissioner of Police, New Delhi within 7 days of the publication of this order in the Official Gazette.

[F. No. 673/19/96-Cus. VIII]
JAMNA DASS, Under Secy.

आदेश

नई दिल्ली, 11 अगस्त, 1997

का०आ० 2075.—अतः संयुक्त सचिव, भारत सरकार जिन्हें विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी निवारण अधिनियम, 1974 (1974 का 52) की धारा 3 की उपधारा (1) के अन्तर्गत विशेष रूप से शक्ति प्रदान की गई है, ने उक्त उप-धारा के अधीन आदेश फाइल सं० 673/96-सी-यू-एस० — दिनांक 12-8-96 को जारी किया और यह निर्देश दिया कि श्री मोहम्मद रफीक @रफीक मौलाना पता-2330 (तीसरा तल) साहनी भवन, कुच्चा चालान, दरियागंज-नई दिल्ली को निरुद्ध कर लिया जाए और केन्द्रीय कारागार, तिहाड़, नई दिल्ली में अभिरक्षा में रखा जाए जिससे कि उन्हें भविष्य में माल की तस्करी का दुष्प्रेरण करने से रोका जा सके।

2. अतः केन्द्रीय सरकार के पास यह विश्वास करने का कारण है कि पूर्वोक्त व्यक्ति फरार हो गया है या स्वयं को छिपा रखा है जिससे कि यह आदेश निष्पादित नहीं किया जा सकता।

3. अतः अब उक्त अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा पूर्वोक्त व्यक्ति को यह निदेश देती है कि वह शासकीय राजपत्र में इस आदेश के प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर पुलिस आयुक्त, नई दिल्ली के सम्मुख उपस्थित हो।

[फा०सं० 673/73/96/सी-यू-एस० VIII]
जमना दास, अवर सचिव

ORDER

New Delhi, the 11th August, 1997

S.O. 2075.—Whereas the Joint Secretary to the Government of India, specially empowered under sub-section (1) of Section 3 of the Conservation of Foreign Exchange and Prevention of Smuggling Activities Act, 1974 (52 of 1974) issued order F. No. 673/73/96-Cus. VIII dated 12-8-96 under the said sub-section directing that Shri Mohd. Rafiq q@ Raff @ Maulana R/o 2330 (IIIrd Floor), Sahni Bhavan, Kucha Chalan, Darya Ganj, New Delhi be detained and kept in custody in the Central Prison, Tihar, New Delhi with a view to preventing him from abetting the smuggling of goods.

2. Whereas the Central Government has reasons to believe that the aforesaid person has absconded or has been concealing himself so that the order cannot be executed.

3. Now, therefore, in exercise of the power conferred by clause (b) of sub-section (1) of Section 7 of the said Act, the Central Government hereby directs the aforesaid person to appear before the Commissioner of Police, New Delhi within 7 days of the publication of this order in the Official Gazette.

[F. No. 673/73/96-Cus.VIII]
JAMNA DASS, Under Secy.

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

(सांख्यिकी विभाग)

नई दिल्ली, 7 अगस्त, 1997

का०आ० 2076.—भारतीय सांख्यिकीय संस्थान अधिनियम (सं० 57) 1959 की धारा 8, उप-धारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा 1998-99 के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों की एक समिति का गठन करती है :—

1. प्रो० जी० एस० भल्ला, अध्यक्ष
प्रोफेसर, अवकाश प्राप्त
जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय
नई दिल्ली-110067.

2. डॉ० एस०जी०के० पिल्लई, चार्टर्ड इंजीनियर एवं प्रबंध परामर्शदाता, 16-IV एवेन्यू, इन्दिरा नगर, मद्रास-600020.	सदस्य
3. प्रो० एस०के० चटर्जी, प्रोफेसर, सांख्यिकी, कलकत्ता विश्वविद्यालय, न्यू साइंस बिल्डिंग, 35, बेलीगंज, सर्कुलर रोड, कलकत्ता-19.	सदस्य
4. प्रो० के०एल० कृष्ण, प्रोफेसर, दिल्ली स्कूल आफ इकनामिक्स दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली.	सदस्य
5. प्रो० एस०बी० राव, निदेशक, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कलकत्ता. (भारतीय सांख्यिकीय संस्थान के मनोनीत)	सदस्य
6. महानिदेशक, केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन, सांख्यिकी विभाग, नई दिल्ली.	सदस्य
7. वित्तीय सलाहकार, सांख्यिकी विभाग, नई दिल्ली.	सदस्य
8. उप वित्तीय सलाहकार तथा उप सचिव, सांख्यिकी विभाग, नई दिल्ली.	सदस्य सचिव

और उक्त समिति को निम्नलिखित कार्य निर्धारित करती है :—

(1) कार्य के सम्मत कार्यक्रम (योजनागत तथा योजनेतर दोनों) की समीक्षा करना तथा संशोधन प्राक्कलन 1997-98 में प्रदान की जाने वाली राशि के संबंध में सिफारिशें करना तथा भारतीय सांख्यिकीय संस्थान को सहायता अनुदान अदा करने के लिए 1998-99 के लिए वित्तीय प्राक्कलनों के संबंध में भी सिफारिशें करना।

(2) (क) वर्ष 1998-99 के दौरान भारतीय सांख्यिकीय संस्थान कलकत्ता, द्वारा किए जाने वाले कार्य का कार्यक्रम (योजनागत तथा योजनेतर दोनों) दर्शाने वाले विवरण तथा इस प्रकार के कार्य के लिए सामान्य वित्तीय अनुमान तैयार करना और उसे केन्द्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत करना, जिसके लिए केन्द्रीय सरकार निधि की व्यवस्था करती है।

(ख) कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत रूप-रेखा निश्चित करना।

2. समिति अपनी रिपोर्ट सरकार को 31 मार्च 1998, को या इससे पहले प्रस्तुत करेगी।

3. सांख्यिकी विभाग, समिति को जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में होगा, सचिवालय सहायता प्रदान करेगा।

[सं० एम०-12011/7/96-समन्वय
एन०के० शर्मा, अवर सचिव

MINISTRY OF PLANNING AND PROGRAMME IMPLEMENTATION

(Department of Statistics)

New Delhi, the 7th August, 1997

S.O. 2076.—In exercise of the powers conferred by Sub-section (1) of Section 3 of the Indian Statistical Institute Act (No. 57 of 1959), the Central Government hereby constitutes a Committee for 1998-99 consisting of :—

1. Prof. G. S. Bhalla, Professor, Emeritus, Jawaharlal Nehru University, New Delhi-67.	Chairman
2. Dr. S. G. K. Pillai, Chartered Engineer & Management Consultant, 16-IV Avenue, Indira Nagar, Madras-600020.	Member
3. Prof. S. K. Chatterjee, Professor of Statistics, Calcutta University, New Science Building, 35, Ballygunge, Circular Road, Calcutta-19.	Member
4. Prof. K. L. Krishna, Professor, Delhi School of Economics, University of Delhi, Delhi.	Member
5. Prof. S. B. Rao, Director, Indian Statistical Institute, Calcutta, (Nominee of the ISI).	Member
6. Director General, CSO, Department of Statistics, New Delhi.	Member
7. Financial Adviser, Department of Statistics, New Delhi.	Member
8. Deputy Financial Adviser and Deputy Secretary, Department of Statistics, New Delhi.	Member- Secretary

and assigns the following duties to the said Committee, namely :—

(1) Review of the agreed programme of work (both Plan and Non-Plan) and make recommendations regarding the amount to be provided in the RE 1997-98 and also make recommendations regarding the financial estimates for 1998-99 for paying 'grant-in-aid' to the ISI.

(2)(a) Preparation and submission to the Central Government of statement showing programmes of work (both Plan and Non-Plan) agreed to be undertaken by the Indian Statistical Institute, Calcutta, during the year 1998-99 for which the Central Government may provide funds, as well as general financial estimates of such work.

(b) The settlement on broad lines of the programme of work.

2. The Committee shall submit its Report to the Government on or before 31st March, 1998.

3. The Department of Statistics shall render secretariat assistance to the Committee, the headquarters of which will be at New Delhi.

[No. M. 12011/7/96-Coord.]
N. K. SHARMA, Under Secy.

वाणिज्य मंत्रालय

आदेश

नई दिल्ली, 4 अगस्त, 1997

का.आ. 2077.—केन्द्रीय सरकार ने भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए निर्यात से पूर्व अंडा उत्पादों का क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण करने के लिए कतिपय प्रस्ताव, निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) नियम, 1964 के नियम 11 के उप नियम (2) की अपेक्षानुसार भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के आदेश सं. का.आ. 130(अ), तारीख 20 फरवरी, 1997 को राजपत्र, असाधारण, भाग II, खंड 3, उपखंड (ii) तारीख 20 फरवरी, 1997 में प्रकाशित किए गए थे,

2. और इससे प्रभावित होने वाले उन सभी व्यक्तियों से उक्त आदेश के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से पैंतालीस दिन के भीतर आक्षेप और सुझाव मांगे गए थे,

3 और उक्त राजपत्र की प्रतियां जनता को 20 फरवरी, 1997 को उपलब्ध करा दी गयी थीं,

4. और उक्त मसौदा पर जनता से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केन्द्रीय सरकार ने विचार कर लिया है,

5. और यह आवश्यक है कि क्वालिटी नियंत्रण के उच्च मापदंड और स्वास्थ्य स्तरों को यूरोपियन आर्थिक समुदाय (ईईसी) 89/437/ईईसी, तारीख 20-6-1989 और संयुक्त राष्ट्र के कृषि विभाग (यूएसडीए) के विनियमों में विहित निर्देशों का अनुपालन करते हुए सुनिश्चित किया जाए,

6. अंडा उत्पादों के उत्पादन, भंडारण और परिवहन की बाबत स्वास्थ्य संबंधी अपेक्षाएं अधिकथित की जानी चाहिए और विशिष्टतया यह महत्वपूर्ण है कि इस संबंध में स्थापनों को अनुमोदन को शासित करने वाले नियम अधिकथित किए जाएं।

7. यह भी महत्वपूर्ण है कि अंडा उत्पादों के लिए स्वास्थ्य संबंधी अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए नियम अधिकथित किए जाएं।

8. प्रसंस्करणकर्ताओं का, प्रमुखतया, यह उत्तरदायित्व होगा कि वे यह सुनिश्चित करें कि इस आदेश में अंडा उत्पाद के लिए अधिकथित स्वास्थ्य संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करते हैं और सक्षम प्राधिकारी यह देखेगा कि इस संबंध में क्वालिटी नियंत्रण निरीक्षण और मानीटरिंग की उपरिवर्णित अपेक्षाओं को पूरा करता है। क्वालिटी नियंत्रण, निरीक्षण और मानीटरिंग को शासित करने वाले ये नियम अंतरराष्ट्रीय बाजार की मांग को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हैं।

9. पदार्थों में ऐसे अपशिष्टों का जो मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, पता लगाने के लिए यदाकदा ऐसी जांच करना आवश्यक है।

10. और आयातित देशों की अपेक्षाओं के प्रति निर्देश करते हुए मानीटर करने की प्रक्रिया की बाबत ऐसे उपबंध किए जाएं जो उपरोक्त स्थितियों की समानता सुनिश्चित हो जाए।

11. अतः, केन्द्रीय सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट प्राधिकारी देश में क्वालिटी मानकों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करें।

12. अतः, अब, केन्द्रीय सरकार के निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 6 के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निर्यात निरीक्षण परिषद से परामर्श करने के पश्चात् उसकी यह राय होने पर कि भारत के निर्यात व्यापार के विकास के लिए ऐसा करना आवश्यक और समीचीन है :—

क. यह अधिसूचित करती है कि निर्यात से पूर्व अंडा उत्पाद क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के अध्यधीन रहते हुए होंगे।

ख. अंडा उत्पादों का निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण, निरीक्षण और मानीटरिंग) नियम, 1997 के अनुसार क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण के प्रकार को ऐसे क्वालिटी नियंत्रण, निरीक्षण और मानीटरिंग के रूप में विनिर्दिष्ट करना जो ऐसे अंडा उत्पादों पर, अधिसूचना में यथाविनिर्दिष्ट देशों को, निर्यात से पूर्व लागू होंगे।

ग. विनिर्देशों को मान्यता देना :—

(i) निर्यात निरीक्षण परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य निकायों के मानक तथा राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय मानक।

(ii) निर्यातक द्वारा घोषित ऐसे विनिर्देश जो क्रेता और निर्यातकर्ता के मध्य हुए निर्यात करार में तय पाए गए विनिर्देश है परन्तु यह तब जब कि वे उपरोक्त खंड (i) में विनिर्दिष्ट मानकों से निम्न मानकों के न हों;

घ किसी यूनिट द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के अनुक्रम में, जिसके अन्तर्गत यूरोपियन संघ (ई.यू.) और संयुक्त राज्य अमेरिका (यू.एस.ए.) भी सम्मिलित है, अंडा उत्पाद का निर्यात तब तक प्रतिषिद्ध होगा जब तक कि वह निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 7(1) के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण अभिकरणों द्वारा अनुमोदित और मानिटर की गयी ऐसी यूनिट द्वारा यह कथन करते हुए एक प्रमाणपत्र के साथ कि अंडा उत्पाद लागू मानकों के अनुरूप है।

13. इस आदेश की कोई भी बात भावी क्रेताओं को अंडा उत्पाद के ऐसे वास्तविक नमूनों के भूमि या समुद्र या वायु मार्ग द्वारा निर्यात पर लागू नहीं होगी जिनका मूल्य समय-समय पर आयात-निर्यात नीति में यथा अधिकथित अनुज्ञेय सीमाओं से अधिक नहीं होगा और जहां ऐसा कोई उपबंध नहीं है वहां निःशुल्क नमूनों की मूल्य सीमा 10,000/- रुपए से अधिक नहीं होगी।

14. इस आदेश में, अंडा उत्पादों से अभिप्रेत है :—

अंडों से प्राप्त किया गया वह उत्पाद, जो उसके आवरण और छिल्ली को पृथक करने से, विभिन्न संघटक और मिश्रण से प्राप्त होता है तथा जो मानव उपयोग के लिए आशयित है। वह आंशिक रूप में अन्य खाद्य पदार्थों या संयोजनों द्वारा अनुपूरित हो सकता है, जो सांद्रित, सूखा, क्रिस्टलित, प्रशीतित, द्रुतशीतित या जमे हुए रूप में हो सकता है, बढ़ाया जा सकता है।

[फा. स. 6(1)95-ईआई एण्ड ईपी]

कुमारी सुमा सुब्बण्णा, निदेशक

MINISTRY OF COMMERCE

ORDER

New Delhi, the 4th August, 1997

S.O. 2077.—Whereas, for the development of the export trade of India, certain proposals for subjecting Egg Products to quality control and Inspection prior to export, were published as required by sub-rule (2) of rule 11 of the Export (Quality Control and Inspection) Rules, 1964 in the Extraordinary Gazette of Part II, Section, 3 Sub-section (ii) dated 20th February, 1997 under the order of the Government of India in the Ministry of Commerce No. S.O. 130(E) dated 20th February 1997;

2. And, whereas, the objections and suggestions were invited from all persons likely to be affected thereby, within a period of forty five days of the date of publication of the said order in the official Gazette;

3. And whereas, the copies of the said Gazette were made available to the public on 20th day of February, 1997;

4. Whereas, the objections and suggestions received from the public on the said draft have been considered by the Central Government;

5 And whereas, it is necessary to maintain the highest quality standards and stipulate health requirements that would encompass the standards prescribed in European Economic Community (EEC) Directives 89/437/EEC dt. 20-6-1989, the United States Department of Agriculture (USDA) regulations etc.;

6. Whereas, health requirements should be laid down for the production, storage and transport of egg products; whereas, in particular, it is important that rules be laid down governing the approval of establishments;

7. Whereas, it is important also that the health requirements to be met by egg products be laid down;

8. Whereas, it is the responsibility primarily of the processors to ensure that egg products meet the health requirements laid down in this order; whereas, the competent authority must by carrying out quality control, inspection and monitoring see to it that processors comply with the above mentioned requirements; whereas, the rules governing these quality control, inspections and monitoring must take account of the demands of the international market;

9. Whereas, a random check must be made to detect the presence of residues of substances liable to be harmful to human health;

10. And, whereas, provisions should, therefore, be made for procedure for monitoring to ensure the above conditions of equivalence with reference to the requirements of the importing countries;

11. And, whereas, Central Government nominated Competent Authority should ensure the effective compliance of the quality standards in the Country;

12. Now, therefore, in exercise of the powers conferred by Section 6 of the Export (Quality Control and Inspection) Act 1963 (22 of 1963), Central Government after consulting the Export Inspection Council being of the opinion that it is necessary and expedient to do so for the development of the export trade of India, hereby;

(a) notifies that Egg products shall be subjected to quality control, inspection and monitoring prior to export.

(b) specifies the type of quality control, inspection and monitoring shall be in accordance with the Export of Egg products (Quality Control, Inspection and Monitoring) Rules, 1997 as the type of Quality Control, Inspection and Monitoring which shall be applied to such egg products prior to export, to the countries as specified, in the notification.

(c) recognises the specifications :

(i) National and International Standards and standards of other bodies recognised by the Export Inspection Council;

(ii) The specifications declared by the exporter to be the agreed specifications of the export contract between buyer and the exporter, provided that the same are not below the standard specified in clause (i) above.

(d) prohibits the export of Egg products by a unit in the course of International trade which includes European Union (EU) and United States of America (USA) unless it conforms to the standards applicable to it and is accompanied by a certificate stating that such unit is approved and monitored by the Export Inspection Agencies established under Section 7 (i) of the Export (Quality Control and Inspection) Act, 1963 (22 of 1963).

13. Nothing in this order shall apply to the export by land or sea or air of bonafide samples of egg products to prospective buyers, the value of which shall not exceed permissible limits as laid down in Exim Policy from time to time where no such provisions exist the value limit of free sample(s) shall not exceed Rs. 10,000/-.

14. In this order, Egg Products means :—products obtained from eggs, their various components or mixtures thereof man cossumption; they may be partially supplemented by after removal of the shell and membranes, intended for huother foodstuffs or addicts; they may be liquid, concentrated, dried, crystallized, frozen, quick-frozen or coagulated;

[F. No. 6/1/95-EI&EP]

KUM. SUMA SUBBANNA, Director

नई दिल्ली, 4 अगस्त, 1997

का.आ. 2078.—केन्द्रीय सरकार, निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) की धारा 17 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.—(क) इन नियमों का संक्षिप्त नाम अंडा उत्पादों का निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण तथा मानीटरिंग) नियम, 1997 होगा।

(ख) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

भाग-1 (यूरोपियन संघ (ईयू) को किए गए निर्यात पर लागू)

2. परिभाषाएं.—इस भाग में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, निम्नलिखित परिभाषाएं लागू होंगी :

(क) "अधिनियम" से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है,

(ख) "अभिकरण" से क्वालिटी नियंत्रण या निरीक्षण अथवा दोनों के लिए धारा 7 के अधीन स्थापित या मान्यता प्राप्त कोई अभिकरण अभिप्रेत है,

(ग) "बैच" में अंडा उत्पाद की वह मात्रा अभिप्रेत है जो समान अवस्थाओं के अन्तर्गत संसाधित की गई हो और जिसे विशेष रूप से माल एक ही सतत से क्रिया में रखा गया हो,

(घ) "प्रमाण-पत्र" से अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (3) के अधीन जारी किया गया ऐसा प्रमाण-पत्र अभिप्रेत है जिसमें यह कथित किया गया है कि वस्तु क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण की शर्तों के अनुरूप है,

(ङ) "सक्षम प्राधिकारी" से कोई भी निर्यात निरीक्षण अभिकरण जो मुम्बई, कलकत्ता, कोचीन, दिल्ली तथा चेन्नई में स्थापित है या कोई भी मान्यता प्राप्त अभिकरण, जो निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 की धारा 7 के अधीन मान्यता प्राप्त है अभिप्रेत है,

(च) "परेषण" से अंडा उत्पाद की ऐसी मात्रा अभिप्रेत है जो खाद्य उद्योग को अग्रिम-प्रसंस्करण के लिए एक ही गंतव्य पर पहुंचाए गए एकल परिदान के रूप में है या वह सीधे मानव उपभोग के लिए आशयित है,

(छ) "परिषद" से अधिनियम की धारा 3 के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण परिषद अभिप्रेत है,

(ज) "गंतव्य देश" से वह देश अभिप्रेत है जिसे भारत से प्रेषित किया जाता है,

(झ) "अंडा उत्पाद" से मानव उपभोग के आशय से अंडे की झिल्ली तथा उसके आवरण को पृथक करने के उपरान्त उससे प्राप्त विभिन्न संघटक या मिश्रण अभिप्रेत है। यह अंशतः अन्य खाद्य पदार्थों या अन्य संयोजनों द्वारा बढ़ाया जा सकता है जो तरल संघटित, सूखा, कणिय, प्रशीतित, तुरन्त प्रशीतित या जमा हो सकता है,

(ञ) "प्रेषक देश" से भारत अभिप्रेत है,

(ट) "संभरणकर्ता निर्यातक" से इस नियम के अधीन निर्यात हेतु अनुमोदित अंडा प्रसंस्करण प्लांट से अंडों की खरीद करने वाला निर्यातक अभिप्रेत है,

(ठ) "उत्पादन फार्म" से अंडा उत्पाद के लिए आशयित अंडे की आपूर्ति करने वाला फार्म अभिप्रेत है,

(ड) "पैकिंग" से अंडा उत्पाद को किसी भी प्रकार के पैकिंग में रखा जाना अभिप्रेत है,

(ढ) "प्लांट" से ऐसा परिसर अभिप्रेत है जहां अंडा उत्पाद प्रसंस्कृत किया जाता है,

(ण) "पेयजल" से ऐसा जल अभिप्रेत है जिसे राज्य स्वास्थ्य प्राधिकारी या अन्य अभिकरण या प्रयोगशाला द्वारा अनुमोदित किया गया है और इसे सक्षम प्राधिकारी द्वारा पीने और खाद्य प्रसंस्करण के लिए उपयुक्त होने के रूप में स्वीकार किया है।

3. अनुसरणीय आधार :— प्रसंस्करणकर्ताओं का यह सुनिश्चित करने का प्राथमिक उत्तरदायित्व होगा कि निर्यात के लिए अंडा उत्पाद को उत्पादन, भण्डारण और परिवहन के समीचरणों में उचित स्वास्थ्यकर अवस्थाओं के अधीन देखरेख व प्रसंस्करित किया गया है जिससे वे इन नियमों के अधीन अधिकथित स्वास्थ्य अपेक्षाओं को पूरा करते हैं और यह कि उत्पाद इस अधिनियम की धारा 6 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा पारित आदेश में दिए गए विनिदेशों के अनुरूप हैं।

सक्षम प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि इस खंड के पैरा 4.18 में विहित नियंत्रण उपायों के अनुसार प्लांट की नियमित मानिटरिंग द्वारा सभी प्रसंस्करणकर्ता अपेक्षाओं का अनुपालन करें। इस योजना की प्रभावी मानिटरिंग के लिए इस संबंध में समय समय पर परिषद द्वारा आवश्यक अनुदेश जारी किए जायेंगे।

4. निर्यात के लिए अंडा उत्पाद निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा :

4.1 किसी राज्य/केन्द्रीय सरकार द्वारा वाणिज्यिक/पर्यावरणीय संरक्षण उपायों के संबंध में जो समय समय पर बताए गए उपायों के सबध में अधिरोपित किसी कानूनी निर्बंधन का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

4.2 वे मुर्गी, बत्तख गुर्गाबी, टर्की, नायना फाउल या बटेर के अंडों से प्राप्त किए गए होने चाहिए, परन्तु यह विभिन्न प्रकार के अंडों का मिश्रण होना चाहिए।

4.3 उनके ऊपर या उनमें स्वतः दूसरे खाद्य पदार्थों के साथ मिलाया जाता है, अंडा अवयवों की प्रतिशतता जो उनमें से, उनके ऊपर अंकित होनी चाहिए।

4.4 उन्हें ऐसे अनुमोदित सयंत्र में संसाधित और तैयार किया गया होना चाहिए जो उपाबन्ध के अध्याय 1 और 2 का अनुपालन करता है तथा इन नियमों की अपेक्षाओं को पूरा करता है।

4.5 उन्हें उपाबन्ध के अध्याय 3 और 4 में स्वास्थ्यकर परिस्थितियों के अधीन ऐसे अंडों से तैयार किया गया होना चाहिए जो उपाबन्ध के अध्याय 4 में अधिकथित अपेक्षाओं को पूरा करते हैं ।

4.6. उन्हें संसाधन प्रसंस्करण द्वारा तैयार किया गया होना चाहिए जिससे कि वे अन्य बातों के साथ उपबन्ध के अध्याय 6 में अधिकथित विश्लेषण विनिर्देशों को पूरा करें ।

4.7 उनकी उपाबन्ध के अध्याय 8 के अनुसरण में स्वास्थ्य जांच की गई होनी चाहिए ।

4.8 उन्हें उपाबन्ध के अध्याय 7 के अनुसार पैक किया गया होना चाहिए ।

4.9 उनका उपाबन्ध के अध्याय 9 और 10 के अनुसार भंडारकरण और परिवहन किया गया होना चाहिए ।

4.10 उन पर उपाबन्ध के अध्याय 9 के अनुसरण में स्वास्थ्य-प्रदत्ता का चिह्न लगा होना चाहिए और जहां उनका सीधे मानव उपयोग किया जाना है, खाद्य पदार्थों को लेबल लगाने, उनके प्रस्तुतीकरण और विज्ञापन के संबंध में जैसाकि अन्तिम बार उन्हें निदेश 86/197/ईईसी द्वारा संशोधित किया गया है, अन्तिम उपभोक्ता को विक्रय के संबंध में परिषद के निदेश 79/112/ईईसी तारीख 18 दिसम्बर, 1978 की अपेक्षाओं को पूरा करना चाहिए ।

4.11 उपाबन्ध के अध्याय 6 में उपवर्णित विश्लेषण विनिर्देशन के अनुसार नमूनों को प्रयोगशाला जांच हेतु ले जाया जाएगा ।

4.12 उपाबन्ध के परिशिष्ट 9 व 10 में उल्लिखित अंडा उत्पाद जो परिवेशी तापमान पर नहीं रखा गया है उसका भण्डारण और परिवहन नियत तापमान पर किया जाएगा ।

4.13 जिसके लिए अंडा उत्पाद संरक्षित किया जाएगा, प्रसंस्करणकर्ता द्वारा उस अवधि का बीमा कराया जाएगा ।

4.14 विभिन्न जांच और परीक्षण के परिणाम अभिलिखित किए जायेंगे और सक्षम प्राधिकारी को, प्रस्तुतिकरण के के लिए 2 वर्ष तक रखे जाएंगे ।

4.15 ऐसे पदार्थों के अवशेषों का पता लगाया जाएगा भेषजीय या हार्मोनीय तथा एंटीबायोटिक, कीटनाशी, अपमार्जक तथा ऐसे अन्य पदार्थ हैं जो हानिकारक हैं या जो अंडा उत्पाद के जैवीय गुणों को बदल सकते हैं और उनके उपभोग को मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक या हानिकारक बना सकते हैं ।

4.16 यदि अंडा उत्पादन के परीक्षण से यह पाया गया है कि अनुज्ञेय नियत स्तर से अधिक अवशेष हैं तो उनका प्रयोग खाद्य पदार्थों के विनिर्माण या सीधे तौर पर मानव उपभोग में अनुज्ञेय नहीं होना चाहिए ।

4.17 अवशेषों की जांच सिद्ध और वैज्ञानिक तौर पर मान्यता प्राप्त रीतियों के अनुसार होनी चाहिए ।

4.18 इसका समाधान होने पर कि प्लांट क्रिया कलापों यदि किए जाते उनकी प्रकृति से संबंधित अपेक्षाओं की पूर्ति करता है, सक्षम प्राधिकारी को ऐसे प्लांट को अनुमोदन प्रदान करेगा ।

4.19 सक्षम प्राधिकारी प्रसंस्करण प्लाटों के अनुमोदन के मामले में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) और विपणन और निरीक्षण निदेशालय (डीएमआई) तथा उद्योगों में से एक एक प्रतिनिधि से सहायता ले सकेगा ।

4.20 सक्षम प्राधिकारी अनुमोदित प्लाटों की सूची तैयार करेगा जिसमें प्रत्येक में एक शासकीय संख्यांक होगी और सक्षम प्राधिकारी अनुमोदित प्लाटों की एक सूची तथा उसमें फेरबदल भी समुचित प्राधिकारियों को भेजेगा ।

4.21 निरीक्षण तथा प्लाट और पैकिंग केन्द्रों के मानीटरिंग सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियमित रूप से किया जाएगा । जो प्लाटों के सभी भागों में निर्बाध रूप से जा सकेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि नियमों का पालन किया जा रहा है ।

भाग II—संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) पर लागू

1. परिभाषा : इस आदेश के प्रयोजन के लिए, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, निम्नलिखित परिभाषाएं लागू होंगी :—

(क) 'अधिनियम' से निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 (1963 का 22) अभिप्रेत है ।

(ख) 'स्वीकार्य' से सक्षम प्राधिकारी द्वारा आशयित प्रयोजन के लिए उचित और स्वीकार्य अभिप्रेत है ।

(ग) 'अभिकरण' से धारा 7 के अधीन स्थापित या मान्यता प्राप्त क्वालिटी नियंत्रण या निरीक्षण या दोनों के लिए कोई अभिकरण अभिप्रेत है ।

(घ) आवेदक से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो इन नियमों के अधीन या इस भाग के विनियमों के अधीन निरीक्षण, सेवा के लिए निवेदन करता है ।

(ङ) 'मानव खाद्य के रूप में उपयोग किए जाने योग्य' में कोई भी अंडा उत्पाद अभिप्रेत है जब तक कि वह विकृत न हो या अन्यथा मानव खाद्य के रूप में इसके उपयोग के लिए अन्य रूप में परिवर्तित या बिगड न गया हो ।

(च) 'प्रमाण पत्र' से अधिनियम की धारा 7 की उपधारा (3) के अधीन जारी प्रमाण पत्र अभिप्रेत है जिसमें यह उल्लिखित हो कि पदार्थ क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण की शर्तों के अनुरूप है ।

(छ) 'सक्षम प्राधिकारी' से मुम्बई, कलकत्ता, कोचीन, दिल्ली और मद्रास में स्थापित निर्यात निरीक्षण अभिकरणों में से कोई एक या कोई भी

अभिकरण जो निर्यात (क्वालिटी नियंत्रण और निरीक्षण) अधिनियम, 1963 की धारा 7 के अधीन मान्यता प्राप्त कोई एक अभिकरण अभिप्रेत है ।

(ज) 'अवस्था' से किसी भी उत्पाद की कोई भी अवस्था जिसमें परिरक्षण की स्थिति सफाई स्वास्थ्यगत प्रदत्ता या मानव उपभोग के लिए उचित होना सम्मिलित है किन्तु उसी तक सीमित नहीं है अभिप्रेत है जो इसकी व्यापारिकता या किसी अन्य अवस्था जिसमें ऐसे उत्पाद के प्रसंस्करण, संभालने और पैकिंग सम्मिलित है किन्तु इन्हीं तक सीमित नहीं है, को प्रभावित करेगी ।

(झ) 'कंटेनर या पैकेज' में कोई भी डिब्बा, केन, टिन, प्लास्टिक या अन्य संबंधित आधान रैपर या ढक्कन सम्मिलित है ।

(ञ) 'परिषद' से अधिनियम की धारा 3 के अधीन स्थापित निर्यात निरीक्षण परिषद अभिप्रेत है ।

(ट) 'संभरणकर्ता निर्यातक' से इस नियम के अधीन निर्यात हेतु अनुमोदित अंडा प्रसंस्करण प्लांट से अंडों की खरीद करने वाला निर्यातक अभिप्रेत है ।

(ठ) 'अंडा उत्पाद' से मानव उपयोग के आशय से अंडे की झिल्ली तथा उसके जो अंडों के उत्पाद से प्राप्त किए जाते हैं के आवरण को पृथक करने के उपरान्त उससे प्राप्त विभिन्न संघटक या मिश्रण अभिप्रेत हैं, यह अंशतः अन्य खाद्य पदार्थों या अन्य संयोजनों द्वारा बढ़ाया जा सकता है जो तरल संघटित, सूखा कणिय, प्रशीतित, तुरन्त प्रशीतित या जमा हुआ हो सकता है ।

स्पष्टीकरण : उपरोक्त अंडा उत्पाद की परिभाषा में प्रशीतित सूखे उत्पाद, कृत्रिम अंडा उत्पाद, अंडा अनुकल्प, पोष्टिक खाद्य, सूखे बिना पकाए हुए कस्टर्ड मिश्रण, अंडा चिप्पड मिश्रण, आमलीय मसाला, नूडल, दूध और अंडा मिश्रण, केक मिश्रण, फ्रेंच टोस्ट और अंडों या अंडा उत्पाद के सैंडविच सम्मिलित नहीं होंगे । बुलट और इससे मिलते जुलते अन्य प्रमाणित स्वाद भी इसमें सम्मिलित नहीं होंगे ।

(ड) 'उष्मामापक अस्वीकृत' से ऐसा अंडा अभिप्रेत है जिसे उष्मायक में रखा गया है किन्तु उसे अंडा सेने की प्रक्रिया के दौरान असंचित अंडे या अधूरे अंडों के रूप में सेने की प्रक्रिया से निकाल दिया गया है ।

(ढ) 'लेबल' से पोत कंटेनर या अध्यहित कंटेनर पर, यदि कोई है पहचान के रूप में कोई छपा हुआ, ग्राफिक या अन्य कोई प्रणाली का प्रदर्शन अभिप्रेत है ।

(ण) 'पेस्टोराइज्ड' से अंडा उत्पाद के प्रत्येक कण को ऊष्म करना या उसके सूक्ष्म जीवन समरूप से हानिकारक पदार्थ को ऐसी किन्हीं अन्य प्रणालियों द्वारा नष्ट करना जो इन विनियमों में निहित है अभिप्रेत है ।

(त) 'प्लांट' से कोई ऐसा परिसर अभिप्रेत है जहां अंडा उत्पाद को प्रसंस्कृत किया जाता है ।

(थ) 'पेय जल' से ऐसा जल अभिप्रेत है जिसे राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण या अन्य अभिकरण या किसी ऐसी प्रयोगशाला द्वारा अनुमोदित किया है और वह सक्षम प्राधिकारी को सुरक्षित पेय और उपयुक्त खाद्य संसाधन के रूप में स्वीकार्य है ।

(द) 'संसाधन' से अंडा उत्पाद का विनिर्माण अभिप्रेत है इसमें टूटे अंडे या फिल्टरिंग (छानन) मिश्रण, छीलन, पैस्टोराइजिंग, स्थिरता प्रशीतित, हिम शीतित या सुखाए या पैकेजिंग अंडा उत्पाद प्लांट जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित है सम्मिलित है ।

(ध) 'नमूना' से किसी उत्पाद का निरीक्षण या विश्लेषण के लिए नमूना लिया जाना अभिप्रेत है ।

(न) 'स्वच्छ करना' से कोई जीवाणुनाशी उपचार अभिप्रेत है जो सूक्ष्म जीवाणुओं को नष्ट करने के लिए प्रभावी रूप में अनुमोदित है, जिनमें रोगाणु सम्मिलित हैं ।

(प) 'नोवहन आधान' से ऐसा आधान अभिप्रेत है जो किसी उत्पाद के पैकिंग के उपयोग में आता है ।

(फ) 'स्थिरीकरण' से किसी अंडा उत्पाद का शर्करारहित संसाधन अभिप्रेत है ।

(ब) 'श्वेत या श्वेतक' से इस भाग के प्रयोजन के लिए ऐसा उत्पाद अभिप्रेत है जो किसी अंडे के आवरण को तोडकर और उसे जरदी से अलग करके प्राप्त किया जाता है ।

2. अनुपालन का आधार

प्रसंस्करणकर्ता का यह प्रारंभिक दायित्व होगा कि वह यह सुनिश्चित करें कि निर्यात के आशय से अंडा उत्पाद की संभाल और प्रसंस्करण, उत्पादन, भण्डारण और परिवहन के प्रत्येक स्तर पर उचित स्वास्थ्यकर अवस्थाओं में किया गया है और यह इन नियमों में अधिकथित स्वास्थ्य संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करता है तथा यह कि उत्पाद अधिनियम की धारा 6 के अधीन केन्द्रीय सरकार द्वारा आदेश में किए गए विनिर्देशों के अनुरूप है ।

सक्षम प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेगा कि इस भाग के पैरा 3.4 में विहित नियंत्रण उपायों के अनुसार सभी प्रसंस्करणकर्ता प्लांट की नियमित मानीटरिंग करके अपेक्षाओं की पूर्ति करते है । इस योजना की प्रभावी मानीटरिंग के लिए, इस विषय में परिषद आवश्यक अनुदेश जारी करेगी ।

3. निर्यात के लिए अंडा उत्पाद निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगा :

3.1 किसी भी राज्य केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी वाणिज्य पर्यावरणीय संरक्षण उपायों का कड़ाई से पालन किया जाएगा।

3.2 उन्हें इस भाग के अध्याय 12 में अधिकथित सफाई, संसाधन और सुविधा अपेक्षाओं का पालन करना चाहिए।

3.3 उन्हें इस भाग के अध्याय 13 में अधिकथित अंडा उत्पाद के लिए पहचान और चिह्नन का पालन करना चाहिए।

3.4 सक्षम प्राधिकारी का यह समाधान होने पर कि प्लांट उसमें की जाने वाली गतिविधियों की प्रकृति को संबंधित अपेक्षाओं को पूरा करता है, वह ऐसे प्लांट को अनुमोदित करेगा।

3.5 सक्षम प्राधिकारी प्रसंस्करण प्लांटों के अनुमोदन के मामले में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकारी (एपीडा) और विपणन और निरीक्षण निदेशालय (डीएमआई) तथा उद्योग में से एक-एक प्रतिनिधि से सहायता ले सकेगा।

3.6 सक्षम प्राधिकारी अनुमोदित प्लांटों की एक सूची तैयार करेगा जिसमें से प्रत्येक को शासकीय संख्यांक दिया जाएगा और सक्षम प्राधिकारी अनुमोदित प्लांटों की अपनी सूची और उसमें पश्चातवर्ती परिवर्तन को समुचित प्राधिकारियों को अधिसूचित करेगा।

प्लांट की नियमित निरीक्षण व मानीटरिंग और पैकिंग सैंटर्स का नियमित रूप से सक्षम प्राधिकारी निरीक्षण करेंगे जो यह सुनिश्चित करने के लिए नियमों का पालन किया गया है कि वह हर समय प्लांट के सभी भागों का मूल्यांकन करेंगे।

3.7 प्लांट और पैकिंग केन्द्रों का निरीक्षण और मानीटरिंग सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियमित रूप से किया जाएगा। वह प्लांटों के सभी भागों में निर्बाध रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए जा सकेगा कि इन नियमों का पालन किया जा रहा है।

4. प्रमाणीकरण : प्लांट एकक के अनुरोध पर सक्षम प्राधिकारी अपना यह समाधान हो जाने पर कि सुसंगत अपेक्षाओं की पूर्ति करने के उपरान्त प्लांटों को विधिमान्य अनुमोदन संख्यांक प्राप्त है, विहित रूप में पशु चिकित्सा स्वास्थ्य प्रमाणपत्र जारी करेगा।

4.1 सक्षम प्राधिकारी संसाधनकर्ता या निर्यातिकर्ता के अनुरोध पर अपना यह समाधान हो जाने पर कि सुसंगत मानकों की अपेक्षाएं पूरी कर दी गयी हैं, कोई अन्य प्रमाण पत्र भी जारी करेगा।

5. फीस :

5.1 अंडा संसाधन प्लांट के अनुमोदन के लिए इन नियमों के खंड 4.18 और 4.4 के अनुसार आवेदन के साथ संसाधनकर्ता द्वारा रु. 2000/- का संदाय फीस के रूप में किया जाएगा।

5.2 निर्यातित अथवा निर्यात संभरणकर्ता अंडा प्रसंस्करण प्लांट के उपरोक्त अनुमोदित नियम 5.1 के अनुसार सक्षम प्राधिकरण को प्रसंस्करणकर्ता द्वारा 0.2 प्रतिशत की दर से एफ.ओ.बी. मूल्य की दर से शुल्क सदत्त किया जाएगा।

टिप्पण : संभरणकर्ता/निर्यातिकर्ता द्वारा सुदेय प्रत्येक परेषण के लिए फीस की राशि के रुपए के निकटतम तक पूर्णांकित किया जाएगा और इस प्रयोजन के लिए जहां ऐसी राशि में रुपए का भाग सम्मिलित है वहां, यदि ऐसा भाग 50 पैसे या अधिक है, इसमें एक रुपए की वृद्धि कर दी जाएगी और यदि ऐसा भाग 50 पैसे से कम है तो इसे छोड़ दिया जाएगा।

7. अपेक्षा पूरी नहीं किए जाने की दशा में सक्षम प्राधिकारी उपाय करेगा।

7. अपील .

7.1 कोई भी व्यथित व्यक्ति,

(i) नियम 4.18 (भाग-I) और नियम 3.4 (भाग-II) के अनुसार अनुमोदन के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी का विनिश्चय नहीं होने की दशा में,

(ii) इस अधिसूचना के नियम 4 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा पशु चिकित्सा स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करने से इंकार करने पर,

(iii) इस अधिसूचना के नियम 7 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन को वापिस लेने के लिए विनिश्चय की दशा में,

7.2 अपीली प्राधिकारी में कथित कोई भी व्यक्ति ऐसे विनिश्चय की प्राप्ति के 10 दिन के भीतर केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त अपीली प्राधिकारी को अपील कर सकेगा।

7.3 इस प्रयोजन के लिए, केन्द्रीय सरकार द्वारा अपीली प्राधिकरण में पांच सदस्य नियुक्त होंगे।

7.4 अपीली प्राधिकरण की कुल सदस्यता का कम से कम दो तिहाई गैर-सरकारी सदस्य होंगे।

7.5 अपील प्राधिकरण की किसी भी बैठक की गणपूर्ति तीन से होगी।

7.6 अपील का निपटारा उसकी प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर कर दिया जाएगा।

अध्याय I

अनुमोदन और प्रचालन की सामान्य शर्तें

1. प्रतिस्थापन के पास कम से कम निम्नलिखित होना आवश्यक है :

1. अब क्षेत्रों में जहां अंडों का भंडारण और अंडा उत्पाद का विनिर्माण या भंडारण किया जाता है :—

1.1 जल सहय पर्ण जो आसानी से साफ और संदूषित किया जा सके व सडन रहित हो तथा इस प्रकार का होना चाहिए कि उसकी नाली में पानी की निकासी की सुविधा हो, पानी की

निकासी के मार्ग में नाली की ओर होना चाहिए जिसमें ग्रेटिंग तथा ट्रैप लगे हों जो बदबू को दूर कर सके।

1.2 दीवारें चिकनी, टिकाऊ, अभेद्य और हल्के रंग वाली दो मीटर तक धोयी जा सकने वाली परत चढ़ी हुई और भंडारण के लिए ठंडा या प्रशीतित करने के कक्ष कम से कम भंडारण की ऊंचाई तक धोने वाली परतदार दीवारें होनी चाहिए, दीवारें व फर्श जहां मिलते हों वह गोलाई लिए हुए या इस प्रकार बनी होनी चाहिए जिससे उन्हें साफ करने में आसानी हो।

1.3 दरवाजों की सामग्री इस प्रकार की होनी चाहिए कि जिसका कोई भाग विकृत न हो और यदि लकड़ी की हो तो उसके दोनों तरफ चिकनी व अभेद्य आवरण होना चाहिए।

1.4 छत ऐसी होनी चाहिए जो कि आसानी से साफ की जा सके और जिसका निर्माण इस प्रकार का होना चाहिए कि धूल मिट्टी को इकट्ठा होने से रोक सके व टीलों का बनना, रंग रोगन का उतरना रोका जा सके और वहां पर भाप का जमाव न हो।

1. 1.5 पर्याप्त वायु संचालन हो, और यदि आवश्यक हो, तो अच्छे प्रतिपारिक निष्कर्षण लगे हों;

1.6 पर्याप्त प्राकृतिक या कृत्रिम प्रकाश की व्यवस्था।

1.7 जहां तक संभव हो कार्यस्थल के पास पर्याप्त संख्या में गर्म पानी से उपकरण हों, हाथों को साफ व रोगाणुमुक्त करने की सुविधाएं होनी चाहिये। नल हाथों से या बाहों से संबंधित नहीं होने चाहिये, हाथों को साफ करने के लिये चलते हुए गर्म पानी/ठंडे पानी की सुविधा होनी चाहिये या पहले से उपयुक्त तापमान पर मिश्रित पानी उपलब्ध हो, जो उत्पादों को रोगाणुमुक्त और साफ करने के लिये हों और हाथ साफ करने वाले तौलिये एक बार प्रयोग किए जाने चाहिये। औजारों को रोगाणुमुक्त करने की सुविधायें होनी चाहिये।

2. परिवर्तनशील कमरे की समुचित संख्या हो जिसमें चिकने, अभेद्य और धोई जा सकने वाली दीवारें और फर्श, धावन पात्र, स्वक्षालन शौचालय होने चाहिये। इनका बहाव सीधे कार्यस्थल की ओर नहीं होना चाहिये। धावन पात्रों में बहता हुआ गर्म और ठंडा पानी या उपयुक्त तापमान पर पहले से मिलाया हुआ पानी होना चाहिये, हाथों को साफ करने के लिये व रोगाणुमुक्त करने के लिये सामग्री होनी चाहिये, छोटे तौलिये केवल एक बार उपयोग किये जाने के लिये होने चाहिये। धावन पात्र के नल हाथों से प्रचालित किये जाने वाले नहीं होने चाहिये। शौचालयों के निकट पर्याप्त संख्या में धावन पात्र होने चाहिये।

3. स्थिर और गतिशील आधानों और टंकियों को साफ करने और रोगाणुमुक्त करने के लिये एक अलग क्षेत्र और पर्याप्त सुविधायें होना चाहिये। तथापि यह क्षेत्र और यह सुविधायें उस दशा में आवश्यक नहीं होगी यदि उन आधानों और टंकियों को साफ करने और रोगाणुमुक्त करने की व्यवस्था किन्हीं अन्य केन्द्रों पर की गई है।

4. पेयजल प्रदाय करने की सुविधायें, कच्चे पानी की पूर्ति, वाष्प उत्पादन अग्निशयन और रेफ्रिजरेशन उपकरणों को ठंडा करने के लिये प्राधिकृत है, परन्तु इस प्रयोजन से लगाये गये पाइपों से अन्य प्रयोजनों के लिये जल का प्रयोग वर्जित होगा और अंडा उत्पाद को संक्रमण का कोई जोखिम नहीं होगा, ऐसी भाप और संबद्ध जल अंडे के संपर्क में नहीं आयेंगे या साफ किये जाने के लिये या रोगाणुमुक्त डिब्बे प्लांट या उपकरण जो अंडा उत्पाद के संपर्क में है उनके संपर्क में नहीं आयेंगे, कच्चे पानी को ले जाने वाले पाइपों को पीने योग्य जल से अलग रखा जायेगा।

5. किटाणुओं जैसे कीड़े और मकोड़े से सुरक्षित रखने के लिये समुचित उपकरण होंगे।

6 उपकरण, कर्पालग और उपस्कर या उनकी सतह, जो अंडा उत्पाद के संपर्क में आयेगी वह चिकनी सामग्री की बनी होनी चाहिये जिसको आसानी से साफ किया जा सके और धुलाई तथा रोगाणुमुक्त किया जा सके जंग के प्रभाव से मुक्त तथा अंडा उत्पाद को ऐसे पदार्थ, इतनी मात्रा में अंतरित न करने वाला हो, जो मानव स्वास्थ्य को खतरा पैदा न करे, अंडा उत्पाद की संरचना में हानि पहुंचाये या उनके जोखिम गुणों को विपरीत रीति में प्रभावित करे।

अध्याय—II

प्लांट के अनुमोदन के लिये विशेष शर्तें

अध्याय–1 में उल्लिखित सामान्य शर्तों के अतिरिक्त प्रति स्थापना में निम्नलिखित होना चाहिये।

1. अंडों और परिष्कृत अंडा उत्पाद के लिये उचित और अलग भंडारण कक्ष जहां अंडा उत्पाद की रेफ्रिजरेशन में उचित तापमान पर रखा जा सके। प्रशीतित गृह में थर्मामीटर लगा होना चाहिये या रिमोट रिकार्डिंग थर्मामीटर होना चाहिए।

2. जहां प्रदूषित अंडों का प्रयोग होता है, वहां उन्हें धोने और रोगाणुमुक्त करने की सुविधायें होनी चाहिये, उत्पादों की सूची जो इन्हें रोगाणुमुक्त करने के लिये प्राधिकृत है, बनाई जानी चाहिये।

i. अंडों को तोड़ने के लिये उनके अंतर्वस्तुओं को प्राप्त करने के लिये तथा उनके भाग और छिल्ली को प्रकार करने के लिये एक विशेष कक्ष उपयुक्त सुविधाओं के साथ होना चाहिये।

ii. उपरोक्त रंग में निर्दिष्ट के अलावा अन्य संचालन के लिये एक पृथक कक्ष होना चाहिये, जहां अंडा उत्पाद पेस्चुराइज्ड है, पेस्चुराइजेशन जैसा कि पूर्वत रंग में निर्दिष्ट है, कक्ष होना चाहिये यदि प्रतिस्थापना के पास बंद

पंस्कूराइजेशन पद्धति है और अन्य मामलों में पेस्चुराइजेशन प्रक्रिया को पृथक रूप में पृथक कक्ष में (जैसाकि रंग में निर्दिष्ट है) किया जाना चाहिये, अन्य मामलों में अंडे उत्पाद को प्रदूषित होने से बचाने के लिये पेस्चुराइजेशन के उपरान्त प्रत्येक सावधानी बरती जानी चाहिये ।

4. अंडा अंश को संयंत्रों में ले जाने के लिये उपयुक्त सुविधायें हों ।

5. इन नियमों में उपबंधित के अनुरूप, अंडा उत्पाद के संसाधन के लिये सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित उपस्कर हो, जो कम से कम निम्नलिखित के साथ होने चाहिये ।

(i) पेस्चुराइजेशन से संबंधित मामलों में :
—स्वचालित तापमान नियंत्रण
—रिकार्डिंग तापमापक
—स्वचालित सुरक्षात्मक उपकरण जो अपर्याप्त ऊष्मा का प्रतिरोधक हो

(ii) निरंतर पैस्चुराइजेशन प्रणाली के मामले में उपस्कर में निम्नलिखित उपकरण भी लगाये जायेंगे

—पर्याप्त सुरक्षात्मक प्रणाली जो अपूर्ण पेस्चुराइज्ड उत्पाद के साथ पस्चुराइजेशन अंडा उत्पाद का मिश्रण होने से बचायेगा
—स्वचालित सुरक्षात्मक रिकार्डिंग उपकरण जो उपरोक्त का मिश्रण होने से रोक सके।

6. खाद्य पदार्थ और उसके संयोजक के भंडारण के मिश्रण के लिये पृथक कक्ष ।

7. जहां उत्पाद प्रयोजन आधानों में पैक किया जाता है यदि आवश्यक हो ऐसे आधानों और उनके विनिर्माण में आने वाली कच्ची सामग्री के भंडारण के लिए एक समुचित एवं पृथक क्षेत्र होना चाहिए।

8. अंडा छिलकों का तात्कालिक रूप से हटाने के लिए सुविधायें होनी चाहिए तथा अंडे और अंडा उत्पाद जो मानव उपभोग के लिये उन्हें तुरन्त हटाने और उन्हें पृथक रखने की सुविधायें होनी चाहिए।

9. अंडा उत्पाद की स्वास्थ्यकर पैकिंग के लिये उपयुक्त उपस्कर होने चाहिये ।

10. इन नियमों की अपेक्षानुसार कच्ची सामग्री और अंडा उत्पाद का विश्लेषण और उसकी जांच की जानी चाहिए, प्लांट में उपयुक्त प्रयोगशाला होनी चाहिए, यदि नहीं है, तो इन अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाली प्रयोगशाला की सेवायें ली जानी चाहिए, पश्चात् वर्ती के मामले में वह तदनुसार सक्षम प्राधिकारी को सूचित करें ।

11. जहां अपेक्षित हो, प्रशीतित अंडा उत्पाद को गलाने के लिये उचित उपस्कर होने चाहिये और अनुमोदित प्लांट में उसको संसाधन तथा आगे संभाल होनी चाहिए।

12. साफ और रोगाणुमुक्त उत्पाद के भंडारण के लिये पृथक कक्ष होना चाहिए।

अध्याय—3

परिसर उपकरण और प्लांट के कर्मचारियों से संबंधित स्वास्थ्यकर अपेक्षायें

कर्मचारी परिसर और उपस्करों की सफाई के लिये उच्चतम स्तर अपेक्षित हैं :—

1. जो कर्मचारी अंडा उत्पाद की संभाल और उसे संसाधित करेंगे व विशेष रूप से स्वच्छ कार्य करते समय पहनने वाले वस्त्र पहनेंगे और सिर पर टोपी लगायेंगे। इन को कार्य आरम्भ करने समय और कार्य के विशेष सत्र में हाथों को कीटाणुमुक्त करने के लिए बार-बार हस्त प्रक्षालन करना होगा । जहां अंडा उत्पाद का संसाधन और भंडारण किया जाता है वहां पर धूम्रपान, खाना, थूकना और चबाना निषेध होगा।

2. कोई भी पशु प्लांट के अंदर प्रवेश नहीं करेगा, कोई भी कीड़े मकौड़े और कोई अन्य कीटाणु यदि पाये जायेंगे तो उनको अच्छी प्रकार से नष्ट कर दिया जायेगा।

3. अंडा उत्पाद से संबंधित कार्य में प्रयोग होने वाले परिसर, उपकरण और उपस्कर हैं स्वच्छ और अच्छी अवस्था में रखे जाने चाहिये। उपकरण और उपस्कर, यदि आवश्यक हों कार्य दिवस के दौरान दिन का कार्य समाप्त होने पर और यदि वे मिट्टी पर पड़े हैं तो दुबारा प्रयोग करने से पहले सावधानी से अनेक बार साफ और कीटाणुमुक्त किये जाने चाहिये। अंडा उत्पाद को ले जाने के लिये ढकी हुई पाइप लाईन प्रणाली की व्यवस्था होनी चाहिये जिससे ऐसी समुचित सफाई प्रणाली हो जो यह सुनिश्चित करेगी कि उसके सभी भाग सफाई और रोगाणुमुक्त हैं। पाइपों को सफाई और रोगाणुमुक्त करने के पश्चात् साफ पानी से खंगालना चाहिये।

4. सक्षम प्राधिकारी से अनुज्ञा लेने के पश्चात् अन्य खाद्य पदार्थों को प्रसंस्करण के सिवाय, चाहे यह साथ न हो या भिन्न समय पर, परिसर, उपकरण और उपस्कर अंडा उत्पाद को संसाधन करने के अतिरिक्त और किसी भी प्रयोग में नहीं लाना चाहिये। परन्तु प्रदूषित होने से रोकने के लिये सभी उपयुक्त उपाय अपनाये जाने चाहिये या इन नियमों के अन्तर्गत उत्पन्न में विपरीत बदलावों से संबंधित उपाय करने चाहिये।

5. पेय जल सभी उद्देश्यों के लिये प्रयोग किया जाना चाहिये तथापि अपेयजल अपवाद स्वरूपमामलों में भाप उत्पादन के लिये प्रयोग किया जाना चाहिये बशर्ते कि

इसके लिये लगाये गये पाइप अन्य उद्देश्यों के लिये इनमें जल का प्रयोग नहीं होने देते और इसमें अंडों या अंडा उत्पाद को किसी प्रकार का संदूषण नहीं होगा। इसके अतिरिक्त अपेय जल का प्रयोग, रेफ्रिजरेशन उपस्कर को ठंडा करने के अपवादात्मक मामलों में किया जा सकता है। अपेय जल पाइप पेय जल पाइपों से स्पष्ट तथा अलग होनी चाहिये।

6. साफ करने वाले पदार्थ, रोगाणुमुक्त करने वाले पदार्थ और दूसरे पदार्थों का प्रयोग और भंडारण इस प्रकार से होना चाहिये कि उपस्कर, उपकरण और अंडा उत्पादों पर उनका प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। उपकरणों और उपस्करों पर इनके प्रयोग के बाद उनको पेय जल से अच्छी प्रकार से खंगालना चाहिये।

7. ऐसे व्यक्ति जो संदूषितकरण के संभव स्रोत हो सकते हैं, उनको अंडों या अंडा उत्पादों या उनके रख रखाव से संबंधित कार्य करने की अनुमति नहीं होनी चाहिये।

8. कोई भी व्यक्ति जिसको अंडों या अंडा उत्पादों के कार्य में लगाया गया है उसको स्वास्थ्य प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा। स्वास्थ्य प्रमाणपत्र का प्रति वर्ष नवीनीकरण कराना चाहिये जब तक कि उसी प्रकार की गारंटी देने वाली दूसरी कर्मचारी चिकित्सा जांच योजना को सक्षम प्राधिकारी द्वारा मान्यता न दे दी गई हो।

अध्याय—4

अंडा उत्पाद के विनिर्माण के लिये अंडों से संबंधित अपेक्षायें

1. अंडा उत्पाद के विनिर्माण के लिये प्रयोग किये गये अंडों को उचित पैकिंग में रखना चाहिये।

2. (i) अंडा उत्पाद के विनिर्माण के लिये केवल उष्मायित्र में रखे बिना ऐसे अंडे प्रयोग किये जाने चाहिये जो मानव उपभोग के लिये उचित हो। उनको पूर्णतः विकसित और बिना तोड़-फोड़ के होना चाहिये।

(ii) उपरोक्त (i) के अल्पीकरण के द्वारा अंडा उत्पाद के विनिर्माण के लिये टूटे हुए अंडे प्रयोग में लाये जा सकते हैं बशर्ते वे अनुमोदित प्लांट को जहां उन्हें जल्दी से जल्दी तोड़ा जायेगा, उत्पादन फार्म द्वारा सीधे भेजे गये हों।

3. अंडा और अंडा उत्पाद, जो मानव उपभोग के लिये अनुपयुक्त है, उनको हटा लेना चाहिये और उनको ऐसी रीति से विकृत किया जाना चाहिये ताकि वे मानव उपभोग के लिये पुनः प्रयोग न हो सके। उन्हें अध्याय–2 के बिन्दु 8 की व्यवस्थानुसार तुरन्त कमरे में रखा होना चाहिये।

अध्याय–5

अंडा उत्पाद के विनिर्माण के लिये विशेष स्वास्थ्यकर अपेक्षायें

सभी प्रक्रियायें इस प्रकार से की जानी चाहियें ताकि अंडा उत्पाद के उत्पादन संभाल और भंडारण के दौरान किसी प्रकार के संदूषण से बचा जा सके और विशेष रूप से निम्नलिखित किया जाना चाहिये।

1. अंडा और अंडा उत्पाद का अनुमोदित प्लांट में आगे के संसाधन के लिये अध्याय 2 के बिन्दु 1 में बताये गये कमरों में पहुंचते ही उनका संसाधन होने तक तुरन्त भंडारण किया जाना चाहिये। इन कक्षों का तापमान इतना होना चाहिये जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि वे संदूषित नहीं है। अंडे के छिलकों को सीधे रूप में फर्श पर नहीं रखनी रखनी चाहिये।

2. अंडों को पैक नहीं किया जाना चाहिये और यदि आवश्यक हो, तो उनको उस कमरे में धोना चाहिये और रोगाणुमुक्त कर लेना चाहिये जो अंडा तोड़ने वाले कक्ष से पृथक होगा। पैकिंग सामग्री को अंडा तोड़ने वाले कक्ष में नहीं ले जाना चाहिये।

3. अंडों को अध्याय 2 के बिन्दु 3(i) में बताये गये कमरे में ही तोड़ना चाहिये। अध्याय 4 के बिन्दु 2(ii) में उल्लिखित अनुसार टूटे अंडों का संसाधन बिना किसी देरी के करना चाहिये।

4. गंदे अंडों को तोड़ने से पूर्व साफ कर लेना चाहिये। यह कक्ष अंडे तोड़ने वाले कक्ष से या किसी ऐसे कक्ष से जहां खुले अंडों की अर्न्तवस्तु रखी जाती है, पृथक होगा। सफाई प्रक्रिया इस प्रकार की होनी चाहिये ताकि अंडे की अर्न्तवस्तुओं को संदूषण और मिलावट से बचाया जा सके। अंडों के छिलके तोड़ने समय पर्याप्त सूखे होने चाहिये जिससे अंडे की अर्न्तवस्तुओं को साफ करने वाले जल की गन्दगी से होने वाली मिलावट से बचाया जा सके।

5. मुर्गी या टर्की या गोइना फालके अंडों से भिन्न अंडों की संभाल और संसाधन पृथक रूप से करनी चाहिये। जब मुर्गी, टर्की, गोइना, फालके के अंडों का संसाधन करना हो तो सभी उपस्कर साफ और कीटाणुरहित होने चाहिए।

6. अंडों को तोड़ने की प्रक्रिया, चाहे किसी भी प्रकार की प्रक्रिया अपनाई गयी हो, इस प्रकार की होनी चाहिये जिससे कि अंडों के तत्वों को संभावित संदूषण से बचाया जा सके। इसके लिये अंडों के तत्व को सेंट्रीफ्यूगेशन या उन्हें तोड़कर प्राप्त नहीं करना चाहिए और या खाली खोलों से अंडे की सफेदी के अवशेषों को सेन्ट्रीफ्यूगेशन से भी प्राप्त नहीं करना चाहिए जहां तक संभव हो सके खोलों के अवशेषों

या झिल्लियों को अंडे उत्पाद से अलग रखना चाहिए और अध्याय–6 के बिन्दु 2(ii) में विनिर्दिष्ट मात्रा से अधिक नहीं होनी चाहिए।

7. अंडे उत्पाद को, तोड़ने के उपरान्त जहां तक संभव हो सके शीघ्रातिशीघ्र प्रत्येक अंश का संसाधित किया जाना चाहिए। ताप संसाधन, जिसमें अंडा उत्पाद को किसी विद्यमान पैथोजनिक ओरगेनिज्म को हटाने के लिए समुचित अवधि तक, समुचित ताप दिया जाना सम्मिलित है, दिया जाना चाहिए। ताप संसाधन के दौरान तापमान सतत रूप से रजिस्टर किया जाना चाहिए। प्रत्येक बैच के साथ किए गए संसाधन का अभिलेख दो वर्ष के लिए सक्षम प्राधिकारी के निपटान हेतु रखा जाना चाहिए। प्रत्येक अपर्याप्त रूप से संसाधित किए गए बैच को तुरन्त उसी प्लांट में पुनः संसाधित अंडा उत्पाद मानव उपभोग के लिये उचित हो। यदि यह मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाया जाए तो उसे अध्याय–4 के बिन्दु 3 के अनुसार नष्ट कर देना चाहिए।

8. यदि तोड़ने के उपरान्त तुरन्त उनका संसाधन नहीं किया जाता है तो अंडे के तत्वों को संतोषप्रद स्वास्थ्यकर परिस्थितियों में भंडारण कर देना चाहिए या तो उनको प्रशीतित या चार डिग्री सेल्सियस से अनधिक तापमान पर रखा जाना चाहिए। शर्करा रहित अवयवों के मामले को छोड़कर, चार डिग्री सेल्सियस पर भंडारण 48 घंटों से अधिक नहीं होना चाहिए।

9. निम्नलिखित सामान्य शर्तों का पालन किया जाना चाहिए :—

(i) उनकी पैकिंग, जांच, परिवहन और संभाल इन नियमों की अपेक्षानुसार की जायेगी।

(ii) उनको अध्याय 2 में अधिकथित अपेक्षाओं के अनुसार लेबल किया जाएगा माल की प्रकृति निम्नांकित रूप में उपदर्शित की जाएगी — अप्राश्च्यूराइड अंडा उत्पाद गन्तव्य स्थान पर संसाधित किया जायगा तथा तोड़ने का समय व तारीख,

10. संसाधन के उपरान्त आगामी संसाधित प्रक्रियायें यह सुनिश्चित करेंगी कि अंडा उत्पाद में पुनः कोई संदूषण नहीं होगा। तरल उत्पाद या ठोस उत्पाद जिन्हें कक्ष तापमान पर नहीं रखा गया है, या तो सूखा हो या ठंडा हो जो 4 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं होना चाहिए। तरन्त या ख़मीरीकरण प्रक्रिया के उपरान्त उत्पाद को संसाधित करने के बाद तुरन्त प्रशीतित करने के लिए रखना चाहिए।

11. जब तक कि उन्हें अन्य खाद्यों के विनिर्माण के प्रयोग में न लाया गया हो अंडे उत्पाद को इन नियमों में अपेक्षित तापमान पर रखना चाहिए।

12. अनुमोदित प्लांट में, ऐसी कच्ची सामग्री से जो खाद्य पदार्थों के विनिर्माण के लिए उपयुक्त नहीं है, अंडा उत्पाद कर प्रतिषिद्ध है भले ही वह अखाद्य प्रयोजनों के लिए हों।

अध्याय–6

विश्लेषणात्मक विनिर्देश

1. सूक्ष्मजैविकी मापदंड

संसाधन के बाद अंडा उत्पादों के सभी बैचों की यह गारंटी देने के लिए कि वे निम्नलिखित माप दण्डों को पूरा करते हैं, संसाधन प्लांटों में नमूनों के आधार पर सूक्ष्मजैविकी जांच की जानी चाहिए :—

(i) सालमोनेल्ला—अंडा उत्पाद में 25 ग्राम या मिली ली. का अभाव,

(ii) अन्य मापदंड :

—वर्णमध्यक वायुजीवी जीवाणु : एम. = 10^5 / ग्राम या 1 मि.ली. में

—प्रवेश या आहार नाल जीवाणु—एम. = 10^2 / ग्राम या 1 मिली लीटर में

—गुच्छाणु — अंडा उत्पादन में 1 ग्राम का अभाव

एम = जीवाणु की संख्या का मान, यदि एक या अधिक नमूना एक को में जीवाणु की संख्या एम या अधिक है तो यह परिणाम असंतोषजनक माना जाता है।

2. अन्य मापदंड

अंडा उत्पादों के सभी बैचों की, यह गारंटी देने के लिए कि वे निम्नलिखित मानदंडों को पूरा करते हैं, संसाधन परस्थापनाओं में नमूने के आधार पर जांच की जानी चाहिए :—

(i) 3 ओ एच—ब्यूटिरिक अम्ल की सान्द्रता अपरिष्कृत अंडा उत्पाद के सूखे पदार्थ में प्रति किलो ग्राम, 10 मिलीग्राम से अधिक न हो।

(ii) संसाधन से पहले अंडे व अंडा उत्पादों को स्वास्थ्यप्रद रूप में सचालन को सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित मापकों का प्रयोग किया जाएगा। अंडा उत्पादों के सूखे पदार्थों में दुग्धाम्ल की मात्रा प्रति किलोग्राम में 1000 मिलीग्राम से अधिक नहीं होनी चाहिए। केवल असंसाधित उत्पादों पर लागू है।

—एकसीनिक अम्ल की मात्रा अंडा उत्पाद के सूखे पदार्थ में प्रति किलोग्राम में 25 मिलीग्राम से अधिक नहीं होनी चाहिए। तथापि किण्वणित उत्पादों के मामलों में वह मान वह होगा जो किण्वन प्रक्रिया से पहले अभिलिखित किया गया है।

(iii) बचे हुए अंडों के छिलकों की मात्रा, अंडों की झिल्ली और अंडा उत्पाद में अन्य दूसरे कण, अंडा उत्पाद में प्रति किलोग्राम में 100 मिली ग्राम से अधिक नहीं होने चाहिए।

(iv) पदार्थ की अपशिष्ट मात्रा सह्य सीमा से अधिक नहीं होनी चाहिए।

अध्याय–7

स्वास्थ्य नियंत्रण और उत्पादन का पर्यवेक्षण

1. प्लांटों का पर्यवेक्षण सक्षम प्राधिकारी के अधीन होगा। सक्षम प्राधिकारी द्वारा पर्यवेक्षण में ऐसे पर्यवेक्षण उपाय सम्मिलित होंगे जो यह सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक समझे जायेंगे कि अंडा उत्पाद के विनिर्माताओं ने इन नियमों की अपेक्षाओं को पूरा कर दिया है और इनमें विशेष रूप से निम्नलिखित होगी :—

—अंडों के उद्गम तथा अंडा उत्पाद के गन्तव्य तथा अभिलेख की जांच।

—अंडा उत्पादों के विनिर्माण के उद्देश्य से अंडों का निरीक्षण।

—प्लांटों से प्रेषण पर अंडा उत्पादों का निरीक्षण।

—परिसर की स्वच्छता, सुविधाओं और उपस्करों तथा कर्मचारियों के स्वास्थ्य का सत्यापन।

—प्रयोगशाला परख के लिये अपेक्षित कोई नमूना यह सुनिश्चित करने के लिये लेना कि अंडे व अंडा उत्पाद इन नियमों की अपेक्षाओं के अनुरूप है। ऐसी जांच के परिणामों को रजिस्टर में दर्ज किया जाना चाहिये और उसे अंडा उत्पाद विनिर्माता को अधिसूचित करना चाहिये।

2. सक्षम प्राधिकारी की प्रार्थना पर, अंडा उत्पाद की विनिर्माताओं को, जहां यह अंडा उत्पाद के स्वास्थ्यप्रद उत्पादन के सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक प्रतीत होता है, प्रयोगशाला परीक्षणों की पारम्परता बढ़ायी जानी चाहिये।

अध्याय–8

अंडा उत्पाद की पैकिंग

1. अंडा उत्पादों को संतोषजनक स्वास्थ्यजनक परिस्थितियों में पैक करना चाहिये जिससे कि ये सुनिश्चित हो जाए संदूषित नहीं है।

आद्यानों के मामलों में निम्नलिखित सहित स्वास्थ्य संबंधी सभी नियमों का पालन करना चाहिए :—

—ये ऐसे नहीं होना चाहिए जो अंडा उत्पादों के जैविक गुणों का ह्रास करते हों।

—ये अंडा उत्पादों में ऐसे पदार्थों को अन्तरित करने वाले नहीं होने चाहिये जो मानव स्वास्थ्य को हानि पहुंचाते हों।

—ये अंडा उत्पादों को पर्याप्त रूप से संरक्षण देने वाले और मजबूत होने चाहिये।

2. जिस कक्ष में आद्यान रखे जाएं वह धूल व कीड़े मकोड़ों से रहित होना चाहिए। प्रयोज्य आद्यानों को बनाने वाली सामग्री का भंडारण जमीन पर नहीं करना चाहिए।

3. अंडा उत्पाद के लिये प्रयोग किये गये आद्यानों को प्रयोग करने से पहले साफ करने चाहिए। पुनः प्रयोज्य आद्यान भरने से पहले साफ होना चाहिए, उसे रोगाणुमुक्त करके खंगाल लेना चाहिए।

4. आद्यानों को स्वास्थ्यजनक ढंग से कार्य करने वाले कक्ष में लाना चाहिए तथा अनावश्यक देरी किए बिना इनका प्रयोग होना चाहिए।

5. पैकिंग के तुरन्त बंद, आद्यानों को बंद करना और उन्हें अध्याय—II के बिन्दु 1 में निर्दिष्ट भंडारकक्ष में ले जाना चाहिए।

6. अंडा उत्पाद के लिए आद्यानों का प्रयोग, यदि अपेक्षित हो, अन्य खाद्य सामग्री के लिए किया जा सकता है, परन्तु ये साफ और रोगाणुमुक्त हों जिससे अंडा उत्पाद संदूषित न हो।

7. बड़ी मात्रा में, अंडा उत्पाद के परिवहन के लिए प्रयोग किए जाने वाले, आद्यानों को स्वास्थ्य संबंधी सभी नियमों का पालन करना चाहिए। इनमें विशेष रूप से निम्नलिखित हैं :—

—आद्यानों को भरत्रों/भीतरी सतह और कोई अन्य भाग जो अंडा उत्पाद के संस्पर्श में आएगा, ऐसे चिकने पदार्थों से निर्मित हो जो खाने में सहज हों, साफ और रोगाणुमुक्त हो, जंग प्रतिरोधक हो और पदार्थों को अंडा उत्पाद में ऐसी मात्रा में स्थानान्तरित न करें जो मानव जीवन के लिए खतरा पैदा करें या अंडा उत्पाद के संयोजन में गिरावट लाए अथवा इसके जैविक गुणों पर विपरीत प्रभाव डाले।

—आद्यानों की बनावट इस प्रकार की होनी चाहिए कि अंडा उत्पाद आसानी से पूर्ण रूप से हटाया जा सके। यदि वह टेप से बंद किया गया है तो उन्हें हटाना, खोलना, धोना, साफ करना व रोगाणुमुक्त करना आसान होना चाहिए।

—पुनः प्रयोग से पूर्व यदि आवश्यक हो प्रत्येक के तुरन्त बाद ही इन्हें धोना, साफ करना, रोगाणुमुक्त करना और खंगालना चाहिए।

—इनको भराई के बाद उचित सील लगाई जानी चाहिए और इन्हें परिवहन के दौरान तथा उपयोग किए जाने तक सील रहना चाहिए ।

—इन्हें अंडा उत्पादों के परिवहन के लिए सुरक्षित रखना चाहिए ।

अध्याय—9

भंडारण

1. अंडा उत्पादों को अध्याय 2 के बिन्दु 1 में निर्दिष्ट भंडारकक्ष में रखना चाहिए ।

2. अंडा उत्पादों को जिनके भंडार के लिए कतिपय तापमान अपेक्षित है; उन्हें उसी तापमान पर रखना चाहिए। भंडार कक्ष के तापमान को लगातार अभिलिखित किया जाए । प्रशीतन दर ऐसी होनी चाहिए कि उत्पाद शीघ्रतातिशीघ्र अपेक्षित तापमान पर पहुंच जाए; आद्यानों को ऐसी रीति से भंडार करना चाहिए कि उनके चारों ओर वायु आसानी से आ जा सके।

3. भंडार कक्ष में तापमान निम्नलिखित मान से अधिक न हो —

—अधिक जमा हुआ उत्पाद	18 डिग्री सेल्सियस
—जमा हुआ उत्पाद	12 डिग्री सेल्सियस
—ठंडा उत्पाद	+ 4 डिग्री सेल्सियस

निर्बल उत्पाद (अंडे की सफेदी के बिना) + 15 डिग्री सेल्सियस ।

अध्याय—10

परिवहन

1. अंडा उत्पादों के परिवहन के लिए वाहन और आद्यानों का ढांचा और सज्जा ऐसी होनी चाहिए कि इन निबंधों द्वारा अपेक्षित तापमान परिवहन की संपूर्ण अवधि में सतत रूप से बना रहे ।

2. अंडा उत्पादों को ऐसी रीति में प्रेषित किया जाना है चाहिए कि परिवहन के दौरान किसी भी ऐसी चीज से जो उनके लिए हानिकारक है, पर्याप्त रूप से सुरक्षित रहे ।

3. अध्याय 1 में बिन्दु 3 में विहित तापमान परिवहन के दौरान बने रहना चाहिए ।

अध्याय—11

अंडा उत्पादों का चिन्हांकन

1. प्लांट के अंडा उत्पादों के प्रत्येक परेषण पर निम्नलिखित विवरण वाला लेबल लगा होना चाहिए :—

(i) या तो :—ऊपरी भाग पर प्रेषिती देश के नाम के आरंभिक अक्षर/अक्षरों को साफ अक्षरों में लिखा जाए अर्थात् — बी/डी/डी के/के एल/ई एस पी/एफ/ आई आर एल/आई/एल/ एन एल/ पी/ यू के, जिसके पश्चात् प्लांट का अनुमोदन संख्यांक दर्शित हो। नीचे के भाग पर निम्नलिखित सेटों में से एक के आद्याक्षर लिखे जाए : सीईई—ईईसी—ईईजी—ईओके—ईडब्ल्यूजी—ईओएफ ।

(ii) या :—ऊपरी भाग पर प्रेषिती देश का नाम साफ अक्षरों में। मध्य में प्लांट का अनुमोदन संख्यांक होना चाहिए ; नीचे के भाग पर निम्नलिखित सैटों में से एक के आद्याक्षर लिखे जाएं : सीईई—ईईसी—ईईजी —ईओके—ईडब्ल्यूजी—ईओएफ ।

(iii) वह तापमान जिस पर अंडा उत्पाद को रखना है तथा वह अवधि जिसके दौरान उनका संरक्षण सुनिश्चित किया गया है । लेबल सुपाठ्य अमिट और आसानी से अर्थ निकाला जा सकने वाली प्रकृति का होना चाहिए।

2. परिवहन दस्तावेजों में विशेष रूप से निम्नलिखित सम्मिलित होने चाहिए :—

(i) उत्पादों की प्रकृति उद्गम के वर्ग सहित इंगित होनी चाहिए;

(ii) बैच संख्यांक;

(iii) गन्तव्य स्थान और पहले पाने वाले का नाम व पता;

(iv) यह जानकारी और पौष्टिकता का चिन्ह राजभाषा में या गन्तव्य देश की भाषा में होना चाहिए।

अध्याय—12

[यू एस ए (संयुक्त राज्य अमरीका) को किए गए निर्यात पर लागू]

1. सफाई, संसाधन और सुविधा की अपेक्षाएं

1. प्लांट की अपेक्षाएं

1.1 प्लांट आपत्तिजनक गंध, धूल और धुएं वाली वायु से पूर्णतया मुक्त होना चाहिए ।

1.2 परिसर कूड़ा करकट, कबाड़, रद्दी और अन्य दूसरे तत्वों से पूर्णतया मुक्त होना चाहिए और ऐसी अवस्थाएं जो गंध के साधनों का सृजन करती है या कीट, कृन्तकों तथा अन्य कीड़े मकौड़ों के स्रोत बनती है, से मुक्त होना चाहिए ।

1.3 भवन का मजबूती से निर्मित होना चाहिए और अच्छी मरम्मत करके रखा गया हो जिससे उसमें कीड़े मकौड़ों के शरण लेने या प्रवेश की गुंजाइश न हो ।

1.4 कक्ष कूड़ा करकट, कचड़े, रद्दी तत्वों, दुर्गंध, कीटों, कृन्तकों से मुक्त रखा जाएगा और ऐसी अवस्थाएं जो गंद के साधनों का सृजन करती है या कीट कृन्तकों तथा अन्य कीड़े मकोड़ों के स्त्रोत बनती है, से मुक्त होना चाहिए। ऐसी सामग्री और उपस्कर को, जो वर्तमान में प्रयोज्य नहीं है, संभाल और भंडारकरण ऐसी रीति में किया जाएगा जिससे कि वह स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा न करे।

1.5 दरवाजे और खिड़कियां जो बाहर को खुलती है, कृन्तकों व अन्य कीड़ों आदि के प्रवेश को रोकने वाले होंगे। दरवाजे, खिड़कियों व सेविका कक्ष, जहां खाद्य पदार्थ रखा गया हो की, संरचना व बनावट इस प्रकार होनी चाहिए कि वे धूल व गंदगी को रोक सकें। उन दरवाजों का निर्माण, जो उन कमरों में खुलते है जहां खाद्य उत्पाद का प्रसंस्करण होता है, मजबूती से होना चाहिए और ऐसे दरवाजे जो फ्रिज या कूलर के दरवाजों से भिन्न है, स्वयं बंद करने वाली युक्ति सहित होने चाहिए।

1.6 दरवाजे और ऐसे अन्य निकास जिनसे कृन्तक प्रवेश कर सकते है, का निर्माण कृन्तक प्रूफ होना चाहिए।

1.7 प्लांट और परिसर के लिए सुचारू पानी निकास और नलसाजी की व्यवस्था होनी चाहिए। नाली और मलवहन नाल अनुमोदित जाली और छिद्रों के साथ उचित रूप से लगायी जानी चाहिए। पर्याप्त ढलान के साथ शीघ्रता और निर्बाध रूप से गंदे पानी का निकालना और अन्य बहुत सी संसाधन की प्रक्रिया का संचालन होना चाहिए। फर्श की नाली का भाग निकास जाली के साथ इस प्रकार जुड़ा हुआ हो जो पानी के ठहराव को न होने दे। नयी या पूर्ण संशोधित रूप देकर बनाए गए शौच रोके पानी से निकास की नालियां प्लांट की अन्य निकास नालियों से नहीं जोड़ी जानी चाहिए।

1.8 पानी की आपूर्ति (गर्म और ठंडा दोनों) प्रचुर, साफ व पेय रूप में पर्याप्त दबाव के साथ होगी। तथा प्लांट या उसके किसी भाग को पानी की आपूर्ति की सुविधाएं दी जाएगी जो अंडा प्रसंस्करण और संचालन व्यवस्था तथा उन्हें संदूषित तथा प्रदूषित होने से बचाया जाना चाहिए।

1.9 फर्श, दीवारें, छत, पृथककरण, स्तंभ दरवाजे, सभी अन्य प्रकार के भागों का निर्माण ऐसे पदार्थों से होगा जो उनका त्वरित और सम्पूर्ण सफाई को सुकर बना सके। फर्श और मोड जलरोधी होने चाहिए।

1.10 प्रत्येक कमरा और कक्ष जिसमें झिल्ली अंडा या अंडा उत्पाद का रखरखाव या प्रसंस्करण होता है, उसका डिजाइन निर्माण और रखरखाव इस प्रकार किया जाएगा कि यह साफ और सुचारू प्रकृति जो आपत्तिजनक गंध और वाष्प से मुक्त हो, के संसाधन और संचालन शर्तों को सुनिश्चित करे। साथ ही सफाई और स्वास्थ्य जनक परिस्थिति को भी बनाए रखे।

1.11 प्लांट या उसके किसी भाग, जिसमें झिल्ली अंडा या अंडा उत्पाद का रखरखाव या भंडारण किया जा रहा है, से कुत्ते, बिल्लियों और कीड़े-मकोड़ों (जिसमें कीट, कृन्तक और जन्तु सम्मिलित है परन्तु यह इन्हीं तक सीमित नहीं है) को बाहर रखने की प्रत्येक सावधानी बरती जाएगी।

1.12 (i) वहां पर्याप्त संख्या में शौचालय, ड्रेसिंग कक्ष, प्रसाधन कक्ष जिनका आकार विन्यास हो, और सुविधाजनक व कुशलता पूर्ण उपयोक्त स्थिर हो। जो सुविधाजनक स्थान पर स्थित हों तथा उन कमरों और कक्षों से पृथक हो जिनमें झिल्ली अंडा या अंडा उत्पाद का रखरखाव, संसाधन या भंडारण होता है। ड्रेसिंग कक्षों और प्रसाधन कक्षों में पृथक रूप से वायु संचार होना चाहिए, उन्हें स्वास्थ्य निर्माण व उपस्कर संबंधी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाला होना चाहिए।

(ii) निम्नलिखित सूत्र अपेक्षित प्रसाधन सुविधाओं के निर्धारण के लिए आधार है:—

एक ही लिंग भेद के व्यक्ति	अपेक्षित प्रसाधन पात्र	
01 से 15, दोनों सम्मिलित		1
16 से 35, दोनों सम्मिलित		2
36 से 55, दोनों सम्मिलित	*	3
56 से 80, दोनों सम्मिलित	*	4
80 से अधिक प्रत्येक अतिरिक्त 30 व्यक्तियों के लिए	*	1

*प्रसाधन पात्र के स्थान पर मूत्रालय रखे जा सकते है परन्तु यह पात्रों की कुल संख्या के 1/3 भाग तक ही हो सकता है।

1.13 शौचालय ही जगह प्लांट में जिनमें, गर्म व ठंडा बहता हुआ पानी, एक बार प्रयोज्य तौलियों और साबुन जिसमें ऐसी गंध न हो जो उत्पाद के ठीक मूल्यांकन करने में हस्तक्षेप करे, सम्मिलित है परन्तु यह इन्हीं बातों तक सीमित नहीं है उस स्थान पर स्थित होगी जहां किसी झिल्ली अंडा या अंडा उत्पादों का रखरखाव करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सफाई सुनिश्चित हो सके। संसाधन क्षेत्रों में हाथ धोने की सुविधाएं संचालन नियंत्रण करने वाले व्यक्ति से भिन्न व्यक्ति द्वारा संचालित होगी। और निकास के लिए जाली होगी जो नल साज-व्यवस्था से जुड़ी होनी चाहिए।

1.14 प्लांट में सभी सुविधाजनक स्थानों पर उपकरणों व उपस्करों की सफाई और स्वच्छता के लिए उपयुक्त सुविधाओं की व्यवस्था होगी।

1.15 झिल्लियों, कचरा और दूसरे कूड़े को रखने और इकठठा करने के लिए कूड़ाघर की व्यवस्था होनी चाहिए। ये पूर्ण रूप से पृथक कक्ष होते है, जो अंडा तोड़ने वाले कक्षों या रखने वाले नहीं होंगें या वे उन कमरों में नहीं खुलेंगें जहां अंडा उत्पाद और बकिंग पदार्थों की संभाल की जाती है या भंडारण होता है और ये सफाई के लिए अनुमोदित नालियों सुविधाओं सहित होंगें तथा बाहर हवा फेंकने वाली अनुमोदित सहित बने होंगे। झिल्ली का रखरखाव तथा कचरे और अन्य कूड़े की वैकल्पिक व्यवस्था सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित हो सकती है बशर्ते इस व्यवस्था में कचरे को हटाने और उसकी व्यवस्था करने के लिए तुल्यमाप मान की सफाई की व्यवस्था की गई है

2 उपस्कर और उपकरण :—पोलीक लोरीनेटिड बाईपिनाइल्स (बी सी बी) रखने वाला उपस्कर

2.1 झिल्ली अंडा और अंडा उत्पाद के संसाधन में प्रयुक्त उपकरणों की बनावट, सामग्री और निर्माण तथा अपेक्षा निम्न प्रकार होगी :—

(i) जो ऐसे उत्पाद का परीक्षण, पृथककरण और संसाधन के सुचारू, साफ और संतोषजनक रूप में करने में सहायता करें।

(ii) वे पूर्ण सफाई और स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए सभी भागों में आसानी से पहुंच सकें। जहां तक व्यवहार्य होंगें सभी औजार धातु से या अन्य ऐसी अप्रभावित सामग्री से बने होंगे जो रसायनिक क्रिया या भौतिक सम्पर्क से उत्पाद को प्रभावित नहीं करें।

2.2 सक्षम प्राधिकारी द्वारा यथा प्राधिकृत नए और पुनः माडल किए उपस्कर और उसके स्थापित करने को छोड़कर स्थापित उपस्कर ऐसे उपस्कर के लिए अंगीकृत रीति से उसे लागू स्वच्छता के मानकों को अनुपालन करेगा।

2.3 नए या पुराने उपस्कर के बदले नए उपस्कर या मशीन (जिसमें बदला गया कोई भाग सम्मिलित है) जो किसी अनुमोदित प्लांट के परिसर में लाई गयी है उसमें द्रव्य माध्यम के 50 पीपी एम भार से अधिक सांद्रता वाली द्रव्य पोलीक्लोरीनेटिड बाईफिनाइल नहीं होगी। व्यवस्था दोनों खाद्य संसाधन और अखाद्य संसाधन उपस्कर और मशीनरी तथा ऐसे उपस्कर मशीनरी के बदले में आए किसी भाग पर लागू होगी। पूर्ण रूप से घिरे हुए ऐसे संधारित्र जिनमें 3 पौण्ड पीसीबी से कम हो इस प्रतिषेध से मुक्त होंगे।

3. सामान्य संचालन प्रक्रिया

3.1 संचालन, जिसमें संसाधन, भंडारण और अंडा झिल्ली अवयवों तथा अंडा उत्पादों की व्यवस्था अर्न्तविष्ट है, पूर्णतया सफाई व स्वच्छता के तरीकों का कड़ाई से पालन करते हुए किया जाएगा। अभिक्रिया, स्थरीकरण और अन्य संसाधन इस भाग के अनुसार होनी चाहिए तथा वे सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित हो सभी संचालनों में संसाधन के तरीके और तापमान इस प्रकार होंगे कि वे अंडा उत्पाद के विनाश को रोके।

3.2 अनुमोदित प्लांटों मे संसाधित झिल्ली अंडा और अंडा उत्पादों का प्रत्येक संसाधन संचालन के दौरान स्थायी और लगातार निरीक्षण होगा। कोई भी झिल्ली अंडा या अंडा उत्पाद जो उन विनियमों के अनुसार संसाधित न हो या जो मानवीय खाद्य के योग्य न हो उन्हें हटा कर अलग किया जाएगा।

3.3 सभी हानि और अखाद्य अंडे या अंडा उत्पाद को "अखाद्य" लेबल अंकित आधान में रखा जाएगा तथा जिसमें पर्याप्त मात्रा में अनुमोदित विकृतिकारक या लक्षणहीन कारक रखे हों, जैसे भूरा, नीला, काला या गहरा रंग मांस कम और पेषण उपोत्पादन या कोई अन्य उत्पाद जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित हो इस धारा का प्रयोजन पूरा करेगा।

झिल्ली अंडा को तोड़ा जाएगा और उसके अंग को उत्पाद में ऐसी पर्याप्त मात्रा में निखेर दिया जाएगा जो उत्पाद को एक भिन्न रूप या गंध दे सके। पूर्ववर्ती के होते हुए भी और सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से ओवेटक खाद्य उत्पाद को "अखाद्य" लेबल किए गए आधान में रख सकता है जिनमें विकृतिकारक नहीं रखा गया है यदि ऐसा अखाद्य उत्पाद को अनुमोदित प्लांट से नौमरण के पहले विकृत या लक्षनहीन कर दिया है परन्तु यह कि ऐसा उत्पाद उचित रूप से पैक लेबल और पृथक किए गए हैं और उनके संबंध में नियंत्रण सूची बनाई गई है। इसके अतिरिक्त अनुमोदित प्लांट से औद्योगिक प्रयोग के लिए या पशु खाद्य के लिए भेजे गए उत्पाद को विकृतिकारक या लक्षण विहीन करना जरूरी नहीं है बशर्ते यह सरकारी सील के अधीन नौभार किया गया है।

3.4 सक्षम प्राधिकारी सैगनेला के लिए प्रयोगशाला परिणाम की प्राप्ति से पूर्व या किसी आम कारण के जैसे कि ठोस वस्तुओं को लेबल करना, अनुमोदित प्लांट से अंडा उत्पादों को भेजने की अनुमति दे सकेगा, जब उनको यह संदेह नहीं हो कि इस भाग के किसी व्यवस्था का अपालन हो रहा है। तथापि ऐसा नौभार ऐसी परिस्थितियों के अधीन होगा जो प्लांट में उत्पाद की वापसी, पुनः संसाधन, पुनः लेबल करने को, आश्वस्त करें या ऐसी अन्य शर्तों के अधीन हो जो सक्षम प्राधिकारी इस भाग की अनुपालन कराने के लिए निर्धारित करे।

3.5 पेश्चुराइजिंग, स्थायीकरण या सुखा संचालन अंडा तोड़ने के पश्चात् यथा शीघ्र शुरू करना होगा जिससे उत्पाद का विनाश होने से रोका जा सके। यह अंडा उत्पाद के लिए, अंडा तोड़ने की मशीनों से भिन्न हो जिसे शर्करा रहित किया जाता है, के समय से अधिमानतः 72 घंटों के भीतर होना चाहिए ।

3.6 प्रत्येक व्यक्ति जो खुले या बिना पैक किए हुए अंडा उत्पाद या किसी औजार या ऐसे आधान को जो अंडा उत्पाद के संपर्क में आ सकता है संभाल करता है वह अपने हाथ धोएगा और उन्हें साफ रखेगा ।

3.7 कोई उत्पाद या सामग्री जो आपत्तिजनक स्थिति उत्पन्न करती है संसाधित नहीं की जाएगी या उन्हें ऐसे कक्ष, कमरे या स्थान पर नहीं रखा जाएगा जहां छिल्की अंडा या अंडा उत्पादन का संसाधन भंडारण या संभाल होती है ।

3.8 अनुमोदित प्लांट में केवल जीवाणु नाशी, कीट-नाशी साफ करने वाले या नमी नाशीकारक या दूसरे ऐसे समतुल्य यौगिक, जो अंडा व अंडा उत्पादों पर हानिकर प्रभाव नहीं डालते और जिन्हें सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया गया हो, का प्रयोग हो सकेगा । ऐसे यौगिकों का प्रयोग सक्षम प्राधिकार के समाधान पर किया जाएगा ।

3.9 कोई औजार और उपस्कर जो अंडा झिल्ली या अंडा उत्पाद के संसाधन के दौरान संदूषित हो गए हों, उन्हें प्रयोग न करने के लिए तुरन्त ही हटा दिया जाना चाहिए और उनका जब तक प्रयोग नहीं किया जाए जब तक वे साफ व स्वच्छ दशा में न हों ।

3.10 अंडा उत्पाद के संसाधन के दौरान मिलाया गया कोई भी पदार्थ मानव खाद्य के लिए साफ व उचित होगा या अवयव ।

3.11 जब उन्हें अंडा उत्पादों से भरा जाए तब अंडा उत्पादों की पैकिंग या आधान के स्वच्छ डिजाइन के तथा साफ होंगे तथा भरते समय प्रत्येक प्रकार की सावधानी बरती जानी चाहिए जिससे कि किसी पैकिंग या आधान की सतह, जो ऐसे अंडा उत्पाद के सीधे संपर्क में हो आती है या आएगी, धूल या संदूषण से दूर रहे केवल नए आधान ही या प्रयोग किए गए ऐसे आधान जो साफ हो और अच्छी स्थिति में हो और भीतरी उपयुक्त सतह वाले आधान ही खाद्य उत्पाद की पैकिंग के लिए उपयोग किए जा सकते हैं । फाइबर आधान, जिनका प्रयोग बिना अन्तर की सतह के हुआ हो, समक्ष प्राधिकारी का अनुमोदन अपेक्षित है ।

3.12 परिष्कृत उत्पाद की स्वास्थ्य प्रदता निर्धारित करने के लिए अंडा उत्पादों का निरीक्षण किया जाएगा ।

3.13 अंडा उत्पाद का संसाधन ऐसी रीति में यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा कि उससे रक्त और गोश्त के धब्बे, झिल्ली के कण और बाहरी वस्तु तुरन्त दूर हो ।

3.14 घुमाने वाले एकक, पाउडर वाहक, छनना, मिथक, मशीनी पाउडर कूलरों के सिवाय संसाधन संचालनों के प्रारंभ में औजार और उपस्कर साफ और स्वच्छ होंगे । सभी संसाधन संचालनों के दौरान उपस्कर और औजार साफ और स्वच्छ ढंग से रखे जाएंगे ।

3.15 अंडा उत्पाद को उपभोक्ता के लिए भेजने से पहले इस अध्याय के पैरा 20 के अनुसार पेश्चुराइज किया जाएगा सिवाय इसके कि बिना पेश्चुराइज किए द्रव से तैयार सूखी सफेदी का इस अध्याय के पैरा 27 के अनुसार गरम किया जाएगा ।

(i) पर्याप्त पेश्चुराइजेशन निश्चित करने के लिए विश्वासपूर्वक हो कि रोग उत्पन्न उत्पादन जीवाणु की उपस्थिति के लिए अंडा उत्पाद का नमूने लेकर उसकी समोनेला की उपस्थिति के लिए जांच करायी जाएगी । सैमोनेला की उपस्थिति की जांच के लिए नमूना अध्याय II के अनुसार होगी और यदि उत्पाद में सेमोनेला पाजिटिव पाया जाता है तो इसे पुनः संसाधित, पेश्चुराइज किया जाएगा और सेमोनेला की विद्यमानता के लिए विश्लेषण किया जाएगा या इसे विकृत कर दिया जाएगा ।

(ii) बिना पेश्चुराइज या सैमोनेला पाजिटिव अंडा उत्पाद की अनुमोदित प्लांट में पश्चुराइज, पुनः पेश्चुराइज या ताप संसाधित किया जा सकता है बिना पेश्चुराइज या संमोनेला पाजिटिव उत्पाद वाले आधानों पर अध्याय XIII के चित्र 3 में दर्शित चिन्ह से पहचान बनायी जाएगी ।

3.16 उत्पाद या उत्पाद संपर्क सतहों में आने वाले वायु बाहरी वायु स्रोतों के अनुमोदित फिल्टर से आएगी ।

3.17 अनुमोदित प्लांट में सभी द्रव और ठोस अपशिष्ट सामग्री उत्पाद को संदूषण से बचाने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित रीति में हटायी जाएगी और यह स्वीकार्य पर्यावरणीय संरक्षण पद्धतियों के अनुसार होगी ।

4 कृत्रिम प्रकाश और अन्तरण कक्ष सुविधाएं तथा उपस्कर

4.1 कमरे की संरचना इस प्रकार होनी चाहिए जिसमें पर्याप्त रूप में अन्धेरा किया जा सके और कृत्रिम प्रकाश के द्वारा होने वाली असाव या अंडों की हानि को हटाने में निश्चितता हो । उपस्करों की व्यवस्था सफाईजनक हो और कचरे को तथा पैकिंग सामग्री को हटाने में सहायक हो ।

4.2 फर्श का निर्माण पूर्णतया सफाई करने में सहायक हो और फर्श पानी का प्रतिरोधी बनावट वाला हो तथा इसमें उचित निकास भी हो ।

4.3 अनुमोदित निकास व्यवस्था लगातार सीधे रूप में भाप, धुआं, गंध व धूल को कमरे से बाहर फेंकने वाली

हो। संचालन के दौरान कमरे का ताप यथोचित रूप से कार्य करने योग्य तापमान पर रखा जाना चाहिए।

4.4 अनुमोदित प्रकार की कृत्रिम प्रकाश व्यवस्था हो जो प्रकाश रखने वाले को हानि पहुंचाए, गन्दगी या ऐक अंडे तथा मुर्गी के अंडों से भिन्न अंडों का पता लगाने में सहायक हो।

4.5 लोकर ट्रे ऐसी सामग्री और ऐसे डिजाइन की बनी होनी चाहिए जिससे सफाई व स्वच्छता आसान हो सके।

4.6 खाद्य अंडों के लिए ऐसे आधानों को दिया जाना चाहिए जो ऐसी सामग्री और ऐसे डिजाइनों से बने हों कि उनकी सफाई सरलता से की जा सके। सभी ऐसे आधानों पर स्पष्ट रूप से चिन्हांकन किया जाए।

4.7 कमरे के लिए ऐसे आधानों को दिया जाना चाहिए जो ऐसी सामग्री और ऐसे डिजाइन से बने हों कि उनकी सफाई सरलता से की जा सके जब तक कि प्रतिदिन प्रयोजक साफ आधान न दिए जाएं।

4.8 झिल्ली अंडा वाहक का निर्माण इस प्रकार होना चाहिए कि उन्हें पूर्ण रूप में साफ किया जा सके।

5. प्रकाशीय और स्थानांतरण कक्ष का संचालन

5.1 प्रकाशीय और स्थानांतरण कक्षों और उपकरणों को स्वच्छ मकड़ी के जालों, धूल आपत्तिजनक दुर्गंधों और अत्यधिक पैकिंग सामग्री से मुक्त रखा जाएगा।

5.2 अखाद्य अंडों के डिब्बों को प्रकाशय कक्षों से दूर रखा जाएगा यदि प्रायः आवश्यकता समझी जाए तो प्रतिदिन प्लांट को स्वच्छता से साफ किया जाएगा। प्लांट को आपत्तिजनक दुर्गंधों से मुक्त रखा जाएं।

5.3 अंडों के छिलकों को तोड़ने से पूर्व प्रेस्वेदन क्रिया को कम करने की किन्हीं रीति का प्रबंध किया जाएगा.

5.4 जब तक इस अध्याय के 6.4 के अधीन प्रतिषिद्ध न किया गया हो व्यापक रूप से क्षतिग्रस्त छिलकों सहित अंडों के छिलकों को छिद्र-ट्रे में स्थानांतरित किया जाएगा और तत्काल तोड़ा जाएगा।

6. अंडा उत्पाद प्रक्रिया में प्रयुक्त अंडों के छिलकों का वर्गीकरण

6.1 अंडे छिलकों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित रीति से निम्नलिखित प्रवर्गों में छटाई और वर्गीकृत किया जाएगा :

(i) इस अध्याय के पैरा 6.4 में सूचीबद्ध अंडे।

(ii) गंदे।

(iii) छिद्र जैसाकि इस अध्याय के पैरा 6.3 (ii) में वर्णित है।

(iv) मुर्गी का चूजा बतख, पीरू (पक्षी) गिनी, कुकुमट और हंसनी के अंडों से भिन्न अन्य अंडे से।

(v) तोड़न स्टॉक के रूप में प्रयोग के लिए अन्य समाधानप्रद अंडे।

6.2 अंडे छिलकों में यदि अधिक दुर्गंध पाई जाए या अधिक दुर्गंध युक्त अंडे के प्राप्त किए जाने के मामले में स्वीकार्यता से निश्चित करने के लिए पृथक रूप से प्रकाशित और तोड़ा जाएगा।

6.3 जब अंडों के छिलकों को तोड़ने के लिए प्रस्तुत किया जाए तब खाद्य अंतरीय गुणवता को सुरक्षित रखा जाएगा और (छिलके ठीक रखे जाएंगे) और धूल और उसके अतिरिक्त बाह्य सामग्री से मुक्त होंगे।

(i) यदि अंडों के साथ अंडों के छिलकों के हिस्सों में मिल जाए उसकी जांच की जाए कि दुर्गंध धूल और बाह्य सामग्री से मुक्त है और छिलकों की झिल्ली न फटी हो।

(ii) साफ छिलकों वाले अंडे जो प्रकाशन और/या स्थानांतरण में क्षतिग्रस्त हो गए हैं और छिलके के हिस्से (छिलके) झिल्ली में अप्राप्त मिल जाए तो उन्हें केवल तभी उपयोग में लाया जाएगा जब जर्दी खंडित नहीं हुई हो और अंडों के पदार्थ छिलकों के बाहरी भाग में से नहीं रिसते है। इस प्रकार के अंडों को छिद्र ट्रे में स्थानांतरित किया जाएगा और तत्काल तोड़ा जाएगा।

(iii) अंडों के साथ मांस और खून के धब्बे लग जाएं तो यदि धब्बों को स्वीकार्य रीति से मिटा दिया जाता है तो प्रयोग में लाए जा सकते है।

6.4 सभी घटित और अखाद्य (अभोज्य) अंडों का नाम निर्दिष्ट आधानों में स्थानांतरित किया जाएगा और इस अध्याय के 3.3 में, की अपेक्षानुसार प्रबंध किया जाएगा। अखाद्य और घटित अंडों के इस अध्याय और इन आधानों के 9.9 के प्रयोजन के लिए परिभाषित जैसे काले, रोप्स सहित, सफेद रोटस, मिश्रित रोटस, हरा सफेद एवं ब्यूम या पीला भाग (जरदी) कुचला पीला भाग (जरदी) गजकारी पीला भाग भ्रूण विकसित, फफूंदीदार अंडे, खट्टे अंडे और अंडों का अपमिश्रण के इस प्रकार की शर्तों द्वारा उस भाग में परिभाषित है और कोई अन्य गले सड़े और विघटित अंडे जिसमें निम्नलिखित भी सम्मिलित है :—

(i) अंडों में से मांस और खून के हटाने योग्य धब्बों से भिन्न दृश्य बाह्य पदार्थों वाला कोई अंडा।

(ii) छिलके के किसी भाग वाला और अखाद्य झिल्ली वाला अंडा और छिलके के बाह्य हिस्से के साथ चिपका हुआ या छिलकों के बाह्य हिस्सों से अंडा मांस से स्पर्श होने वाला कोई अंडा।

(iii) छिलके में चिपकी हुई धूल या बाह्य पदार्थ वाला और छिलके और छिलके की झिल्ली में दरार वाला कोई अंडा ।

(iv) अंडों के छिलकों के पात्रों (डिब्बों) और छिद्र ट्रे से पुनराप्त तरल अंडा ।

(v) स्वच्छता प्रचालन में बनाए गए खुले छिद्र ।

(vi) ऐसा कोई अंडा जो यह साक्ष्य प्रदर्शित करता हो कि फेस से स्थानांतरण के पूर्व अंतर्वस्तु रिसती है या रिस रही है ।

6.5 उष्मायित अस्वीकृत अंडों को अनुमोदित प्लांट में नहीं लाया जाएगा ।

7. अंडों में स्वच्छता संचालन ।

7.1 जब धूले अंडों के छिलकों को तोडने के लिए पेश किया जाए तो निम्नलिखित अपेक्षाओं की पूर्ति की जाएगी ।

(i) अंडों के छिलकों को साफ करने के औजारों (उपकरणों) को पूर्ण रूप से व्यवस्थिति स्थिति में रखा जाए । यदि आवश्यक समझा जाए तो प्रत्येक दिन प्रयोग करने के बाद उनकी स्वच्छता से सफाई की जाए ।

(ii) साफ करने वाले पानी के ताप को 32 डिग्री सेल्सियम पर या अधिक पर सुनिश्चित किया जाए और जब अंडों को धोया जाए तो तापमान को कम से कम 11 डिग्री सेल्सियस पर होना चाहिए । ये तापमान पूर्णरूप से सफाई के आवर्तन में सुनिश्चित रखा जाएगा ।

(iii) घुले पानी के लिए एक स्वच्छतापूर्ण अनुमोदित कंपाउंड का प्रयोग किया जाए । विक्रय में कंपाउंड डिस्पैनसिंग के लिए भाप मापीय उपकरणों के प्रयोग और सिफारिशें की गई हैं ।

(iv) घुले पानी को लगभग प्रत्येक 4 घंटों के अन्तराल पर बदल दिया जाएगा यदि प्रायः आवश्यकता समझी जाए तो प्रत्येक आखिरी शिफ्ट पर इसे स्वच्छता की स्थिति में रखा जाए । अंडे की धुलाई प्रचालन (संचालन) के दौरान उपचारात्मक मापकों से अतिमात्रा में फेल करने से रोका जाएगा ।

(v) प्रशीतित पानी को क्रमशः निरन्तर प्रतिस्थापन कर दिया जाए और वासर्श को लगातार प्रवाहित किया जाएगा । प्रक्षालन पानी और रसायनिक स्वच्छ प्रक्षालन प्रतिस्थापन बदलने का प्रयोग होना चाहिए । आयोडिन शुद्धता प्रक्षालन का प्रयोग पानी के प्रतिस्थापन में नहीं किया जाना चाहिए ।

(vi) अंडे की धुलाई (प्रक्षालन) संचालन से निकलने वाले पानी को सीधे निकासी से निकाला जाएगा ।

(7) धुलाई संचालन को निरंतर किया जाएगा और जहां तक संभव हो संचालन को शीघ्रता से पूर्ण किया जाएगा। अंडों को खड़ा करना या पानी में भिगोना स्वीकार्य नहीं होगा। निमज्जन किस्म के वाशर्त का प्रयोग नहीं किया जाएगा ।

(8) अंडे के छिलकों को धुलाई करने के पूर्व उनको गीला करने से पहले अंडों के ऊपर गण सम्पन्न पानी के लगातार बहाव द्वारा ऐसी रीति से छिड़काव किया जाए जो पानी को बाहर निकलने की अनुमति देती है या ऐसे संयत्रों के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जाए । पानी का तापमान वही होगा जो इस अध्याय में निहित है ।

(9) धुले अंडों का प्रक्षालन छिकाव अनुमानित स्वच्छतापूर्ण स्थिति के साथ 100 पीपीएम से कम न किया जाए और ना ही 200 पीपीएम के अधिक रसायनिक का, अथवा इसके समतुल्य;

7.2 अंडों को तोड़ने वाले कक्ष में न धोया जाएगा या किसी कक्ष में जहां खाद्य उत्पाद की प्रक्रिया की जाए।

7.3 अंडे तोड़ते समय छिलकों को पर्याप्त रूप में सुखाया जाए और संदूषण से रोकने के लिए या तरल अंडे उत्पाद के अपमिश्रण से छिलके की नमी से मुक्त (दूर) रखने के लिए।

8. तोड़ने वाली कक्ष (कमरों) की सुविधाए

8.1 तोड़ने वाले सभी कक्ष के कार्य सतह से प्रकाश को लगभग 30 फुट से बराबर रखा जाएगा इसके सिवाय यह प्रकाश तीव्र या तोड़ने वाले और निरीक्षण स्थान से कम से कम 50 फुट की दूरीपर रखा जाए। प्रकाश समुचित सुरक्षा जिस दूरी से संरक्षित होगी।

8.2 छतों और दीवारों की सतह को चिकनी और पानी रोधक सामग्री से बनाया जाएगा।

8.3 सतह की संरचना जलरोधक से की जाएगी और सतह की टूटी हुई और खरदरी से रहित होगी। दीवार के अंतरीय भाग की जगह से गंदे पानी की पर्याप्त निकासी के लिए नाली बनाई जानी चाहिए।

8.4 वायु आगमन के लिए व्यवस्था करना ।

(1) पूर्णकक्ष में बाहय वायु आने के लिए उपयुक्त छिद्रों की व्यवस्था ।

(2) संचालन प्रक्रिया के समय हवा का उचित तापमान ।

8.5 व्यक्तिगत तौर पर सभी अंडों को तोड़ने वाले कर्मियों के लिए पर्याप्त मात्रा में हाथ धोने के लिए आसान व सुगम सुविधाएं होंगी। गर्म पानी की पर्याप्त व्यवस्था, स्वच्छ तौलिए या हाथ सुखाने के लिए अन्य सुविधाएं, दुर्गन्ध रहित साबुन, काम में आने वाले तौलिए, डिब्बों की व्यवस्था होगी। हाथ धोने के लिए हस्तांतरित नियंत्रण से भिन्न द्वारा स्वचालित सुविधा होगी।

8.6 अंडे उत्पाद पैकिंग के लिए डिब्बे तरल अंडे ट्रान्टियों के रूप में स्वीकार्य नहीं है।

8.7 डिब्बों में से एक उचित पहचान प्रदत्त की जाए कि अस्वीकार्य तरल व्यंजन के लिए है।

8.8 छिलकों के हिस्सों और बाह्य सामग्री को प्रभावी तौर से हटाने के लिए अनुमोदित संरचना की छलनी, फिल्टर अथवा अपकेन्द्रीय निर्मल कर्मियों की व्यवस्था की जाएगी जब तक कि अन्य यांत्रिक डिवाइसेंस के लिए सक्षम प्राधिकारी से विशेष अनुमोदित प्राप्त नहीं कर लिया जाता है।

8.9 तरल अंडे उत्पाद पैकिंग के लिए, सिवाय स्वतः बंद पैकिंग प्रणाली के छलनी, कृत और पूर्ण हवादार किस्म के पृथक कक्ष की व्यवस्था की जाएगी।

9. तोड़ने वाले कक्ष का संचालन

9.1 तोड़ने वाले कक्ष को धूल से मुक्त स्वच्छता की दशा में और मक्खियों कीट और कृतकों से मुक्त रखा जाएगा। तोड़ने वाले कक्ष की फर्श के संचालन को समय पूर्णतया स्वच्छता से साफ और सुखाया जाएगा। तथा अंडा, मांस और छिलकों से रहित रखा जाएगा।

9.2 सभी तोड़ने वाले कक्ष के कर्मियों को अपने हाथों को दुर्गंध मुक्त साबुन से प्रत्येक समय तोड़ने वाले कक्ष में प्रवेश से पूर्व अच्छी तरह से साफ करेंगे और अखाद्य अंडों को तोड़ने के बाद साफ उपकरणों को प्रयोग में लाने से पूर्व साफ करेंगे।

9.3 कागज तौलिया अथवा टिसूज को तोड़ने वाली मेज पर प्रयोग किया जाएगा और इन्हें दोबारा प्रयोग में नहीं लाया जाएगा। कपड़े के तौलिए की अनुमति नहीं दी गई है।

9.4 तोड़ने वाले जब भी कार्य प्रारंभ किया जाए और भोजनावकाश के बाद स्वच्छ उपकरण औजार पूर्ण सेट का प्रयोग करेंगे। सभी मेजों के उपकरणों को प्रत्येक 2.5 घंटों में स्वच्छकर बारी-बारी से प्रयोग किया जाएगा।

9.5 प्यालों को अत्यधिक मात्रा में नहीं भरा जाएगा।

9.6 प्रत्येक अंडे के छिलकों को संतोषजनक ढंग से और स्वच्छता के माध्यमों से और दुर्गन्ध का निरीक्षण करके अंडे मास का परीक्षण कर समयबद्ध दशा में तोड़ा जाएगा। सक्षम प्राधिकारी द्वारा अन्यथा अनुमोदित के अलावा सभी अंडा मांस का, टैंक या चूर्ण में खाली किए जाने के पूर्व इस प्रकार के कार्यों को साफ करने के लिए अर्हित किसी व्यक्ति द्वारा पुनः निरीक्षण किया जाएगा।

9.7 अंडों के छिलकों में मांस और खून के धब्बों और अन्य बाह्य सामग्री कप, ट्रे में लग जाए तो उन्हें चम्मच से हटाया जायेगा या अन्य अनुमोदित उपकरणों से हटाया जाएगा।

9.8 जब भी अखाद्य अंडे तोड़े जाएं प्रभावित तोड़ने वाले उपकरणों को स्वच्छता के साथ साफ किया जाएगा।

9.9 अखाद्य और घटित अंडों को इस अध्याय के 6 से परिभाषा दी गई है, लागू होगी।

9.10 किसी भी प्याले के पदार्थ या अन्य तरल अंडों के पात्र जिसमें एक या अत्यधिक अखाद्य या घटित अंडे हों, को निकाल दिया जाएगा।

14. On the other hand it has been submitted on behalf of the management that the concerned workmen were the workers of contractors who was a registered contractor and by him they were removed as mentioned in the reference itself and there was no relationship of employer and employee between the management and the workmen and in this view of the matter the reference is not itself maintainable. It is also submitted that no oral or documentary evidence was adduced by he workmen to substantiate that they were all along working directly with the management from the year 1977 to 1986 when they were allegedly terminated from the services of the management despite giving a number of dates by this Tribunal to adduce and ultimately their case was closed. There is nothing on record to prove that contention that actually they worked with the management for more than 240 days or continuous service within 12 calendar months and they were in any case terminated/stopped from work in June 1986 by the management, and as such there is no question of giving any notice or notice compensation under Section 25-F of the I. D. Act as the case does not come under this purview.

15. It was also submitted that as held by the Hon'ble Supreme Court in 1971 II L.L.J. 567 (SC) in case of Vegoils Pvt. Ltd. v. The workmen, Their Lordships have held that "jurisdiction to decide about abolition of contract labour, or to put it differently, to prohibit employment of contract labour, has now to be done in accordance with Section 10 of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act, 1970. Therefore the jurisdiction of the Industrial Tribunals to adjudicate upon the disputes relating to abolition of contract labour or its absorption by the employer has been taken away". It is also submitted that there is nothing to show that the said contractor Nageshwar Singh was simply a paper arrangement and sham and camouflage entered into by the management to deprive the workmen of their legitimate wages and other benefits as no evidence was led by the workmen and the sponsoring union in support of their contention and the reference was in pursuance of the demand of the workman. So it was for the workmen and the sponsoring union to prove their case and the management has simply to deny it and it has been vehemently denied that there was relationship of employer and employee and no contrary evidence has been brought on record. Accordingly it is submitted that admittedly the concerned workmen were the workers of the contractor Nageshwar Singh as mentioned in the reference itself. So if they were terminated from service it was by the said contractor Nageshwar Singh and not by this management and if any claim of the workman is made out that should be dealt with under Section 10 of the Contract Labour (Regulation and Abolition) Act, 1970 and their demand against the management is not justified and the concerned workmen are not entitled to any relief.

16. I find much force in the plea taken by the management in the written argument and certainly it was for the workmen to prove their case that their demand for reinstatement and regularisation with the managemnet with effect from 17-6-86 was genuine and justified as they have completed more than 240 days in a calendar year but no evidence at all has been brought on record by the workmen and the sponsoring union. So far Ext. W-1 certified photo copy of the Sessions case No. 95/87 is concerned I find that there are 26 accused persons only shown whereas in the present reference there are 40 workmen and certainly all of them except Heera Mahato alias Heera Sardar was acquitted of the charges framed against them but from filing of this copy of the judgement it cannot be inferred that the workmen have worked with the management for a long period as claimed from the year 1977 to 1986 and they were entitled for being regularised and absorbed as permanent employees of the management. In absence of any evidence on record I find that the demand and claim of the workmen for their reinstatement and regularisation with the management with back wages cannot be said to be justified and genuine. Accordingly both the points are decided against the workmen. Hence, the following Award is rendered :—

> "The demand of the Food and Allied Workers Union, Patna on the management of Central Warehousing Corporation, Patna for reinstatement of 40 Food Handling Workers employed through their contractor, Shri Nageshwar Singh, whose services were terminated w.e.f. 17-7-86 is not justified. Consequently, the concerned workmen are not entitled to any relief."

17. However, there will be no order as to costs.

T. PRASAD, Presiding Officer

नई दिल्ली, 23 जुलाई, 1997

का.आ. 2104.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार हिन्दुस्तान कॉपर लि. के प्रबन्धतन्त्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक

विवाद में औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचाट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 23-7-97 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-43012/17/86-डी-III (बी)]

बी. एम. डेविड, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 23rd July, 1997

S.O. 2014.—In pursuance of Section II of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Hindustan Copper Ltd., and their workman, which was received by the Central Government on 23-7-1997.

[No. L-43012/17/86-D.III (B)]

B. M. DAVID, Desk Officer

अनुबंध

केस नं. सी.आई.टी. 38/87

रैफरेंस : केन्द्र सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेश क्र. एल-43012/17/86-डी-III (बी) दिनांक 8-7-87

श्री ओंकार सिंह पुत्र श्री गोरधन लाल हैल्पर, निवासी मकान नं. 202/28, धानी नदी, नई बस्ती, बालूपुरा रोड, अजमेर —प्रार्थी

बनाम

हिन्दुस्तान कॉपर लि., खेतड़ी कॉपर कॉम्प्लेक्स, खेतड़ी नगर, जिला झुंझुनू —अप्रार्थी

उपस्थित

प्रार्थी की ओर से :	कोई हाजिर नहीं
अप्रार्थी की ओर से :	श्री मनोज शर्मा
दिनांक अवार्ड :	22-4-1997

अवार्ड

केन्द्रीय सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित अधिसूचना अधिनिर्णय के लिए इस न्यायालय को भेजी गई है :

"क्या खेतड़ी कॉपर कॉम्पलैक्स, खेतड़ी नगर के प्रबंधतंत्र को श्री ओंकार सिंह (कर्मकार) के नाम को दिनांक 17-11-1983 से कॉम्पलैक्स के हाजिरी रजिस्टर से काटने की कार्यवाही न्यायोचित है? यदि नहीं तो कर्मकार किस अनुतोष का हकदार है?"

2. प्रार्थी ने स्टेटमेंट ऑफ क्लेम पेश किया और उसका कथन है कि श्रमिक को वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी द्वारा हैल्पर के पद पर वेतन श्रृंखला 210-5-230-6-320 में उसके पत्र क्रमांक के.सी.सी./रिक्रूट/(8-16) 77 टैक दिनांक 5-11-77 द्वारा लगाया गया और उसने अपनी ड्यूटी 5 11 77 को जोइन की और उसे सेवा में स्थाई किया गया। श्रमिक का कथन है कि वह 2-11-83 से 5-11-83 तक तीन दिवस का अवकाश लेकर व मुख्यालय छोड़ने की अनुमति लेकर अजमेर गया परन्तु 6-11-83 से वह बीमार पड़ गया और वहां के स्थानीय अस्पताल जे. एल. एन. में जेरे इलाज रहा। 31-12-83 तक जेरे इलाज रहा। उसने कार्मिक अधिकारी को 10-11-83, 25-11-83 व 15-12-83 को छुट्टी के लिए पत्र लिखे जिसमें रोग प्रमाणपत्र भी शामिल किया गया परन्तु कोई जवाब प्राप्त नहीं हुआ। प्रार्थी का यह भी कथन है कि 1-1-84 को उसने कार्मिक अधिकारी को अपनी जोइनिंग रिपोर्ट दी परन्तु उसे ड्यूटी पर नहीं लिया गया और कहा गया कि बाद में फैसला कर देंगे। प्रार्थी का यह भी कथन है कि पत्र दिनांक 2-12-83 के अनुसार उसे यह बताया गया कि 7-11-83 से 17-11-83 तक अनुपस्थित रहने के कारण उसका नाम नियम 15.5 के अन्तर्गत काट दिया गया है जबकि यह अनाधिकृत है और ऐसा समझौता वैध नहीं है और वह बीमारी के कारण अनुपस्थित था इसलिए सेवा समाप्ति के आदेश दिनांक 2-12-83 को अवैध करते हुए तमाम लाभों सहित सेवा में लिया जावे।

3. विपक्षी ने जवाब पेश किया और उसका कथन है कि प्रार्थी 2-11-83 से 5-11-83 तक अवकाश लेकर गया था, उसको दिनांक 7-11-83 को उपस्थित होना चाहिये था पर यह उपस्थित नहीं हुआ इसलिए समझौते के खण्ड 5.15 के अनुसार उसका नाम नोटिस देने के पश्चात् काट दिया गया जो उचित है इसलिए प्रार्थी कोई लाभ पाने का अधिकारी नहीं है और क्लेम खारिज किया जावे।

4. इस न्यायालय द्वारा इसके पश्चात् अनुपस्थिति के दुराचरण के बारे में विपक्षी को साक्ष्य पेश करने का अवसर 13-9-95 को दिया गया। विपक्षी ने श्री परशुराम वर्मा के बयान करवाये तथा प्रदर्श डब्ल्यू-1 से डब्ल्यू-6 दस्तावेज पेश किये व प्रार्थी की ओर से अनैक्सचर-1 से 4 पेश किये गये हैं। बहस के समय प्रार्थी अथवा उनके कोई प्रतिनिधि उपस्थित नहीं आये। विपक्षी के विद्वान प्रतिनिधि श्री मनोज शर्मा की बहस सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन किया गया।

5. विपक्षी के विद्वान प्रतिनिधि श्री मनोज शर्मा का तर्क है कि प्रार्थी दिनांक 7-11-83 से 17-11-83 तक अनुपस्थित रहा और 17-11-83 को दिनांक 7-11-83 से अनुपस्थित रहने के कारण प्रदर्श एम-1 पंजीकृत पत्र भेजा गया परन्तु वह उपस्थित नहीं हुआ और इसके पश्चात् उसे प्रदर्श एम-3 पत्र भेजा गया जिसमें उसकी सेवाएं 17-11-83 से समाप्त की गई और यह पत्र दिनांक 2-12-83 का था और यूनियन व नियोजक के बीच समझौते के खण्ड 15.5 के अनुसार जो कि निम्नलिखित है, सेवाएं समाप्त की गई इसलिए सेवा समाप्ति उचित एवं वैध है :

15.5 If a workman remains absent unauthorisedly for more than 10 days continuously he

shall be deemed to have lost his lien on his appointment, unless :—

(a) returns within 10 days of the date of his losing the lien, and

(b) explains to the satisfaction of the management the reasons for unauthorised absence.

6. विपक्षी के विद्वान प्रतिनिधि श्री शर्मा का यह भी तर्क है कि प्रार्थी यह कह कर आया है कि वह बीमार था जबकि प्रदर्श एम-6 में यह लिखकर देता है कि वह घरेलू कारणों से नहीं आ सका इसलिए उसने उचित कारण नहीं बताया है। दूसरे वह पहले भी कई बार अनुपस्थित रहा है जो कि अनैक्सचर-3 से स्पष्ट है। इसलिए भी सेवा समाप्ति उचित है।

7. मेरे विचार में विपक्षी के विद्वान प्रतिनिधि के तर्कों में काफी सार प्रतीत होता है। श्री परशु राम वर्मा के शपथ पत्र को प्रस्तुत करना आवश्यक है जो निम्नलिखित है :

"1. यह कि मैं, खेतड़ी कॉपर कम्पलैक्स में सहायक प्रबंधक (कार्मिक के पद पर कार्यरत) हूं मुझे नियमों व इस केस बारे में केस के तथ्यों की जानकारी है।

2. यह कि श्री ओंकार सिंह को 2-11-83 से 5-11-83 तक अवकाश स्वीकृत किया गया था। और श्री ओंकार सिंह को दिनांक 7-11-83 को अपनी ड्यूटी जोइन करनी थी। श्री ओंकार सिंह ने 7-11-83 से अनुपस्थिति रहने के लिए कोई सूचना प्रबंधन को नहीं भेजी।

3. यह कि श्री ओंकार सिंह विपक्षीय समझौता दिनांक 15-4-80 एवं उसके तहत बने छुट्टी के नियमों की सेवा शर्तों से बाध्य थे। और इस समझौते की शर्तों एवं श्रमिकों के अवकाश के नियमों के नियम 15.5 के विरूद्ध कार्य पर अनाधिकृत तौर से दिनांक 7-11-83 से अनुपस्थिति रहे।

4. यह कि प्रबंधन के तत्कालीन सक्षम अनुशासनिक अधिकारी ने एक रजिस्टर्ड पत्र दिनांक 7/18 नवम्बर 1883 के द्वारा श्री ओंकार सिंह को उसका दुराचरण 7-11-83 से अनाधिकृत गैर हाजिर माने जाने की सूचना एवं ड्यूटी पर आने या के. सी. सी. अस्पताल में दस दिन के अन्दर हाजिर होने का अवसर दिया था एवम श्री ओंकार सिंह सिंह प्राप्त हो गया था जिसकी पावती की असल पोस्टल रसीद मैं प्रस्तुत करता हूं। पत्र दिनांक 17 18 नवम्बर 1983 की प्रतिलिपि पत्रावली पर प्रदर्श एम-1 है। इस पर तत्कालीन अनुशासनिक अधिकारी के हस्ताक्षर अ से ब के मध्य है। यह कि प्रदर्श एम-1 की पावती को असल पोस्टल रसीद प्रदर्श एम-2 में साबित करता हूं इस पर से अ ब के मध्य ओंकार सिंह प्रार्थी के हस्ताक्षर हैं जो सही है।

5. यह है कि प्रार्थी ओंकार सिंह ने जब नियम अनुसार अनाधिकृत गैर हाजिर रहने के दुराचरण पर अपनी सफाई नहीं दी तब प्रबंधन ने पत्र दिनांक 2-12-83 प्रदर्श एम-3 द्वारा उसके गम्भीर दुराचरण को सिद्ध मानते हुए एवं उसके पिछले व्यवहार को देखते हुए उसको सेवा मुक्ति कर दी।

6. यह कि श्री ओंकार सिंह अनाधिकृत तौर पर कार्य से अनुपस्थित रहने के आदि थे इस तथ्य को सेवा मुक्ति के समय प्रबंधन ने विचार में लिया था। श्री ओंकार सिंह को 1-10-79 से 24-10-79 की अवधि में अनाधिकृत तौर पर कार्य से अनुपस्थित रहने पर एक आरोप पत्र दिनांक 25-10-97 दिया गया था जो प्रदर्श एम-4 है और 10-11-79 को इन्हें इस आशा एवं सलाह के साथ कार्य पर लिया गया था कि वह भविष्य में बिना सूचना एवं स्वीकृति से कार्य पर से अनुपस्थित नहीं रहेंगे। इसका प्रदर्श एम-5 है। यह कि श्री ओंकार सिंह को दिनांक 21-6 83 को पुनः बार बार अनाधिकृत तौर पर कार्य पर से अनुपस्थित रहने के लिए ताड़ना दी गई थी। यह तथ्य केन्द्रीय समझौता अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये थे। जो कि रिकार्ड पर प्रस्तुत असफल वार्ता में भी लिखे हुए हैं।

6. यह कि श्री ओंकार सिंह ने अपने बचाव में झूठे कथन व झूठा मेडिकल का बहाना बनाया था व इस न्यायालय में झूठा मेडिकल सर्टिफिकेट दिनांक 21-12-83 पेश किया है जो कि ओंकार सिंह के पत्र दिनांक 24-12-83 प्रदर्श एम-5 में है इस पर अ से ब हस्ताक्षर ओंकार सिंह के ह और स से द के मध्य प्रबंधन के अधिकारी के लिखावट व हस्ताक्षर हैं।

8. मेरे विचार में विपक्षी एवं प्रार्थना के मध्य हुए समझौते के खंड 15.5 के अनुसार अगर कोई श्रमिक लगातार 10 दिन अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहता है तो उसकी सेवाएं समाप्त हो जायेगी परन्तु श्रमिक को यह अधिकार होगा कि उसके 10 दिन अनुपस्थित रहने के बाद अगले 10 दिन तक वह अनुपस्थित के कारण का स्पष्टीकरण दे सकता है अगर वह स्पष्टीकरण उचित समझा जाता है तो उसे सेवा में ले लिया जायेगा अन्यथा उसकी सेवाएं 10 दिन की अनाधिकृत अवधि में समाप्त समझी जायेंगी। परशुराम वर्मा के शपथ पत्र व प्रदर्श डब्ल्यू-1 से डब्ल्यू-6 से यह साबित होता है कि प्रार्थी श्रमिक ओंकार सिंह 2-11-83 से 5-11-83 तक स्वीकृत अवकाश पर गया था

परन्तु उसके पश्चात् 7-11-83 से अनुपस्थित हो गया और उसको प्रदर्श एम-1 पंजीकृत पत्र 10 दिन की अनुपस्थिति के बाद ड्यूटी जोइन करने के लिए भेजा गया परन्तु उसके पश्चात् प्रदर्श एम-3 पत्र 2-12-83 को उसकी सेवा समाप्त करने का परिशिष्ट 15.5 के अन्तर्गत भेजा गया परन्तु वह 24-12-83 को उपस्थित हुआ उसने पत्र एम-6 लिखकर दिया जो निम्नलिखित है :

"नम्र निवेदन है कि मैं 2-11-83 से 6-11-83 तक छुट्टी लेकर मेरे घर अजमेर गया था वहां पर घरेलू परिस्थिति से मैं आज 24-12-83 तक ड्यूटी पर आने में असमर्थ रहा । मैं उपरोक्त समय के लिए किसी भी प्रकार की छुट्टी, इन्फार्म इत्यादि नहीं कर सका, इसके लिए आपसे क्षमा प्रार्थी हूं । मेरे घर पर आपसी बंटवारे संबंधी झगड़ों के कारण मेरा दिमाग एकदम से खराब हो गया जिस वजह से मैं न तो यहां उपस्थित हो सका एवं न ही कोई छुट्टी वगैरह दे सका । भविष्य में मैं ऐसी गलती कभी नहीं करूंगा मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि मेरी इतनी बड़ी गलती को आप नजर-अन्दाज करके मुझे आपकी सेवा करने का एक और अवसर देकर अपने उदार दिल से मुझे अनुग्रहित करेंगे । मैं उपरोक्त तिथि का मेडिकल सर्टिफिकेट भी आपकी सेवा में पेश कर रहा हूं ।

9. प्रदर्श एम-6 के अनुसार उसने घरेलू झगड़ों के कारण नहीं आना बताया है जब कि वह अपना बचाव पक्ष यह लेकर आया है कि वह 31-12-73 तक बीमार था और जे. एल. एन. अजमेर में इलाज करवा रहा था । इस प्रकार प्रदर्श एम-6 पत्र से यह साबित होता है कि प्रार्थी ने जो बचाव पक्ष बनाया है और उसके बारे में रोग प्रमाण पत्र व अनैक्सचर 1 व 2 प्रार्थना-पत्र की प्रतिलिपि पेश की है वह असत्य है । दूसरे अगर वह अस्पताल में इलाज करवा रहा था और 31-12-83 तक बीमार था तो वह 24-12-83 को खेतड़ी संस्थान में कैसे पहुंचा यह तथ्य भी साबित करता है कि वह जो बचाव पक्ष लेकर आया है कि वह बीमार था, बिल्कुल निराधार है जो मानने योग्य नहीं है । दूसरे प्रार्थी ने अपनी अनुपस्थिति के संबंध में स्वयं को कभी साक्ष्य में पेश नहीं किया इसलिए भी बचाव पक्ष को नहीं मानने का समुचित आधार है । इन परिस्थितियों में विपक्षी का शपथ पत्र अखिण्डत रह जाता है जिससे साबित होता है कि प्रार्थी 7-11-83 से 2-12-83 तक बिना किसी कारण अनुपस्थित रहा और उसने 10 दिन की अनुपस्थिति के बाद भी अनुपस्थिति का स्पष्टीकरण नहीं दिया और जो स्पष्टीकरण न्यायालय के समक्ष पेश किया है वह निराधार है और असत्य है और माने जाने योग्य नहीं है । इसलिए समझौते के खंड 15.5 के अनुसार प्रार्थी को विपक्षी द्वारा 10 दिन की अनुपस्थिति के कारण दिनांक 17-11-83 से जो सेवामुक्ति की गई है व विपक्षी प्रबंधन के हाजिरी रजिस्टर से जो प्रार्थी का नाम काटा गया है वह उचित एवं वैध है और प्रार्थी कोई हादरसी पाने का अधिकारी नहीं है ।

10. अतः प्रकरण में निम्नलिखित अवार्ड पारित किया जाता है ।

"व्यवस्थापक, खेतड़ी कॉपर कॉम्पलैक्स, खेतड़ी नगर द्वारा श्रमिक श्री ओंकार सिंह का दिनांक 17-11-83 से संस्थान के हाजिरी रजिस्टर से नाम काट दिया जाना उचित एवं वैध है और प्रार्थी कोई हादरसी पाने का अधिकारी नहीं है ।"

11. अवार्ड आज दिनांक 22-4-97 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया जो राज्य सरकार को प्रकाशनार्थ नियमानुसार भेजा जावे ।

एस. के. बंगल, न्यायधीश

नई दिल्ली, 23 जुलाई, 1997

का०आ० 2105.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार मैसर्स हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण, जयपर के पंचाट को प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को 23-7-47 को प्राप्त हुआ था ।

[संख्या एल-29012/8/89-आई० आर० विविध)]
बी० एम० डेविड, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 23rd July, 1997

S.O. 2105.—In pursuance of Section II of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of M/s. Hindustan Zinc Ltd., and theiri workman, which was received by the Central Government on 23-7-1997.

[No. L-29012/8/89-IR (Misc)]
B. M. DAVID, Desk Officer

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायधिकरण, जयपुर
केस नं० सी० आई० टी० 53/1989

रैफरेंस : केन्द्र सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली का आदेश क्र० एल-29012/8/89/आई० आर० (विविधि) दिनांक 2-5-1989

श्री मोहन लाल पुत्र श्री रघु जी चमार, ग्राम मेन्दुरिया तहसील रेलमगरा, पोस्ट दरबा, जिला उदयपुर ।

—प्रार्थी

बनाम

जनरल मैनेजर, मैसर्स हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड,
राजपुरा दरीबा माइन्स, पोस्ट दरीबा, जिला उदयपुर
—प्रार्थी

उपस्थित

पीठासीन अधिकारी : श्री एस० के० बंसल,
आर० एच० जे० एस०

प्रार्थी की ओर से : श्री जे० एल० शाह

अप्रार्थी की ओर से : श्री मनोज कुमार शर्मा

दिनांक : 30-4-1997

अवार्ड

यह अधिसूचना भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित विवादित बिन्दु का अधिनिर्णय करने के लिए प्रेषित की गई है :

"Whether the action of the management of M/s. Hindustan Zinc Ltd. Udaipur in discharging from service Shri Mohan Lal Chamar, D. B. Assistant R. D. Mines w.e.f. 11-1-88 is justified? If not to what relief is the worker concerned entitled?".

2. प्रार्थी ने स्टेटमैंट ऑफ क्लेम पेश किया और उसका कथन है कि प्रार्थी मोहन लाल चमार कर्मचारी सं० 35123 सेवा से पृथक करने की तिथि 11-1-88 से पूर्व डी० बी० असिस्टैंट के पद पर सेवारत था। विपक्षी ने उसको 7-11-87 को एक आरोप पत्र दिया और उसे उसी दिन निलंबित कर दिया गया परन्तु जांच नैसर्गिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं थी इसलिए अनुचित है। प्रार्थी का यह भी कथन है कि जांच अधिकारी ने जो जांच की एवं जो फाइंण्डिग दी वह दोषपूर्ण है उसका यह प्रमाण है कि आरोप पत्र में लिखा है कि एक नई क्रॉस बीट मार्ईज 12×4—5 थैले में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने उसकी तलाशी ली तो पाई गई परन्तु आरोप पत्र में जो आरोप लगाया गया है वह 45 एम एम के क्रॉस बिट के चोरी होने का है परन्तु जो क्रॉसबिट प्रस्तुत की गई वह 57 एम एम की है और इस विरोधाभास के बाद भी जांच अधिकारी ने उसे चोरी का दोषी माना है जो कि गलत है इसलिए उसने यह विवाद समझौता अधिकारी के समक्ष उठाया पर समझौता न हो सका इसलिए श्रम मंत्रालय ने यह अधिसूचना इस न्यायालय का निर्णय के लिए भेजी है। प्रार्थी का क्लेम है कि यह घोषित किया जाये कि प्रार्थी को सेवा से पृथक अवैध व गलत तरीके से व अनुचित श्रम व्यवहार के कारण किया गया है इसलिए सेवा समाप्ति दिनांक 11-1-88 को असमाप्त कर उसे तमाम वेतन व लाभ सहित पुनः सेवा में लिया जावे।

3. विपक्षी ने जवाब पेश किया और उसका कथन है कि प्रार्थी उनकी सेवा में था और प्रार्थी को सी० आई० एफ० एस० की लिखित रिपोर्ट की गम्भीरता को देखते हुए ड्यूटी से निलंबित किया गया और जांच नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्तों के अनुसार की गई है। विपक्षी का यह भी अभिकथन है कि वास्तव में तो मूल से चोरी गए पार्ट "क्रासबीट" जो कि 57 एम.एम के नाम से आमतौर पर जाना जाता है उसे पीछे का भाग 45 एम.एम का होता है और बजाय आमतौर पर जाने वाले नाम के स्थान पर आरोप पत्र में 45 एम.एम क्रॉसबिट" लिख दिया गया और इस प्रकार लिखे जाने से चोरी किये गये क्रॉसबीट के आरोप को बदला हुआ नहीं माना जा सकता जो माल क्रॉसबीट चोरी किया गया था व पकड़ा गया था व मोहन लाल के कब्जे से पकड़ा गया वही जांच में एग्जीबिट किया गया था। इसलिए जांच सही की गई है और अगर जांच को सही नहीं माना जावे तो प्रार्थी के विरुद्ध लगाये गये दुराचरण के आरोप को साबित करने का अवसर दिया जाये और मोहनलाल की सेवा मुक्ति वैध मानते हुए क्लेम निरस्त किया जाये।

4. दिनांक 8-12-89 को जांच अनुचित व अवैध मानी गई। इस पर विपक्षी ने दुराचरण सिद्ध करने के लिए साक्ष्य पेश करने का मौका चाहा जो दिया गया। व्यवस्थापक ने सर्व श्री त्रिभुवन सिंह, सज्जन सिंह, डी.एस. यादव, व रफीक सैय्यद के शपथपत्र प्रस्तुत किये जिन पर प्रतिपरीक्षण किया गया। विपक्षी की ओर से एम-1 से एम-11 दस्तावेज व प्रदर्श पेश किए गए। प्रार्थी की ओर से मोहन लाल ने अपना शपथ पत्र पेश किया जिस पर विपक्षी ने प्रतिपरीक्षण किया। बहस सुनी गई, पत्रावली का अवलोकन किया गया।

5. विपक्षी के मुख्य साक्ष्य में त्रिभुवन सिंह का शपथपत्र में कथन है कि.

"दिनांक 7-11-87 को लगभग 9.20 बजे सुबह मोहन लाल जिनका टोकन नं. 35123 था साइकिल के साथ मेन गेट से बाहर निकल रहे थे। साइकिल के हैण्डल पर एक काला हैण्डबैग लटका हुआ था। मैंने श्री मोहन लाल को हैण्ड बैग दिखाने के लिए बोला तो श्री मोहन लाल ने हैण्डबैग से सबसे पहले एक लाल लंगोट निकाला और बोला कि इसमें कुछ नहीं है मैंने सफेद कपड़े को निकालने के लिए बोला. तब श्री मोहन लाल ने जैसे ही सफेद कपड़ा (धोती) उठाई तो उसके नीचे पीले रंग का लोहे का एक पार्ट दिखाई दिया। तब मैंने लोहे के पार्ट को निकलवाया। वह पीले रंग का पार्ट जिसका नाम श्री मोहनलाल ने क्रॉसबिट बताया। जिस पर जो नम्बर खुदाई में लिखे थे वह मैंने मेरे बयान में उस उप निरीक्षक सी आई एस एफ. के थे, न मुझसे जो पूछताछ की गई लिखवाए थे। श्री डी एस. यादव उप निरीक्षक सी आई एस एफ. द्वारा जो मेरा बयान लिखा गया था वह पत्रावली पर प्रदर्श एम-1 है

उस पर अ से अ मेरे हस्ताक्षर हैं और स से द (श्री डी.एस. यादव के हैं। जो काला बैग क्रॉस बिट 'लोहे का पार्ट) लाल लंगोट सफेद धोती, तोलिया और आइडेनटिटी कार्ड था वह आज न्यायाधिकरण में मौजूद है और मैं उनको पहचानता हूं। यह वही वस्तुएं है जो मैंने श्री मोहनलाल के कब्जे से इनको पकड़ते समय ली थी। यह कि काला बैग प्रदर्श एम-2 लाल लंगोट, प्रदर्श एम-3 लोहे का पार्ट (क्रॉस बिट) प्रदर्श एम-4 सफेद धोती प्रदर्श एम-5, तोलिया प्रदर्श एम-6 एवं आइडेन्टिटी कार्ड प्रदर्श एम-7 पढ़ा जाये।

6. विपक्षी के साक्ष्य श्री डी.एस. यादव का शपथ पत्र में कथन है कि :

"दिनांक 7-11-87 को मेरी ड्यूटी उपनिरीक्षक एडमिनिस्ट्रेशन की सामान्य पारी में थी। क्योंकि एडमिनिस्ट्रेशन कार्यालय मुख्य द्वार पर ही था अतः सुबह समय लगभग 9.20 बजे मैं मुख्य द्वार पर तैनात सुरक्षा कर्मियों के करीब ही था। इसी समय एक कर्मचारी जिनकी साइकिल के हैण्डल पर काला हैण्ड बैग लटका हुआ था। मेनगेट से बाहर जाने के लिए आया अतः मेनगेट पर तैनात आरक्षक त्रिभुवन सिंह ने उस कर्मचारी को अपना हैण्ड बैग दिखाने में आना कानी करने लगा क्योंकि मैं मुख्य द्वार पर ऊपर बरामदे में खड़ा था अतः उस कर्मचारी की आनाकानी को देखकर मैंने तथा आरक्षक त्रिभुवन सिंह ने कर्मचारी को हैण्ड बैग दिखाने को बाध्य किया। कर्मचारी ने हैण्डबैग से सबसे पहले एक लाल लंगोट निकाला और बोला इसमें कुछ नहीं है। लाल लंगोट के नीचे एक सफेद कपड़ा (धोती) था तो आरक्षक त्रिभुवन सिंह ने सफेद कपड़ा निकालने के लिए बोला तब श्री मोहनलाल ने जैसे ही सफेद कपड़ा (धोती) उठाई तो उसके नीचे पीले से रंग का लोहे का पार्ट दिखाई दिया और आरक्षक त्रिभुवन सिंह ने कर्मचारी से लोहे के पार्ट को हैण्डबैग से निकलवाया और उस लोहे के पार्ट का नाम क्रिल क्रॉस बिट है और आरक्षक त्रिभुवन सिंह ने सभी वस्तुओं के साथ (लाल लंगोट, धोती सफेद, क्रिल क्रॉस बिट तोलिया व काला हैण्ड बैग) उस कर्मचारी को मेरे हवाले कर दिया। मैंने कर्मचारी का परिचय पूछा तो उस कर्मचारी ने अपना नाम मोहन लाल बताया तथा साथ ही प्रार्थना करने लगा कि उससे गलती हो गई है उसे छोड़ दिया जाये भविष्य में ऐसी गलती नहीं करेगा। मैंने श्री मोहन लाल का परिचय पत्र क्रमांक 35123 अपने अधिकार में ले लिया। मैंने यह सब देखकर तुरन्त कागजी कार्यवाही एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु ग्राम प्रक्रिया अनुसार कार्यवाही की थी। मैं और श्री त्रिभुवन सिंह को श्री मोहनलाल को सी आई.एफ.एस. कार्यालय में ले गए वहां श्री त्रिभुवन सिंह का बयान मोहनलाल के समक्ष लिया। वहां और भी श्रमिक आ गये थे। मैंने श्री त्रिभुवन सिंह का बयान लेने के बाद एक सीजर मेमो बनाया था जो कि एक्जीबिट एम-8 है इस पर अ से ब हस्ताक्षर श्री मोहनलाल के है और श्री मोहनलाल के बायें हाथ के अंगूठे के निशान स से द है और मेरे हस्ताक्षर क से ख हैं।

2. यह कि श्री त्रिभुवन सिंह को सीजर मेमो एक्जीबिट बनाने के तुरन्त बाद उसके ड्यूटी स्थल पर भेज दिया गया। और मैंने अपने सहयोगियों को हस्ताक्षर सीजर मेमो एक्जीबिट 8 पर लिये थे। इस प्रदर्श एम-8 सीजर मेमो पर श्री लेखराम, सहायक उपनिरीक्षक (2) श्री एस एस. पंवार, प्रधान आरक्षक (3) श्री कर्नल सिंह, आरक्षक के हस्ताक्षर हैं।

3 सीजर मेमो कार्य को समाप्त कर श्री मोहन लाल का बयान लिया था जो कि मेरे द्वारा लिखा गया बयान पत्रावली पर प्रदर्श एम-9 है इस पर श्री मोहनलाल के हस्ताक्षर अ से ब उसे बाये हाथ के अंगूठे का निशान क से ख है।

4. यह कि श्री मोहनलाल का बयान प्रदर्श एम-9 व सीजर मेमो एम-8 एवं श्री त्रिभुवन सिंह का बयान एम 1 तत्कालीन सहायक कमांडेंट श्री बी सी. जोशी को अग्रिम कार्यवाही हेतु दिया गया था और श्री जोशी ने अपना नोट कार्यालय टिप्पणी के कागज पर अंग्रेजी में टाइप कराकर अपने हस्ताक्षर किये थे। यह नोट पत्रावली प्रदर्श एम-10 है इस पर अ से ब हस्ताक्षर श्री बी.सी. जोशी है। इस कार्यालय टिप्पणी के पश्चात् श्री मोहनलाल को लेकर मैं और बी.सी. जोशी तत्कालीन यूनिट हैड जो उस समय एस.ओ.एम. जाने जाते थे। ले गए उस समय एस.ओ.एम. श्री अशोक अग्रवाल थे और जब मैं और ए.सी. साहब श्री मोहनलाल को श्री अग्रवाल साहब के पास ले गए। उसके बाद हमें आदेश क्रमांक राट/कार्मिक/3/87/356 दिनांक 7-11-87 को प्रति जो प्रदर्श एम-11 है से ज्ञात हुआ कि श्री मोहनलाल के विरुद्ध गंभीर जांच तक के लिए ड्यूटी से निलंबित कर दिया गया है।

प्रार्थी के विद्वान प्रतिनिधि श्री शाह का तर्क है कि आरोप पत्र में जो क्रॉस बिट बताई गई है वह 45 एम.एम. का है जबकि जो साक्ष्य में पेश हुआ है वह 57 एम एम का है इस प्रकार यह क्रॉस बिट बदल गया है और बदलने का कारण यह है कि वह क्रॉस बिट अन्य ने रखा था। जैसा कि प्रार्थी ने आरोप पत्र के जवाब में कहा है। इसलिए आरोप सिद्ध नहीं होता और प्रार्थी को आरोप से दोषमुक्त किया जाना चाहिए।

7. विपक्षी के विद्वान प्रतिनिधि श्री मनोज कुमार शर्मा का जवाब में कहना है कि क्रॉस बिट वही है जिसका आगे का भाग 57 एम० एम० का जाना जाता है और पीछे का भाग 45 एम० एम० 1 जो माल क्रॉस बिट चोरी किया गया था वह मोहनलाल श्रमिक के कब्जे से पकड़ा गया है और इसमें कोई विरोधाभास नहीं है । इसलिए प्रार्थी के खिलाफ चोरी का आरोप सिद्ध होता है । यह भी तर्क है कि प्रार्थी ने ऐसा कोई कथन प्रदर्श एम-9 कथन में नहीं किया जो कि कथन उसी दिन सुरक्षा अधिकारी द्वारा लिया गया है इसलिए प्रार्थी का कथन माने जाने योग्य नहीं है और दुराचरण साबित होता है ।

8. मेरे विचार में इन तर्कों का विवेचन करने के लिए आरोप पत्र को प्रस्तुत करना आवश्यक है जो निम्नलिखित है :

> "दिनांक 7-11-87 को प्रातः करीब 9.20 बजे आप परिसर से मेनगेट से बाहर निकल रहे थे तो केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के कर्मचारी द्वारा आपकी तलाशी लेने पर "क्रास बीट साईज 12 × 4.5 मी० पीले रंग को " चोरी कर ले जाते हुए रंगे हाथों पकड़े गये । आपकी यह कार्यवाही कम्पनी के प्रमाणित स्थाई आदेशों के खंड 18(3)9 एवं (36) के अन्तर्गत गंभीर दुराचरण हैं । इससे संतुष्ट होने पर आपको तुरन्त प्रभाव से जांच कार्यवाही पूरी होने तक ड्यूटी से निलंबित किया जाता है । "

9. प्रार्थी ने इस आरोप पत्र का 12-11-87 को जवाब पेश किया । दिनांक 17-11-87 को वह माताजी का खेड़ा से मेहन्दरिया जा रहा था लेकिन उसें कपड़े बक्से में पड़े होने के कारण वह खनन भवन गया तथा उसकी साईकिल मेगजीन कार्यालय के पास खड़ी करके वह खनन आराम कक्ष में गया वहां पर उसने स्नान किया तथा वापस गीले कपड़ों को लेकर मेगजीन कार्यालय के बाहर साईकिल के पास आया तथा कपड़े थैले में रखे तथा साईकिल का ताला खोलने के लिए चाबी जेब से निकालने लगा तो चाबी नहीं मिली तो विचार किया कि चाबी व परिचय पत्र लॉकर्स के पास ही भूल गया । वापसी में चाबी व परिचय पत्र लेकर आया तथा साईकिल लेकर मेनगेट पर आ गया । मेनगेट पर आया तो सुरक्षा प्रहरी द्वारा उसे रोक कर थैला चैक किया गया तो थैले में गीले कपड़े के पास एक बिट मिला तो उसे हैरानी हुई कि यह बिट कहां से आ गया । इसलिए उसे फसाने के लिए बिट उसके थैले में डाल दिया गया है । उसकी पिछली सेवाएं व व्यवहार को देखते हुए उसे दोष-मुक्त किया जाये और गरीब को सेवा में लेने का कष्ट किया जाये, ताकि वह अपने बुजुर्ग माता-पिता व परिवार का भरण पोषण कर सके ।

9. मेरे विचार में प्रार्थी के विद्वान प्रतिनिधि के तर्कों में कोई सार प्रतीत नहीं होता । प्रथम तो यह कि डी० एस० यादव त्रिभुवन सिंह के बयानों से यह साबित होता है है कि त्रिभुवन सिंह ने 7-11-87 को मेनगेट पर प्रार्थी का हैण्ड बैग चैक किया तो उसमें प्रार्थी ने आर्टीकिल 2 से 7 तक कपड़े व परिचय पत्र मिला और वह क्रॉस बिट मिली और त्रिभुवन सिंह का बयान प्रदर्श एम-1 लिया गया और मोहन लाल का बयान उसी समय प्रदर्श एम-9 लिया गया । प्रदर्श एम-9 में प्रार्थी द्वारा ऐसा कोई कथन नहीं किया गया कि उसके थैले में किसी ने बिट रख दी इसलिए उसका अब अपने शपथ पत्र में यह कथन व जवाब में यह कथन कि क्रॉस बिट किसी अन्य व्यक्ति ने थैले में रख दी, बाद में सोचा गया कथन है जिसको नहीं माना जा सकता । दूसरे प्रार्थी ने जो क्लेम पेश किया है उसमें भी ऐसा कहीं कथन नहीं किया कि किसी अन्य व्यक्ति ने क्रॉस बिट थैले में रख दिया था । त्रिभुवन सिंह से क्रॉस करते समय भी ऐसा प्रश्न नहीं किया कि किसी अन्य ने थैले में बिट रख दी । यदि ऐसा होता तो वह इस बारे में अवश्य पूछता । इसलिए भी प्रर्थी का यह कथन कि किसी अन्य ने थैले में क्रॉस बिट रख दी, नहीं माना जा सकता। तीसरे मोहन लाल का अपने शपथ पत्र में कथन कि चाबी लेकर आया और साईकिल लेकर मेनगेट को ओर गया, वहां सुरक्षा प्रहरी ने उसके थैले में बिट होना बताया । प्रार्थी का यह कथन तथ्यों के विपरीत है । प्रथम तो यह कि त्रिभुवन सिंह के बयानों से साबित है कि उसने प्रार्थी की तलाशी ली और जब कपड़े देख रहा था तब प्रार्थी के समक्ष ही क्रॉस बिट पाया गया और ऐसा नहीं है कि सुरक्षा प्रहरी ने उसे क्रॉस बिट पाया जाना बताया हो किन्तु तलाशी लेने पर यह क्रॉस बिट मिला अतः प्रार्थी का यह कथन माने जाने योग्य नहीं है । अतः प्रार्थी के कपड़े से उसके थैले में आर्टीकिल-4 क्रॉस बिट बरामद हुआ जिसका पूर्व बरामदगी मौके पर एम-8 बनाई गई । दूसरे दिन क्रॉस बिट 45 एम एम का था या 57 एम एम का था, के बारे में विवाद उठाया गया है, मेरे विचार में इस विवाद में कोई सार नहीं है प्रथम तो यह कि क्रॉस बिट प्रार्थी से बरामद हुआ है जो प्रार्थी भी अपने थैले में होना मानता है । इसलिए जब बिट बरामद हुआ है तो विपक्षी को उसके बदले जाने में क्या फायदा हो सकता है । इसलिए प्रकरण को परिस्थितियों में प्रार्थी का यह कथन कि बिट बदला गया है, माने जाने योग्य नहीं है । दूसरे प्रार्थी का कथन प्रदर्श एम-9 7-11-87 को ही लिया गया है उसमें क्रॉस बिट का नम्बर बताया गया है । मोहन लाल का प्रदर्श एम-9 में निम्नलिखित कथन है :

> "मैं मोहन लाल सुपुत्र श्री रघुजी, टोकन नं० 35123, ड्रोला अन्डर ग्राऊंड माइनिंग में कार्यरत हूं। दिनांक 6-11-87 को मेरी द्वितीय पारी 16.00 बजे से 21.00 बजे थी तथा ड्यूटी पूरी करने के बाद निवास स्थान मैहन्द्रीया चौराहा चला गया लेकिन आज दिनांक 7-11-87 को प्लांट के अंदर स्नान करने के लिए 8.00 बजे आया क्रॉस बिट जिस पर

आर० 32-57 7/3/7733.1057 एम्बास किया हुआ था मिली तथा यह बिट के० ओ० आरक्षक टी० बी० सिंह ने मेरे हैण्ड बैग से मेरे सामने निकाली।"

10. मैंने उक्त बयान को देखा जिसमें बिट का नम्बर 7733-1057 लिखा हुआ है। इस प्रकार जो नम्बर प्रार्थी के बयानों में प्रदर्श एम-9 में है वही श्री त्रिभुवन सिंह के पूर्व के बयान प्रदर्श एम-1 में लिखा गया है और उसी नम्बर की यह बिट अदालत के समक्ष है। इसलिए ये क्रॉस बिट वही है जो कि प्रार्थी से बरामद हुई। तीसरे प्रार्थी ने अपने प्रति परीक्षण में यह स्वीकार किया है कि उसका मेक यही था। इस प्रकार मेक वही होना भी यह दर्शाता है कि बिट वही थी। चौथे प्रार्थी का प्रति परीक्षण में कथन है कि उसका आगे का भाग 57 एम एम हो व पीछे का भाग 45 एम एम तो उसे पता नहीं। इस प्रकार प्रार्थी जब बिट से काम करता है और उसे इस बारे में ज्ञान नहीं हो यह बात समझ में नहीं आती। इस प्रकार प्रार्थी के द्वारा अज्ञानता का कथन करना यह दर्शाता है कि प्रार्थी ने सत्यता को छिपाया है। इस प्रकार यह बिट आगे से 57 एम एम की व पीछे से 45 एम एम की होने से यह विरोधाभास आरोप पत्र में आया है जिसका कोई प्रभाव नहीं है। दूसरे सुरक्षा अधिकारी एक तकनीकी व्यक्ति नहीं है इस लिए उनके द्वारा आगे के पीछे के भाग को 45 एम एम लिख देने से कोई प्रभाव नहीं पड़ता क्योंकि बिट वही है जो प्रार्थी से बरामद हुई। इसलिए एम-4 बिट वही है जो प्रार्थी से बरामद हुई। इसलिए 57 एम एम या 45 एम एम लिखने से कोई अन्तर नहीं पड़ता क्योंकि ये दोनों ही नामों से जानी जाती है। इसलिए प्रार्थी के कब्जे से 9.20 बजे दिनांक 7-11-87 को त्रिभुवन सिंह सुरक्षा प्रहरी ने कम्पनी की क्रॉस बिट आर्टीकल एम-4 बरामद की। इन परिस्थितियों में प्रार्थी के कथन को कि ये वह बिट नहीं है जो बरामद की गई, को नहीं माना जा सकता। अतः प्रार्थी के कब्जे से प्रार्थी द्वारा चोरी की हुई क्रॉस बिट बरामद होना सिद्ध होता है। इस प्रकार स्थाई आदेशों के खंड 18.3 के अन्तर्गत प्रार्थी के खिलाफ लगाया गया आरोप सिद्ध होता है।

11. प्रार्थी के विद्वान प्रतिनिधि श्री जे० एल० शाह का यह भी तर्क है कि अगर आरोप सिद्ध भी हो गया तो भी इन पहलुओं को देखते हुए कि प्रार्थी ने अपना आरोप को उसी समय स्वीकार कर लिया था, उसको 8 वर्ष की सेवा थी, उसका व्यवहार व आचरण कभी भी खराब नहीं रहा, उसे गरीब व्यक्ति होने से सुधरने का एक न मौका दिया जाना चाहिये। यह भी तर्क है कि प्रार्थी जाति का चमार है और अनुसूचित जनजाति का है और गरीब है तथा भविष्य में ऐसा नहीं करेगा, इसलिए सुधरने का एक मौका उसे दिया जाये। यह भी तर्क है कि प्रार्थी ऐसे पद पर नहीं था जिससे कि कम्पनी का कोई विश्वास प्रार्थी ने खो दिया हो इस लिए प्रार्थी को पुनः सेवा में लिया जावे और उसे तमाम लाभ दिलवायें जायें। प्रार्थी के विद्वान प्रतिनिधि ने इस तर्क के समर्थन में 1 एल० एल० जे० 1991 (मान० मद्रास उच्च न्या०) पेज 291 एयर लंका लि० बनाम नायर वगैरह व ए० आई० आर० 1989 (एल० सी०) 149, स्कूटर इण्डिया लि०, लखनऊ बनाम लखनऊ लेबर कोर्ट को पेश किया है।

12. विपक्षी के विद्वान प्रतिनिधि श्री मनोज कुमार शर्मा का जवाब में कहना है कि प्रार्थी के खिलाफ चोरी का आरोप सिद्ध होता है जिससे उसने अपना विश्वास खो दिया है इसलिए उसे सेवा में नहीं लिया जाना चाहिये और जो दण्ड दिया गया है वह उचित है। यह भी तर्क है कि श्रमिक को पहले ही सिम्पलीसीटर डिस्चार्ज किया गया है और इस प्रकार पहले ही उसके प्रति उदारता का रूख अपनाया गया है इसलिए प्रकरण की परिस्थितियों में क्लेम खारिज किया जाये। विपक्षी के विद्वान प्रति निधि ने इस तर्क के समर्थन में ए० आई० आर० 1978 (एल० सी०) पेज 1428 मैनेजमेंट ऑफ मुंगेर फैक्ट्री ऑफ आई० टी० सी० लि० मुंगेर बिहार बनाम पीठासीन अधिकारी लेबर कोर्ट, पटना, ए० आई० आर० 1975 (एस० सी०) 2025 रस्टन एंड हर्नस्बी (1) लि० बनाम टी०बी० कादम को पेश किया है।

13. प्रार्थी मोहन लाल के शपथ पत्र के पैरा नं. 1 से यह साबित होता है कि उसकी नियुक्ति संस्थान में 1977 में हुई थी शपथपत्र से यह भी साबित होता है कि दिनांक 7-11-87 को उसे यह आरोप पत्र दिया गया था। इस प्रकार उस समय वह लगभग 8 वर्ष की सेवा पूरी कर चुका था। दूसरे प्रार्थी के शपथ पत्र से यह भी साबित होता है कि वह जाति से चमार है और अनुसूचित जाति का है। विपक्षी की ओर से ऐसी कोई साक्ष्य पेश नहीं की गई कि इन 8 वर्षों में उसने कोई दुराचरण किया हो या कोई दुर्व्यवहार किया हो। इस प्रकार इससे पूर्व में प्रार्थी द्वारा कोई दुराचरण या दुर्व्यवहार या अनुशासनहीनता करना साबित नहीं होता। इस प्रकार प्रार्थी का यह पहला दुराचरण है। दूसरे प्रार्थी का 7-11-87 को भी विभाग द्वारा कथन प्रदर्श एम-9 लिपिबद्ध किया गया है जिसमें उसने अपने आरोप को स्वीकार किया है और गलती नहीं करने का वचन दिया है। इस प्रकार प्रार्थी ने अपने आरोप को उसी समय स्वीकार कर क्षमा चाही थी। प्रार्थी ने अपने जवाब व साक्ष्य में भी क्रॉस बिट बरामद होना स्वीकार किया है। इस प्रकार न्यायालय के समक्ष भी अप्रत्यक्ष रूप से चोरी का स्वीकार किया है। चौथे विपक्षी द्वारा प्रार्थी को डिस्चार्ज किया गया है और सेवामुक्त नहीं किया गया। इस प्रकार विपक्षी ने भी इस आरोप को इतना गंभीर नहीं माना है। अतः प्रार्थी के सेवा काल की अवधि को देखते हुए, पूर्व में उसके द्वारा कोई दुराचरण अथवा दुर्व्यवहार नहीं करने, प्रार्थी का अनुसूचित जाति का होने, प्रार्थी का घटना के समय ही अपनी गलती स्वीकार कर लेने, विपक्षी व्यवस्थापक को भी उसे डिस्चार्ज किये जाने और आरोप का गंभीर न मानने, इन सभी तथ्यों से मेरे विचार में जो दण्ड प्रार्थी को दिया गया है वह दोष के अनुपात में अधिक प्रतीत होता है। प्रार्थी चोरी करते हुए पकड़ा गया है इसलिए विपक्षी

का उस पर से विश्वास उठ गया है इसलिए दुबारा सेवा में उसे लिये जाने का आदेश दिया जाना उचित नहीं होगा। अतः दोष के अनुपात में दण्ड अधिक होने से वह प्रकरण की परिस्थितियों में प्रार्थी को हर्जाना दिलाया जाना उचित होगा। 1 एल.एल.जे. 1991 (सुपरा) में भी लगभग ऐसे ही तथ्य थे जिसमें माननीय न्यायाधिपति ने निम्नलिखित विनिश्चय किया जिससे भी मेरे विचार का समर्थन होता है:

> "Whether the employer losses confidence in its employee who is discharging an office of trust and confidence. There is no jurisdiction for directing his reinstatement when there is loss of confidence compensation would be only adequate relief. .... Where the relationship is strained between employer and the employee and when the post held by the aggrieved employee is one of trust and confidence, reinstatement would not be desirable or expedient even if the order of dismissal is unsustainable owing to some infirmity in the impugned' order and in such cases the workman may be provided with monetary compensation for loss of future employment."

14. अतः प्रार्थी के सेवा काल को देखते हुए और प्रार्थी के शपथ पत्र से यह साबित होता है कि वह उस समय 2,000/- रुपये मासिक ले रहा था, इस प्रकार लगभग 4 वर्ष का वेतन बतौर हर्जाना दिलवाया जाना उचित है। अतः प्रार्थी श्री मोहनलाल को एक लाख (1,10,000) रुपया बतौर हर्जाना पाने का अधिकारी है।

15. ए.आई.आर. 1978 (एस.सी.) पेज 1428 (सुपरा) में श्रमिक को कई बार निलंबित किया गया था और कई बार वह अपने कार्य में नेगलीजेन्ट रहा था इसलिए उसके पूर्व के कृत्यों को देखते हुए उसे सेवा में लेने का आदेश अपास्त कर हर्जाना दिलवाया गया। परन्तु इस प्रकरण में ऐसे तथ्य नहीं हैं क्योंकि पूर्व में उसका ऐसा कोई कृत्य नहीं है इसलिए यह निर्णय विपक्षी को कोई मदद नहीं करता और केवल प्रार्थी को हर्जाना दिलाये जाने की हद तक मदद करता है। ए.आई.आर. 1475 (एससी) 2025 (सुपरा) में तथ्य ये थे कि एक चौकीदार ने चोरी करने का प्रयत्न किया था जिसमें सेवा मुक्ति के दण्ड को उचित माना गया परन्तु इस प्रकरण में ऐसे तथ्य नहीं हैं। प्रार्थी कोई चौकीदार नहीं था परन्तु उसने चोरी की है इसलिए उसने विपक्षी का विश्वास खो दिया है इसलिए उसकी सेवा में लिया जाना उचित नहीं है और प्रकरण की परिस्थितियों में यह निर्णय विपक्षी की कोई मदद नहीं करता। अतः निर्देश में निम्नलिखित अवार्ड पारित किया जाता है:

अवार्ड

"मैसर्स हिन्दुस्तान जिंक लि., उदयपुर के व्यवस्थापक द्वारा मोहन लाल चमार को सेवा से दिनांक 11-1-88 से डिस्चार्ज किया जाना उचित एवं वैध है। परन्तु दण्ड दोष के अनुपात में अधिक होने से उसको एक लाख रुपये (10,00,050 रुपये) बतौर हर्जाना दिलवाया जाता है। विपक्षी यह राशि श्रमिक मोहन लाल को तीन माह में अदा करेंगे अन्यथा प्रार्थी आज की तारीख से 12 प्रतिशत ब्याज वसूली तक पाने का अधिकारी होगा।"

16. अवार्ड आज दिनांक 30-4-97 को खुले न्यायालय में लिखाया जाकर सुनाया गया जो केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ भेजा जावे।

एस. के. बंसल, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 23 जुलाई, 1997

का.आ. 2106:—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार मैसर्स एस.डी.एस. कार्पोरेशन के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, सं.-1 मुम्बई के पंचाट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 23-7-1997 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल.-31012/15/96-आई.आर. (विविध)]
बी.एम. डेविड, डेस्क अधिकारी

New Delhi, the 23rd July, 1997

S.O. 2106.—In pursuance of Sectinn II of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award of the Central Government Industrial Tribunal No. 1, Mumbai as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of M/s. SDS Corporation and their workman, which was received by the Central Government on 23-7-1997.

[No L-31012/15/96-IR (M)]
B. M. DAVID, Desk Officer

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL NO. 1, MUMBAI

PRESENT :

Shri Justice R. S. Verma, Presiding Officer.

Reference No. CGIT-38 of 1996

PARTIES :

Employers in relation to the management of M/s. SDS Corporation

AND

Their workmen.

APPEARANCES :

For the Management—No appearance.

For the Workamn—Shri A. I. Mulla with Shri N. A. Ghatte, Advocate.

STATE : Maharashtra

Mumbai, the 8th day of July, 1997

AWARD

Shri A. I. Mulla with Shri N. A. Ghatte, Advocate.

None—for the management.

Mr. N. A. Ghatte has filed the rejoinder. Shri Ghatte seeks permission to withdraw his claim with liberty to seek redressal before competent Magistrate/Tribunal. He is permitted to do so. The claim is allowed to be withdrawn with liberty to move the appropriate Magistrate/Tribunal. The matter is disposed of accordingly.

R. S. VERMA, Presidinig Officer

नई दिल्ली, 25 जुलाई, 1997

का. आ. 2107 :—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार ई. सी. एल. के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में, केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, आसनसोल के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 23-7-1997 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल.-22012/89/95-आई. आर. (सी.-II)]

एस. रविश अली, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 25th July, 1997

S.O. 2107.—In pursuance of Section II of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award of the Central Government Industrial Tribunal Asansol as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of F.C. Ltd., and their workman, which was received by the Central Government on 23-7-97.

[No. L-22012/89/95-IR(C-II)]

S. RAVISH ALI, Desk Officer

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVT. INDUSTRIAL TRIBUNAL, ASANSOL

Reference No. 47/95

PRESENT :

Shri R. S. Mishra, Presiding Officer

PARTIES :

Employers in relation to the management of Moria Colliery of M/s. E.C. Ltd.,

AND

Their Workmen

APPEARANCES :

For the Employer—Sri P. K. Das, Advocate.

For the Workmen—None.

INDUSTRY : Coal STATE : Bengal

Dated, the 7th July, 1997

AWARD

The Government of India in the Ministry of Labour in exercise of the powers conferred on them by clause (d) of sub-section (1) and sub-section (2A) of Section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 has referred the following dispute to this Tribunal for adjudication vide Ministry's Order No. L-22012/89/95-IR(C.II) dated 22-9-95.

"Whether the action of the management in denial of employment to the dependent son of Sh. Bairagi Ahir, voluntary retired ex-under ground loader of Moria Colliery under Bankola Area of M/s. ECL is justified or not ? If not, what relief the workman is entitled to ?"

2. Though the General Secretary of the union appeared on 4-3-97 and applied for time to file Written Statement, it is not ultimately filed. No other step is also taken by the union. Presumably the union is not interested in the dispute.

3. Hence 'No Dispute Award' is passed.

R. S. MISHRA, Presiding Officer

नई दिल्ली, 25 जुलाई, 1997

का. आ. 2108 :—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्र सरकार एफ. सी. आई. के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में, केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, धनबाद नं 2 के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 22-7-1997 को प्राप्त हुआ था।

[संख्या एल.-22012/17/95-आई. आर. (सी.-II)]

एस. रविश अली, डैस्क अधिकारी

New Delhi, the 25th July, 1997

S.O. 2108.—In pursuance of Section II of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award of the Central Government Industrial Tribunal, Dhanbad No. 2, as shown in the Annexure, in the industrial dispute between the employers in relation to the management of F.C.I. and their workman, which was received by the Central Government on 22-7-97.

[No. L-22012/17/95-IR (C-II)]

S. RAVISH ALI, Desk Officer

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL (No. 1) AT DHANBAD

PRESENT :

Shri T. Prasad, Presiding Officer

In the matter of an Industrial Dispute under Section 10(1)(d) of the I.D. Act., 1947.

Reference No. 94 of 1996

PARTIES :

Employers in relation to the management of F.C.I. Patna and their workmen.

APPEARANCES :

On behalf of the workmen—Shri V. Kumar, State Joint Secretary, F.C.I. Executive Staff., Union,

On behalf of the employers—Shri R. K. Mourya, DM Shri M .A. Raja, DM, IR.

STATE : Bihar. INDUSTRY : Food.

Dated. Dhanbad, the 7th July, 1997

AWARD

The Govt. of India, Ministry of Labour, in exercise of the powers conferred on them under Section 10(1)(d) of the I. D. Act, 1947 has referred the following dispute to this Tribunal for adjudication vide their Order No. L-22012/17/95-I.R. (C-II), dated, the 18th October, 1996.

SCHEDULE

"Whether the action of the management of Food Corporation of India, Patna in retrenching and denying the regularisation of the workman S/Shri Udai Kumar and 15 others from the date shown against their names in this dispute is justified and legal ? If not, what relief the workmen are entitled to ?"

LIST OF WORKMEN

	Name	Date of Employment	Date of retrenchment
1.	Shrif Udai Kumar	2.9.86	1.7.87
2.	" Baidya Nath Singh	1.9.86	1.7.87
3.	" Atish Kumar	1-9-86	1-7-87
4.	" Mahesh Pd. Singh	1.9.86	1.7.87
5.	" Bipul Kumar	1.9.86	1.2.88
6.	" Suryadeo Sharma	1.9.86	1.4.88
7.	" Umesh Kumar	1.7.87	1.6.88
8.	" Prem Kant	1.7.87	1.6.88
9.	" Sunil Kumar	1.7.87	1.6.88
10.	" Nagendra Kumar	3.10.87	1.11.88
11.	" Chandrasekhar Kumar	1.12.87	1.4.89
12.	" Sheo Kumar	1.6.88	1.4.89
13.	" Mano Kamna Sharma	2.4.88	1.4.89
14.	" Ramjee Singh	1.6.88	1.4.89
15.	" Pankaj Shrma	1.6.88	1.4.89
16.	" Rakesh Kumar	6/88	1.4.89

2. The workmen and the sponsoring union have appeared and filed W.S. stating therein that the workman whose names are given in the annexure of this W.S. were employed by the F.C.I. Management at F.S.D. Patahi under the District Manager, F.C.I. Muzaffarpur as casual Class IV workers and were performing the job of Watchman/ Messengar/Labourers to fill loose grains, sweeping the godowns and office and to provide water to the staff and other misc. jobs. They were also performing their jobs under the control and supervision of the management of the F.C.I. and their attendance was marked by the regular employees of the management but they were not allowed to put their signature in the attendance sheet only 'A' and 'P' were marked by the employees of the management. It was said that they were doing duties as per direction of the management since their date of employment but they were stopped from work from the dates shown against their names in the annexure all of a sudden without any notice, notice pay and compansation by the Assistant Depot Supdt. Patahi and order of the District Manager, F.C.I. Muzaffarpur.

3. It is further said that all the workmen have completed more than 240 days in 12 calendar months of regular work and they were entitled for protection under Section 25F of the I.D. Act., 1947 but the stoppage of work-cum-retrenchment were in violation of Section 25F of the I.D. Act and the same become void abinitio and for that they are entitled reinstatement with full back wages. It was also said that they were discharging their work as regular Class IV workmen of the management but they were getting very less payment of wages and without any other benefits as given to the regular employees. It was also said that a large number of such casual workers were regularised in the service by the management as Watchman in the year 1988 and were still being regularised but the case of the concerned workmen were not considered by the management. However, the services of a co-worker Shri Jagdish Mahato was regularised in the year 1994 but the legal and valid claim of the workmen were ignored by the management. It was also said that this matter of regularisation and the reinstatement of the workmen were taken up with the management by the sponsoring union and the workmen but nothing was done by the management. Thereafter a dispute was raised before the ALC(C) Patna, and the present case has been referred on the basis of the report submitted by the ALC(C) Patna was also that the action of the management of F.C.I. in retrenching and stopping work of the workmen without complying with the provision of Section 25F was void abinitio and they are entitled for their reinstatement and regularisation with full back wages, as such it is prayed that the Award be passed accordingly. A detailed list of the workmen have been given with the W.S.

4. The management of the F.C.I. have appeared and filed W.S. stating inter alia that the present reference is not maintainable and it is said that the concerned workmen have claimed themselves as workmen of the FCI Patahi Depot under the District Manager, FCI but from the perusal of payment voucher and Cash Book relating to F.S.D. Patahi it would be clear that none of the concerned workmen have worked during the period of their claim i.e. from September, 1986 to June, 1988. It is also said that the sponsoring union in connivance with the interested dealing clerk have manufactured some documents in collussion of the said dealing clerk and on the basis of these manufactured documents the workmen have raised the present dispute and the very basis of their case is based on fabricated documents and concocted facts.

5. It is further said that the F.S.D. Patahi was a temporary establishment which opened with effect from 1-6-78 in a rented building and was closed with effect from 30-6-89. The permanent workmen of the said depot who were transferred from other office and temporarily posted were transferred to the permanent post and there was one casual workman of F.S.D. Patahi whose services were terminated at the time of closure of temporary establishment. The said casual worker namely Jagdish Mahato had regularly worked in the establishment and his case was taken up for regularisation and the same has been regularised in the year 1994 and after regularisation of Shri Jagdish Mahato several attempts have been made by the sponsoring union to induct into employment the strangers to the management of FCI. A Writ Petition was also filed in the Hon'ble Patna High Court, Ranchi Bench on behalf of Upendra Kumar and Ramesh Kumar and the Writ Petition was C.W.J.C. 1967 of 1995 (R) and vide order dt. 15-7-96 the Hon'ble Court had accepted the contention of the management that industrial dispute was not maintainable even after a delay of 7 years. Likewise another Writ Petition was also filed by the sponsoring union number being C.W.J.C. 1947 of 1995 (R) and the same order was based in this Writ also and the prayer of the workmen were not allowed in raising the dispute after a delay of 7 years.

6. It is further said that the sponsoring Union has raised the present dispute for the workmen Udai Kumar and 15 others before the ALC(C) Patna and the union managed to get the reference made before the management could not file its W.S. and the present reference is made without proper application of mind by the competent authority and in view of the decision of Patna High Court, Ranchi Bench it is not maintainable in view of the aforesaid two C.W.J.Cs.

7. It is also said that after closure of the Industrial establishment no dispute under the I.D. Act, 1947 can be raised on the issue of regularisation of the workmen and the

temporary casuals appointed in a temporary establishment cannot demand regularisation after closure of the temporary establishment. It is also said that a casual worker having 240 days of attendance in a calendar year in a clause establishment is entitled for retrenchment compensation under Section 25F of the I.D. Act and the present case cannot come under the provision of Section 25F of the I.D. Act. As such it is submitted that the workmen are not entitled for relief as claimed and an Award be passed accordingly.

